RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 133
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता

विविध-11

# उत्तराखंड में धामी, गोवा में सावंत ही होंगे सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सत्ता विरोधी लहर को कुंद कर जीत दिलाने वाले मुख्यमंत्रियों पर भाजपा ने जताया भरोसा
- मणिपुर में बिरेन सिंह ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**उत्तराखंड** में पुष्कर सिंह धामी और गोवा में प्रमोद सावंत फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। दोनों ही राज्यों में इन नेताओं ने सत्ता विरोधी लहर और गुटबाजी पर काबू पाकर भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत से जीत दिलाई है। उत्तराखंड में खटीमा से अपनी हारने के बावजूद पार्टी ने धामी को मुख्यमंत्री के तौर पर बरकरार रखा है। सोमवार को दोनों राज्यों में हुई विधायक दल की बैठक में धामी और सावंत को मुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया। धामी बुधवार को उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एक दिन पहले पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के मुख्यमंत्री चुने गए बीरेन सिंह ने सोमवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।उत्तर-पूर्वी राज्य में भाजपा की लगातार जीत को 2014 से मोदी-सरकार की लुक-नॉर्थ-ईस्ट नीति की बड़ी सफलता और पूरे क्षेत्र में विकास पर मुहर के रूप में देखा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में सरकार गठन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 23 मार्च को लखनऊ का दौरा करेंगे और अगले दिन भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसके बाद 25 मार्च को योगी का शपथ ग्रहण होगा। गोवा और उत्तराखंड में सीएम उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के साथ, भाजपा ने उन चार राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन का काम पूरा कर लिया है, जहां वह विधानसभा चुनावों में सत्ता में लौटी थी। उत्तर प्रदेश में योगी मुख्यमंत्री के स्पष्ट दावेदार थे, लेकिन तीन अन्य राज्यों में सीएम के नामों को लेकर काफी भ्रम था, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित शीर्ष केंद्रीय नेताओं के बीच एक के बाद एक कई बैठकें हुईं। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद धामी ने कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और राज्य को विकास के पथ पर ले जाएंगे। गोवा में सीएम पद के दूसरे मजबूत दावेदार और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने विधायक दल के नेता के रूप में प्रमोद सावंत के नाम का प्रस्ताव रखा और इस प्रकार सावंत के दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस प्रतिक्रिया देते हुए 48 वर्षीय सावंत ने कहा कि मुझे खुशी है कि गोवा के लोगों ने मुझे स्वीकार किया है। मैं राज्य के विकास के लिए काम करने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा।

बीते 14 फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा ने 40 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत से सिर्फ एक कम 20 सीटें जीती थीं। इसे एमजीपी के दो विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिला है। कांग्रेस को महज 11 सीटों पर जीत मिली थी। उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए भाजपा विधायक दल की बैठक शाम लगभग 5 बजे शुरू हुई और इसमें उत्तराखंड के लिए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों राजनाथ सिंह, मीनाक्षी लेखी और राज्य के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी ने भाग लिया। उत्तराखंड में 46 वर्षीय धामी के नेतृत्व में भाजपा ने विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन 14 फरवरी को हुए मतदान में धामी अपनी सीट हार गए। इसके बावजूद वह मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में सबसे आगे थे। (शेष पेज 8)



पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



प्रमोद सावंत को शुभकामनाएं देते केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

## योगी मंत्रिमंडल में होगा मिशन 2024 पर फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- क्षेत्र तथा जातीय संतुलन को साधा जाएगा

**विधानसभा** चुनाव में प्रचंड बहुमत के बाद आगामी 25 मार्च को बनने वाली योगी सरकार में पिछली सरकार की अपेक्षा अधिक युवा तथा शिक्षित विधायकों को जगह मिलने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल में इस बार महिलाओं को भी अधिक संख्या में मंत्री पद मिलने तथा दलित तथा पिछड़ों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है। हालांकि योगी सरकार की दूसरी पारी में शामिल होने वाले मंत्रियों के नाम पर अभी भी गहन मंथन का दौर चल रहा है। प्रदेश की सत्ता पर लगातार दूसरी बार काबिज होने वाली भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य अब 2024 के लोकसभा चुनाव हैं। योगी मंत्रिमंडल के गठन में भी मिशन 2024 पर फोकस रहेगा। क्षेत्र तथा जातीय संतुलन साधा जाएगा।

विधानसभा चुनाव से पहले हुए योगी आदित्यनाथ और नरेन्द्र मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में दलित व पिछड़ों को मजबूती से जोड़ने के प्रयास किये गये थे, जिसे पार्टी आगे भी जारी रखना चाहती है। माना जा रहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दलित और पिछड़ों को तवज्जो की नीति जारी रहेगी। दलित और पिछड़ा वर्ग के विधायकों में बड़ी संख्या में मंत्री बनाए जा सकते हैं। इससे भाजपा के संदेश सबका साथ, सबका विकास को विस्तार भी मिलेगा। (शेष पेज 8)

## चीन में 132 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** का एक यात्री विमान दक्षिणी प्रांत गुआंगशी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि विमान में 132 लोग सवार थे। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के हवाले से लिखा है, चाइना ईस्टर्न एयरलाइन का बोइंग 737 विमान तेंगशियान काउंटी के वुझो शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के पहाड़ी इलाके में आग लग गई। विमान कुनमिंग से गुआनझो जा रहा था। सिविल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना (चीन का नागरिक उड्डयन विभाग) की वेबसाइट पर मौजूद सूचना के अनुसार, विमान में सवार 132 लोगों में 123 यात्री और चालक दल के नौ सदस्य थे। रिपोर्ट के अनुसार, कितने लोग हताहत हुए हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

क्षेत्रीय दमकल विभाग ने बताया कि वुझोउ दमकल विभाग ने 117 दमकल कर्मियों को 23 दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर भेजा है। उन्होंने बताया कि गुआंगशी के अन्य हिस्सों से और 538 दमकल कर्मियों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी छेन जी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और बचाव अभियान जारी है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबरों के अनुसार, विमानन कंपनी ने नौ दलों का गठन किया है जिनका काम विमान के मलबे का निस्तारण, दुर्घटना की जांच करना और पीड़ित परिवारों की मदद करना है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि विमान हादसे की खबर सुनकर वह हैरान हैं और व्यापक तलाशी तथा बचाव कार्य का आदेश दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद जारी निर्देशों में शी ने कहा कि कुनमिंग से गुआनझो जा रहे चाइना ईस्टर्न एयरलाइन के विमान एमयू5735 के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर वह हैरान है। उन्होंने तत्काल कार्वाई करते हुए विस्तृत खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। (शेष पेज 8)



दुर्घटना क्षेत्र में आसमान में उठता धुआं

## आप की पंजाब जीत के सूत्रधार राघव व संदीप जाएंगे राज्यसभा

- पार्टी की ओर से पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह समेत पांच उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के साथ आम आदमी पार्टी (आप) राज्यसभा में भी और मजबूती के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही है। पंजाब में जीत के सूत्रधार रहे दिल्ली के विधायक राघव चड्ढा और आईआईटी दिल्ली के सहायक प्रोफेसर संदीप पाठक सहित पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिक्षाविद अशोक कुमार मित्तल और व्यवसायी संजीव अरोड़ा को आप ने पंजाब से राज्यसभा के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। पांचों उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। आप के ये सदस्य पंजाब से राज्यसभा के पांच सदस्यों सुखदेव सिंह ढींडसा (शिरोमणि अकाली दल), प्रताप सिंह बाजवा (कांग्रेस), श्वेत मलिक (भाजपा), नरेश गुजराल (शिरोमणि अकाली दल) और शमशेर सिंह दुल्लो (कांग्रेस) की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो रहा है। हरभजन सिंह भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हैं, जबकि मित्तल फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के संस्थापक हैं। (शेष पेज 8)



एक साथ चित्र खिंचाते आम आदमी पार्टी के पांचों राज्यसभा प्रत्याशी

### असम की दो सीटों पर तीन उम्मीदवारों की दावेदारी

**गुवाहाटी।** असम से राज्यसभा की दो सीटों के लिए भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन से दो तथा संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस के एक सदस्य,कुल मिला कर तीन लोगों ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इन सीटों के लिए मतदान 31मार्च को होगा। (शेष पेज 8)

## भारत-ऑस्ट्रेलिया का यूक्रेन-रूस युद्ध शीघ्र रोकने का आह्वान

**भाषा।** नई दिल्ली

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन से वार्ता की

**विदेश** सचिव श्रृंगला ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन यूक्रेन संकट पर भारत के रुख को समझते हैं तथा मॉरिसन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि यूरोप में हो रहा संघर्ष हिन्द-प्रशांत क्षेत्र से अपना ध्यान भटकाने का कारण नहीं होना चाहिए। श्रृंगला ने कहा कि वार्ता के दौरान यूक्रेन के मौजूदा मानवीय हालात और संघर्ष को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई और दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने यूक्रेन में हिंसा को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों का मानना है कि यूरोप में जारी संघर्ष हम लोगों के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र से ध्यान भटकाने का कारण नहीं बनना चाहिए।

मोदी और मॉरिसन के बीच डिजिटल शिखर बैठक के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष और मानवीय हालात पर भी चर्चा हुई। विदेश सचिव श्रृंगला ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मॉरिसन ने यूक्रेन संकट पर भारत के रुख को समझने की बात कही है।

गौरतलब है कि अपने क्वाड साझेदारों (अमेरिका,जापान और ऑस्ट्रेलिया) के उलट भारत ने यूक्रेन में जारी रूसी हमले की निंदा नहीं की है और भारत लगातार कहता रहा है कि इस संकट का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए किया जाना चाहिए। श्रृंगला ने यह भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने पारस्परिक हितों वाले क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद को लेकर भी चिंता जताई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भारत के अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी (शेष पेज 8)

## ईडी ने ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक से की आठ घंटे पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से संबद्ध धन शोधन के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी से सोमवार को आठ घंटे तक पूछताछ की। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (34) केन्द्रीय जांच एजेंसी के नए कार्यालय में सुबह करीब 11 बजे गए थे और रात आठ बजे से कुछ पहले उन्हें बाहर निकलते देखा गया। बनर्जी के साथ उनके सुरक्षा कर्मी और कानूनी टीम थी। अधिकारियों ने बताया कि अभिषेक बनर्जी के बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए गए और जांचकर्ताओं द्वारा एकत्र किए गए कुछ सुबूतों के बारे में उनसे पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि मामले में उनकी भूमिका और अन्य आरोपियो से उनके संबंधों की जांच की जा रही है। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी से इस मामले में पिछले साल सितंबर में भी एक बार पूछताछ की गई थी।

## तीनों कृषि कानून निरस्त करने के खिलाफ थी सुप्रीम कोर्ट समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- रिपोर्ट में दावा, किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 85.7 फीसदी संगठनों ने किया था बिल का समर्थन

**तीन** कृषि कानूनों का अध्ययन करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने सोमवार को कहा कि 3.3 करोड़ से अधिक किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 85.7 फीसदी किसान संगठनों ने कानूनों का समर्थन किया था, जबकि सिर्फ 13.3 फीसदी हितधारक तीन कानूनों के पक्ष में नहीं थे। समिति के तीन सदस्यों में से एक सदस्य अनिल घनवट ने रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही। समिति ने अपनी सिफारिशों में कृषि कानूनों को निरस्त करने के खिलाफ सलाह देते हुए कहा था कि तीनों कृषि कानून किसानों के लिए फायदेमंद होंगे। कृषि कानूनों को रद्द करना या लंबे समय तक निलंबन उस मूक बहुमत के लिए अनुचित होगा जिन्होंने सुधारों का समर्थन किया था। पुणे के किसान नेता अनिल घनवट ने कहा कि उन्होंने तीन मौकों पर समिति की रिपोर्ट जारी करने के लिए उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने के कारण वह इसे खुद जारी कर रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में समिति के दो अन्य सदस्य अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी तथा कृषि अर्थशास्त्री प्रमोद कुमार जोशी मौजूद नहीं थे। समिति ने तीन कृषि कानूनों पर 19 मार्च 2021 को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं, जिसमें अन्य बातों के अलावा किसानों को सरकारी मंडियों के बाहर निजी कंपनियों को कृषि उपज बेचने की अनुमति देने की बात कही गई।

उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले पिछले साल 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त कर दिया था। (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,292 | ↓ | 571 | |
| निफ्टी | 17,118 | ↓ | 169 | |
| सोना | 51,408 | ↓ | 39 | /10g |
| चांदी | 67,961 | ↑ | 85 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### 125 वर्षीय योग गुरु पद्मश्री से सम्मानित

**नई दिल्ली।** 125 वर्षीय योग गुरु स्वामी सिवानंद जब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों पद्मश्री सम्मान लेने नंगे पैरों राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में पहुंचे तो वहां सभी लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका सम्मान किया। सोमवार को सम्मान प्राप्त करने से पहले सिवानंद ने जब राष्ट्रपति कोविंद और प्रधानमंत्री को नमस्कार किया तो एक बार फिर सभी ने उनके सम्मान में तालियां बजाईं। जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत हाथ जोड़ा और नतमस्तक हुए। सफेद धोती-कुर्ता पहने योग गुरु मंच पर पहुंचने से पहले दो बार फिर नतमस्तक हुए और राष्ट्रपति कोविंद ने आगे बढ़कर उन्हें सहारा दिया और उन्हें खड़ा किया। फिर राष्ट्रपति ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया।

## 18 से अधिक उम्र के सभी लोगों को बूस्टर डोज देने पर विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दुनिया भर में बढ़ रहे ओमीक्रोन बीए-2 वायरस संक्रमण के मामले

**एशिया** और यूरोप समेत विश्व के कई भागों में ओमीक्रोन बीए-2 वायरस संक्रमण मामलों में बढ़ोतरी से चिंता गहराने लगी है। कोविड संक्रमण बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय यात्रा को लेकर सामने आने वाली दिक्कतों के मद्देनजर सरकार 18 साल से अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों को कोविड-रोधी टीके की बूस्टर खुराक की अनुमति दिए जाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चा कर्मियों और 60 साल से अधिक आयु वाले लाभार्थियों को टीके की बूस्टर खुराक दी जा रही है। चाहे वह सरकारी केंद्रों में मुफ्त हो या निजी अस्पतालों में भुगतान किया गया हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या अन्य समूहों को मुफ्त में बूस्टर उपलब्ध कराया जाए। पिछले हफ्ते केंद्र ने राज्यों को कोविड की चौथी लहर को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने के लिए सचेत किया था। कोरोना की पिछली लहर में सबसे प्रभावित राज्य महाराष्ट्र इसको लेकर पहले से ही अलर्ट पर है। यह ऐसे समय में आया है जब आईआईटी कानपुर टीम की एक टीम ने आशंका जताई है कि देश में जून में चौथी कोविड लहर आ सकती है जो अगस्त में चरम पर होगी। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी जनता को कोरोना के समाप्त होने की भूल नहीं करने की चेतावनी दी है, क्योंकि दुनिया भर में बढ़ते मामले की एक झलक मात्र है।

# मार्च में जून जैसी गर्मी, हर तरफ बुरा हाल

**तसलीम अहमद।** नई दिल्ली

- विदर्भ के अकोला में देश में सबसे अधिक 41.1 तो मध्य प्रदेश के खरगौन में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान
- दिल्ली-एनसीआर में पारा 40 का अंक छूने के करीब, सप्ताह के अंत तक लू चलने की संभावना

**एनसीआर** समेत देश के ज्यादातर हिस्सों में मार्च में ही जून जैसी गर्मी पड़ने से बुरा हाल हो गया है। सोमवार को सबसे अधिक तापमान विदर्भ के अकोला में 41.1 और मध्य प्रदेश के खरगौन में 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नोएडा, गुरुग्राम फरीदाबाद, गाजियाबाद बीकानेर, आगरा समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस रहा। इन शहरों में इस सप्ताह के अंत तक पारा 40 डिग्री के पार चला जाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जब अधिकतम औसत तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है तो उसे लू माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान, झारखंड, पश्चिमी मध्य प्रदेश आदि क्षेत्र पिछले दो दिन से लू की चपेट में हैं। पश्चिमी मध्य प्रदेश में मंगलवार को भी लू चलने का पूर्वानुमान है।

देश के ज्यादातर हिस्सों में दिन और रात का तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ऊपर चल रहा है। इससे लोग बेहाल हैं और मार्च में भीषण गर्मी को लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब मीम शेयर कर रहे हैं। इस समय दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा में तापमान सामान्य तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। इसी प्रकार पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जम्मू, लद्दाख, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान आदि में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 से 5 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया। (शेष पेज 8)



प्रतीकात्मक चित्र

### रास में उठा मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में सोमवार को सदस्यों ने मार्च महीने से ही गर्मी का प्रकोप शुरू होने का मुद्दा उठाया और सरकार से एहतियाती दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। शून्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के विकास महात्मे ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा कुछ राज्यों में लू को लेकर जारी की गई चेतावनी का उल्लेख करते हुए कहा कि मार्च के महीने में ही लोग प्रचंड गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और किसान सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ चेतावनी जारी करना ही काफी नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह राज्यों को दिशा-निर्देश जारी करे कि उन्हें बचाव के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए। (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 मार्च 2022



# यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को जोड़ने का काम जल्द होगा प्रारंभ

## यूपी-हरियाणा के बीच आवागमन होगा और सुगम

- योजना पर खर्च होंगे 78 करोड़ रूपए
- 18 माह में होगा काम पूरा


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जल्दी जोड़ने का काम शुरू होगा। इसके लिए दनकौर के पास बनने वाले इंटरचेंज का रास्ता सात अप्रैल को साफ हो जाएगा। यह इंटरचेंज यमुना एक्सप्रेसवे पर जगनपुर अफजलपुर गांवों के सामने बनाया जाना है। दरअसल, किसानों को अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिलने के चलते यह काम अटका हुआ है। हालांकि, इस इंटरचेंज की टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है।

यमुना एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनाने की योजना कई साल पुरानी है। यह इंटरचेंज ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट से करीब नौ किलोमीटर की दूरी पर जगनपुर अफजलपुर के पास बनना है। यहीं पर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे यमुना एक्सप्रेसवे को पार करता है। यमुना प्राधिकरण ने यहां पर इंटरचेंज बनाने की योजना तीन साल पहले बनाई थी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई। देवयस कंपनी को यह काम मिला है। इस पर करीब 76 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 18 महीने में यह निर्माण कार्य पूरा होना है, लेकिन यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसान अतिरिक्त 64.7 प्रतिशत मुआवजा लेने के लिए अदालत में मुकदमा लड़ रहे हैं। किसानों ने कहा कि जब तक अदालत का फैसला नहीं आएगा तब तक इंटरचेंज बनाने के लिए जमीन नहीं देंगे।

इस इंटरचेंज में दो उतरने और दो चढ़ने के रैंप बनाए जाएंगे। जिनके जरिए दोनों एक्सप्रेसवे जुड़ जाएंगे। साथ ही दो-दो अलग रैंप भी बनेंगे। इसके लिए करीब 54 हेक्टेयर जमीन चाहिए। इस जमीन पर पहले से ही प्राधिकरण का कब्जा है लेकिन किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिला है। अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिलने से इंटरचेंज का काम अटका हुआ है। अतिरिक्त मुआवजा का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इसकी सुनवाई सात अप्रैल को है। उस दिन इस पर फैसला आने की उम्मीद है। फैसला आने के बाद यमुना प्राधिकरण किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देगा। इसके बाद इंटरचेंज बनने का रास्ता साफ हो जाएगा।

इस इंटरचेंज से लखनऊ, कानपुर, इटावा, आगरा, मथुरा, वृंदावन की ओर से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चढ़कर हरियाणा के पलवल, कुंडली, सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद और जयपुर की ओर आसानी से आ-जा सकेंगे। इसी तरह ईस्टर्न पेरिफेरल का ट्रैफिक यमुना एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल कर सकेगा। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच यातायात और सुगम हो जाएगा। दोनों बड़े महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे हैं। आपस में नहीं जुड़ने से लाखों वाहन रोजाना अच्छी सुविधा का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

# ग्रेनो वेस्ट वासियों को अब नहीं सताएगी गर्मी

## सेक्टर-123 में बने 400 केवी बिजली घर से 100 मेगावाट मिलेगी सप्लाई, तेजी से चल रहा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इस गर्मी में 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। इसके लिए कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा के सेक्टर-123 में एक 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है। जिससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और हाउसिंग सोसाइटी में 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। अफसरों का कहना है कि मई महीने के अंतिम सप्ताह से पहले बिजली सप्लाई करने की तैयारी की जा रही है।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के जीएम सारनाथ गांगुली ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-123 में 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है। वहां से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए 100 मेगावाट की बिजली सप्लाई की जाएगी। इस बिजली घर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी बिजली सप्लाई की जाएगी। गांगुली ने बताया कि एनपीसीएल द्वारा बिजली घर बनाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। बिजली सप्लाई करने से पहले कई विभागों से अनुमति लेनी होती है। नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सरकार से भी कई प्रकार की परमिशन लेनी पड़ती है। एनपीसीएल ने सभी परमिशन को ले लिया है और बिजली घर बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि अब हम इंतजार कर रहे हैं कि यूपीपीटीसीएल यानी कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड टेंडर्स द्वारा काम शुरू किया जाए और बाकी सभी कार्यों को पूरा किया जाए।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यूपीपीटीसीएल द्वारा कुछ समय पहले कार्य रोक दिया गया था, लेकिन अब वह कार्य दोबारा से शुरू किया जा रहा है। जिम्मेदार एजेंसी ने बताया कि अधूरा कार्य मई महीने के अंतिम सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। जिसके बाद एनपीसीएल द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट को 100 मेगावाट की बिजली सप्लाई की जाएगी।

जीएम गांगुली ने बताया कि हमारी तरफ से सारे कार्य पूरा हो चुका है। बिजली घर बनकर पूर्ण रुप से तैयार हो चुका है, लेकिन यूपीपीटीसीएल द्वारा कुछ कार्य बाकी है। जिसके पूरा होते ही बिजली सप्लाई की जाएगी। इस बिजलीघर के चालू होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा की लाखों जनता को बहुत बड़ा फायदा होगा। लोगों को गर्मी से पहले एनपीसीएल की तरफ से यह बड़ा तोहफा साबित होगा।


फाइल फोटो

## कुत्ते ने काटा तो पड़ोसी को घोंप दी कैंची, मौत

गाजियाबाद। इंदिरापुरम में कुत्ते को ब्लेड मारने से गुस्साए उसके मालिक ने कैंची घोंपकर हमलावर का ही कत्ल कर दिया। मृतक और आरोपी दोनों पड़ोसी थे। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

मुस्तकीम और छत्रपाल दोनों ही इंदिरापुरम के शक्ति खंड-2 की झुग्गियों में रहते हैं। पुलिस का कहना है कि मुस्तकीम शराब पीने का आदी था और छत्रपाल का परिचित था। पूर्व में मुस्तकीम एक रोज छत्रपाल के घर गया था, जहां पर उसे छत्रपाल के पालतू कुत्ते ने काट लिया था। इसको लेकर मुस्तकीम की छत्रपाल से नोंकझोंक हो गई थी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात मुस्तकीम शराब के नशे में छत्रपाल के घर पहुंचा और उसके पालतू कुत्ते को ब्लेड मार दिया। इसी बात को लेकर दोनों का झगड़ा हो गया। इसी दौरान तैश में आकर छत्रपाल ने मुस्तकीम के सीने में कैंची घोंप दी।

## बुजुर्ग के पैर छूकर ले गए सोने का कंगन

नोएडा। शहर में एक अजीबोगरीब मामला आया है। जहां 2 शातिर ठगों ने पहले एक बुजुर्ग महिला के पैर छुए और फिर उनके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-29 में रहने वाली नेमी रावत पत्नी शहीद बीएस रावत ने थाना सेक्टर-39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह भारद्वाज अस्पताल के पास से गुजर रही थी। तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए। दोनों ने उनके पैर छुए। दोनों ने कहा कि वे पुलिसकर्मी हैं। पीड़िता के अनुसार दोनों युवकों ने कहा कि लूटपाट के चलते पुलिस अधिकारियों ने आदेश दिया है कि जो भी बुजुर्ग महिला गहने पहनकर जा रही हो, उनके गहने उतरवा कर लिफाफे में रख दिया जाए। दोनों कथित पुलिस कर्मियों ने उनके हाथ में कंगन जिसका वजन करीब 40 ग्राम था, उतरवा लिया और असली की जगह नकली कंगन पकड़ाकर चले गए।


मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़।

## मंदिर में तोड़फोड़ की जांच शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर के एक गांव में सोमवार सुबह एक मंदिर के अंदर भगवान की मूर्ति क्षतिग्रस्त पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (मध्य नोएडा) हरीश चंदर ने बताया कि स्थानीय पुलिस को बहलोलपुर गांव में एक शिव मंदिर के अंदर तोड़फोड़ के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने कहा, फोरेंसिक विशेषज्ञों और श्वान दस्ता के साथ पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पहुंची, जहां एक मूर्ति क्षतिग्रस्त हालत में मिली। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) इला मारन ने बताया, घटनास्थल पर खून के धब्बे भी मिले हैं, जो प्रथम दृष्टया मानव रक्त की तरह दिखते हैं। जाहिर है, शीशे के आवरण में रखी मूर्ति को निकालने के लिए जिस व्यक्ति ने शीशा तोड़ा होगा उसे चोट लग गई होगी और उसका खून गिर गया होगा।

डीसीपी चंदर ने कहा कि पुलिस मामले में हर दृष्टिकोण से जांच कर रही है और इस अफवाह का खंडन किया कि मंदिर परिसर के अंदर मांस का एक टुकड़ा भी पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मंदिर के पुजारी से भी संपर्क किया है, जो रात में अपने घर चला गया था और सुबह मंदिर आने पर उसने तोड़फोड़ देखी।

डीसीपी ने कहा, घटना के समय मंदिर के पुजारी को बंधक बनाए जाने

## 100 करोड़ की ठगी में दो बिल्डर गिरफ्तार

गाजियाबाद। रेड एप्पल सोसाइटी में फ्लैट देने का झांसा देकर 100 करोड़ से अधिक की ठगी करने के आरोप में नंदग्राम पुलिस ने आईडिया बिल्डर्स के दो मालिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कई कंपनियां बनाकर लोगों के साथ ठगी की थी। आरोपियों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

नंदग्राम थाना एसएचओ अमित काकरना ने बताया कि फ्लैट देने के नाम पर ठगी करने के आरोप में फरार चल रहे मंजू जे इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, एप्पल सोसाइटी, आईडिया बिल्डर्स और मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड के मालिकों सी.10 थर्ड फ्लोर रामप्रस्थ थाना लिंक रोड निवासी प्रतीक जैन तथा अक्षय जैन को गिरफ्तार किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दो किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार



नोएडा। जनपद के फेस-2 थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला के पास से दो किलोग्राम गांजा बरामद किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार पर सेक्टर 81 के पास मनीषा को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने कहा कि वह काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा बेचने के धंधे में संलिप्त थी। कुमार ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इसके गैंग में कौन-कौन लोग शामिल हैं। वह बिहार के नालंदा जिले के सलारपुर गांव की निवासी है।


अभियान के दौरान एक बाईक सवार का चालान काटता पुलिसकर्मी।

## यातायात उल्लंघन पर काटे 3,677 चालान

नोएडा। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 3,677 वाहन चालकों का ई-चालान किया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) गणेश पी शाहा ने बताया कि गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार यातायात पुलिस एवं नागरिक पुलिस ने यातायात नियमों को तोड़ने वाले 3,677 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की। शाहा ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान पुलिस द्वारा सभी चौराहों एवं अन्य मुख्य स्थानों पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, विपरीत दिशा में गाड़ी चलाने, गलत नंबर प्लेट, लालबत्ती का उल्लंघन करने, वायु प्रदूषण, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की जा रही है, जिससे वे स्वयं का और अपने परिवार को सड़क हादसे का शिकार होने के बचा सके।

## इमारत से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू-2 सोसाइटी की 20वीं मंजिल की बालकनी से फिसलकर बुजुर्ग महिला गिर गई। इससे महिला की मौत हो गई। बुजुर्ग महिला डिप्रेशन में थी। थाना बिसरख पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी-2 के गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू-2 सोसाइटी में उषा शर्मा पत्नी स्वर्गीय रमेश चंद्र जोशी 76 अपने परिवार के साथ रहती थीं। उनके बेटे नीरज जोशी ने बताया कि उनकी मां रविवार सुबह 20वीं मंजिल की बालकनी से फिसलकर गिर गईं। इससे उनकी मौत हो गई। देखते ही देखते वहां चीख-पुकार मच गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों से पता चला है कि महिला डिप्रेशन में रहती थी। उसका इलाज चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गाजियाबाद की बेटी ने किया देश का नाम रोशन

## विश्वस्तरीय वूलमार्क परफारमेंस चैलेंज प्रतियोगिता की पहली भारतीय विजेता बनीं

- गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष कपड़े की डिजाइन कर दिखाया हुनर

अजीत तिवारी। गाजियाबाद



देश होली के रंगों में सराबोर हो रहा था उस समय पेरिस में गाजियाबाद की बेटी हरलीन कौर अपनी प्रतिभा से विश्व स्तरीय वूलमार्क परफारमेंस चैलेंज प्रतियोगिता में देश का परचम फहरा रही थी। इस प्रतियोगिता में जीतने वाली हरलीन पहली भारतीय हैं।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 17 मार्च को वूलमार्क परफारमेंस चैलेंज के फाइनल गाजियाबाद की बेटी हरलीन कौर ने अंतिम 12 और उसके बाद 4 विजयी प्रतियोगियों में नाम शामिल करने क साथ ही इतिहास रच दिया। इंदिरापुरम के अहिंसा खंड में रहने वाली हरलीन दिल्ली के पर्ल एकेडमी से फैशन डिजाइनिंग कोर्स की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। 20 मार्च को पेरिस से भारत लौटने पर हरलीन ने बताया कि उसे विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में भारत के लिए जीतना गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि इससे पहले कोई भी भारतीय यह प्रतियोगिता नहीं जी सका था।

उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए उनके द्वारा डिजाइन किया ड्रेस पैनल में मौजूद जजों को बेहद पसंद आया। इतना ही नहीं हरलीन के द्वारा तैयार किए गए ड्रेस को स्विट्जरलैंड की कंपनी ऑन रनिंग ने हाथों हाथ लेते हुए इसके लिए करार किया है ताकि इसे सही तरीके से पूरी दुनिया के मार्केट में उतारा जा सके। इसके लिए हरलीन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में इंटर्नशिप के लिए जाएंगी।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ह्यूगो बॉस के पीटर बोनाब, सलीना जॉन्सन, मार्क एंड क्लाइव, ईवा एंड कैरोल, लुईस डी बीओएस, जेपी रूनेन और जेम्स थॉमसन जैसे विश्व प्रसिद्ध डिजाइनर शामिल थे। हरलीन ने इस सफलता के लिए मां हरप्रीत कौर, पिता जेपी सिंह और शिक्षकों को श्रेय दिया।

हरलीन ने बताया कि मां हरप्रीत कौर एक बार बातों के दौरान उन्होंने कहा था कि गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष तरह के कपड़े नहीं होने के कारण उनको ऐसे में तकलीफ होती है, वहीं से गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष तरह के कपड़े बनाने का आइडिया आया था।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank — शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय छंगानी/आरती अजय छंगानी/ LBGUR00002093045/ LBGUR00002095571 | 1404 14वीं मंजिल, टावर एन, पाम ड्राइव सेक्टर-66 हरियाणा गुड़गांव 122001, पार्किंग स्पेस यू-एन-13 और एल-एन-13 के साथ/ 17 मार्च 2022 | जून 16, 2021 ₹ 1,44,95,282/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | विजय वशिष्ठ/ अनीता वशिष्ठ/ LBGUR00005047804/ LBGUR00005146076 | प्लॉट नंबर 20, पहली और दूसरी मंजिल की आवासीय इकाई जिसे डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स कहा जाता है, रोड नंबर यू -25 डीएलएफ सिटी फेज 3, गुड़गांव/ 17 मार्च 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 71,53,124/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रूपिंदर कौर/ अमरदीप सिंह चुघ/ एबीएम ट्रेवल्स एंड टूर्स प्राइवेट लिमिटेड/ बलवंत सिंह चुघ/ LBDEL00003164145/ LBDEL00003164146 | फ्लैट नंबर बी4/804, 7वीं मंजिल, टावर-बी, सहारा ग्रेस, एमजी रोड, गुड़गांव, हरियाणा/ 17 मार्च 2022 | अगस्त 17, 2021 ₹ 2,67,50,363/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | अमित कुमरा/ नेहा अरोड़ा/ LBGUR00003112948 | फ्लैट नंबर 1004, 10वीं मंजिल, वाणिज्यिक परिसर, बानी सिटी सेंटर, सेक्टर 63 गुड़गांव, हरियाणा / 17 मार्च, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 54,34,777/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 22, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**GOVT. OF BIHAR**
**OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER,**
**BIHAR B BHAWAN, NEW DELHI**

**No 177 / Dated 21/03/2022**

**Short Notice inviting Quotation**

The reputed firms are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi for the year 2022-2025 Quotation will be submitted up to 31-03-2022 till 3:00 pm and opened on 31-03-2022 at 3:30 pm at the office of the Resident Engineer, Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration, GST, PAN No. and authorization of firm paper here enclosed. Details of items list can be obtained form the office of the Resident Engineer, Bihar Bhawan, New Delhi.

| S. No | Particulars |
|---|---|
| 1. | AMC work of Window and split A.C Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 2. | AMC with part of R.O Machine of Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 3. | AMC work of CCTV camera and Boom Barrier of Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 4. | AMC work of GYM Equipment in Gymnasium of Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 5. | Refilling of fire Extinguisher of Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 6. | Fire fighting and springier system at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 7. | Anti termite treatment of Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 8. | Pest and rodent control work in Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 9. | Supply of Plumber, carpenter, Electrician, Helper, Generator operator, Pump Operator, Computer Operator, Sewel Man, Lift oprator, Gym Trainer, Car Driver etc. for Bihar bhawan and bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 10. | AMC of Door Cencer locks at Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2022-23 |

Sd/-
**Executive Engineer-Cum Resident Engineer**
**Bihar Bhawan, New Delhi**



**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that Smt. Munesh Devi W/o Late L/NK Rajendra Singh R/o V&P.O. Khera, Near Police Station, Distt. Bhagpat (U.P.) is owner in possesstion of residential property bearing Flat No. 389, Second Floor, Block-C, Vijay Awas Yojna, CV Block, Sec.-18, Dwarka, New Delhi-110078, has lost original documents, viz Allotment Letter, Possession Letter and Registration Paper pertaining to the aforementioned property. Having regard to the loss of Original Documents General Public is hereby cautioned and advised to desist from entering into any Transaction/Dealing in any manner in respect of aforesaid property on the basis of lost original documents referred above and shall be doing so at his/her/their own cost, risk and peril.

-sd-
Milind M. Bhardwaj
Advocate
807, Lawyers Chamber,
Patiala House Courts,
New Delhi-110 001.
Mob.: 9818331266
E-mail: milindmadhab@yahoo.co.in
Dated: 19.03.2022



**NOTICE**

Smt. Ranjit Kaur and Sh. Jaspreet Singh have resigned from partnership Firm M/s ONE PLUS: J– 77, Main Market, Rajouri Garden, New Delhi–110027 on closing of 18.01.2022 and the continuing partner Mr. Kanwarjeet Singh has admitted Mr. Gurkirat Singh as partner in the firm w.e.f. 19.01.2022



**क्रिएटिवलैंड एशिया प्रा. लि.**
**पते में परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **मेसर्स क्रिएटिवलैंड एशिया प्रा. लि.** ने अपने कार्यालय परिसर जिसका क्रमांक है FOF B 8 से 10 और FOF B 10A, और जो दोनों ही आर्ट गिल्ड हाउज़, एलबीएस मार्ग, कुर्ला, मुंबई ("उक्त कार्यालय परिसर") स्थित हैं, उनका शांत तथा रिक्त कब्ज़ा **मेसर्स ऑफ़बीट डेवलपर्स प्रा. लि.** को दे दिया है, इसलिए, **मेसर्स क्रिएटिवलैंड एशिया प्रा. लि.** के पास उक्त कार्यालय परिसर का अब कोई कब्ज़ा नहीं है. इसे ध्यान में रखते हुए, उक्त कार्यालय परिसर के पते पर **मेसर्स क्रिएटिवलैंड एशिया प्रा. लि.** से कोई भी पत्र व्यवहार ना किया जाए.

**मेसर्स क्रिएटिवलैंड एशिया प्रा. लि.** ने अपने कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया है और अपने रजिस्टर्ड पते को आर्ट गिल्ड हाउज़, एलबीएस मार्ग, कुर्ला, मुंबई स्थित FOF B 10A से बदलकर फ़्लैट नंबर 301, तीसरी मंज़िल, अविनाश हाउज़, 20th रोड, खार वेस्ट, मुंबई-400052 ("नया पता") कर दिया है. भविष्य में सभी पत्र व्यवहार, सेवाएं आदि नए पते पर भेजी जानी चाहिए. अधिक जानकारी के लिए कृपया अधोहस्ताक्षारित से संपर्क करें.
रूपलकुमार शेठ, फाइनांस डाइरेक्टर, 17 मार्च 2022.



**SBFC**
**SBFC Finance Pvt. Ltd.**
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक **26 मार्च 2022** को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद जनपद शाखा: D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरुग्राम जनपद शाखा पहली मंजिल, प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाष नगर, नई रेलवे रोड, गुरुग्राम 122001,गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर, वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा – 201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Faridabad:** AP00086255,AP00131740,AP00151584,AP00153595,AP00173329,AP00182942,AP00183054, AP00187732,AP00193594,AP00193733,AP00194699,AP00213297,AP00248069,AP00256793,AP00274977, AP00281617,AP00291199,AP00304238,AP00311006,AP00320560,AP00329546,AP00329742,AP00345948, AP00359781,AP00364087,AP00390917,AP00397744 **Gurugram:** AP00006996,AP00093994,AP00142922, AP00164767,AP00180325,AP00185858,AP00187658,AP00194850,AP00213205,AP00213294,AP00307768, AP00362937,AP00369589,AP00376960,AP00392761,AP00392833 **Lajpat Nagar:** AP00106058,AP00380781, AP00386121,AP00406610 **Rohini**,AP00174264,AP00248839,AP00269447,AP00307264,AP00322758, Ap00392474 **Tughlakabad**,AP00066219,AP00076476,AP00193535,AP00309178,AP00345995,AP00357724, AP00362941,AP00372141,AP00376772,AP00377190 **Ghaziabad:**AP00326680,AP00351724 **Hapur**,AP00339996,AP00362484,AP00376663,AP00377426,AP00391157 **Noida**,AP00333764,AP00337470, AP00345430,AP00352435,AP00391778,AP00392511,AP00401855

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मई में खुल जाएगी प्रगति मैदान की सुरंग

## निर्माण कार्य लगभग पूरा, डिप्टी सीएम सिसोदिया ने किया निरीक्षण

● प्रतिदिन हजारों लोगों को मिलेगी जाम से निजात, धूल प्रदूषण भी होगा कम



सोमवार को प्रगति मैदान सुरंग एवं सड़क के गलियारे का अधिकारियों संग निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

**संजय राय।** नई दिल्ली

भैरो मार्ग व मथुरा रोड और रिंग रोड पर एक महीने बाद जाम से निजात मिलेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को प्रगति मैदान सुरंग एवं सड़क गलियारा परियोजना का निरीक्षण करने के बाद कहा कि मई में प्रगति मैदान सुरंग को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। सिसोदिया ने ट्वीटर पर फोटो साझा कर इसकी जानकारी दी है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने प्रगति मैदान, भैंरो मार्ग, मथुरा रोड और रिंग रोड के आसपास की सड़क एवं सुरंग के निर्माण की समीक्षा की। इस गलियारे से शुरु होने पर रिंग रोड और इंडिया गेट एवं उसके आसपास यातायात सुगम हो जाएगा। यह (निर्माण) कार्य करीब करीब पूरा हो गया है और वह एक महीने में आम लोगों के लिए खोले जाने के लिए तैयार हो जाएगा। अंडर पास की दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी उकेरी गई है। सिसोदिया लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रभारी भी हैं।

इस महीने के शुश्र में उन्होंने इस परियोजना पर विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी एवं उन्हें निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि इसे मई में खोल दिया जाएगा। इस परियोजना के तहत पीडब्ल्यूडी 777 करोड़ रूपए की लागत से 1.2 किलोमीटर लंबी सुरंग तथा छह अंडरपास का निर्माण कर रहा है।

यह सुरंग पुराना किला रोड के पास भारतीय राष्ट्रीय खेलकूद परिसर (एनएससीआई) से शुरु होगी तथा पुनर्विकसित प्रगति मैदान के नीचे से गुजरते हुए प्रगति मैदान बिजली केंद्र के पास रिंग रोड पर उसका समापन होगा। मार्च 2018 में इस सुरंग का निर्माण कार्य शुरू हुआ था।

सुरंग के अंदर के वाहनों का प्रदूषण दूर करने के लिए विदेशी एग्जास्ट फैन लगाए गए हैं। ये फैन सुरंग से गुजरने वाले वाहनों की प्रदूषित हवा को बाहर निकालेंगे। निगरानी के लिए 128 सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। साथ ही वाहनों के खराब होने पर उसे बाहर ले जाने की भी व्यवस्था होगी।



### आकर्षक पेटिंग, स्मार्ट लाइटिंग

सुरंग के अंदर रोशनी के लिए स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। इसके तहत सुरंग के अंदर प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले भागों पर दिन के समय अधिक रोशनी रहेगी। जितना अंदर बढ़ेंगे तो रोशनी कुछ कम होती जाएगी और सामान्य दिन जैसा माहौल रहेगा। रोशनी इतनी ही रहेगी कि आंखों को परेशानी नहीं हो। रात के समय सुरंग में स्ट्रीट लाइटों वाली रोशनी रहेगी। इसके रिंग रोड और पुराना किला दोनों भाग पर दो कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं और इनके पास दो भूमिगत टैंक बनाए गए हैं। जिनमें हर समय चार लाख लीटर पानी उपलब्ध रहेगा, जो फायर फाइटिंग सिस्टम के माध्यम से कुछ समय के अंदर ही आग वाले स्थान पर पहुंच सकेगा।

**बचेंगे 15 से 20 मिनट :** यह परियोजना प्रगति मैदान पुनर्विकास योजना के तहत अस्तित्व में आई है। इसके पूरा होने से आइटीओ इलाके में जाम से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। इंडिया गेट से रिंग रोड पर आने जाने वाले वाहन चालक इस सुरंग सड़क का उपयोग कर सकेंगे। इसके शुरू हो जाने पर इंडिया गेट, अशोक रोड और मंडी हाउस की ओर से यमुनापार आने जाने के लिए लोग इसका उपयोग कर सकेंगे। इससे वाहन चालकों को 15 से 20 मिनट समय की बचत होगी।

# प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग जैव ईंधन का करें प्रयोग : आयोग

● जैव ईंधन वाले बॉयलर के लिए अधिकतम मान्य उत्सर्जन मानक 80 मिग्रा प्रति क्यूबिकमीटर होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसे उद्योग जहां पीएनजी के लिए बुनियादी ढांचा और आपूर्ति उपलब्ध नहीं है, उन्हें साल के अंत तक पूरी तरह से जैव ईंधन का इस्तेमाल करें।
आयोग ने यह भी कहा है कि जैव ईंधन वाले बॉयलर को लेकर पार्टिकुलेट मैटर (अति सूक्ष्म कण) के लिए अधिकतम मान्य उत्सर्जन मानक 80 मिलीग्राम प्रति क्यूबिक मीटर होना चाहिए।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के नए निर्देशों में कहा गया है हालांकि, ऐसे उद्योग अपनी तकनीकी आवश्यकताओं के आधार पर उपयुक्त प्रौद्योगिकी उन्नयन और आवश्यक वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना के जरिए 50 मिलीग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के उत्सर्जन स्तर का लक्ष्य रखेंगे।

नियमित आधार पर कृषि अवशेषों, जैव ईंधन के उपयोग की तरफ बढ़ते समय, एनसीआर में ऐसे सभी उद्योगों को अतिरिक्त शर्तों के साथ संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से परिचालन के लिए आवेदन करना होगा और मंजूरी लेनी होगी। विशेष रूप से अति सूक्ष्म कण के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए जैव ईंधन और उत्सर्जन मानकों के निर्धारित स्तर का पालन करना होगा।

आयोग ने पूर्व में एनसीआर में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) या स्वच्छ ईंधन का उपयोग नहीं करने वाले उद्योगों के संचालन को सप्ताह में केवल पांच दिन तक सीमित कर दिया था। बाद में आयोग को पीएनजी के अलावा जैव ईंधन के उपयोग की अनुमति को लेकर विभिन्न संगठनों, एसोसिएशन और लोगों से आवेदन मिले, जिसमें कहा गया कि जैव ईंधन कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन की तुलना में अधिक पर्यावरण के अनुकूल हैं।

सीएक्यूएम ने कहा कि वर्तमान में बॉयलर संचालन के लिए जैव ईंधन का इस्तेमाल करने वाले उद्योगों से पीएम उत्सर्जन के विश्लेषण से संकेत मिलता है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में जैव ईंधन पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, डीजल तेल की तुलना में बहुत बेहतर है।

### क्लस्टर बस में लगी आग कोई जख्मी नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के कंझावला इलाके में एक क्लस्टर बस में आग लग गई। इस आगजनी में कोई जख्मी नहीं हुआ। दमकल की दो गाड़ियों ने आग को काबू किया। आग लगने के स्पष्ट कारण का पता नहीं चल सका है। आशंका है कि शार्टसर्किट की वजह से अग लगी थी।

दमकल विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह सुबह साढ़े आठ बजे क्लस्टर बस में आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके दो दमकल गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर सुबह नौ बजे के आसपास काबू पा लिया गया और इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# हेल्पलाईन नंबर जारी करना दिखावा : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर निशानासाधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप वर्ष 2013 में जब से सत्ता में आई है, राजधानी में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है।

मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्ली में पूरी तरह भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करके पंजाब में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस पर हेल्पलाईन नम्बर जारी कर रहे है, जो पूरी तरह लोगो को गुमराह करने वाला है। क्योंकि एक तरफ भ्रष्टाचार रोकने के लिए दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने विजिलेंस और एसीबी के साथ बैठक करके बड़ा अभियान चलाने पर विचार कर रहे है और दूसरी ओर उच्च न्यायालय घर-घर राशन वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार पर केजरीवाल कैसे रोक लगाऐगी, इसकी जवाबदेही मांग रही है। जो आम आदमी पार्टी और भाजपा के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे है।

# गर्मी बढ़ते ही सताने लगे हैं मच्छर

## डेंगू के 52, मलेरिया के चार और चिकुनगुनिया के आठ मामले आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



तापमान चढ़ने के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों का डर सता रहा है। दिल्ली में पिछले एक सप्ताह में डेंगू के चार नए मामले सामने आए हैं, जिससे शहर में डेंगू के कुल मामलों का आंकड़ा बढ़कर 52 हो गया है।

दिल्ली नगर निगम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस साल 12 मार्च तक डेंगू के 48 मामले सामने आए। पिछले एक सप्ताह में डेंगू के चार नए मामले सामने आए। इसके साथ ही, इस साल शहर में अब तक सामने आए डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। जनवरी में डेंगू के 23 मामले सामने आए थे, जबकि फरवरी में 16 और इस महीने 19 मार्च तक 13 मामले सामने आए हैं। पिछले साल व वर्ष 2020 में एक जनवरी से 19 मार्च के बीच डेंगू के छह मामले, वर्ष 2019 में पांच, वर्ष 2018 में 10 और वर्ष 2017 में नौ मामले सामने आए थे। मच्छर जनित रोगों के मामले आमतौर पर जुलाई और नवंबर के बीच ज्यादा सामने आते हैं, लेकिन यह अवधि दिसंबर के मध्य तक बढ़ सकती है। पिछले साल राजधानी में डेंगू के 9,613 मामले सामने आए थे, जो वर्ष 2015 के बाद से एक साल में सबसे अधिक थे। इसके अलावा 23 लोगों की मौत हुई थी।

एमसीडी के अनुसार, वर्ष 2021 से पहले, साल 2020 में डेंगू के कुल 1072 मामले मामले, साल 2019 में 2036 मामले, साल 2018 में 2,798 मामले, साल 2017 में 4,726 मामले और साल 2016 में 4,431 मामले सामने आए थे। वर्ष 2015 में डेंगू के मामलों की संख्या अक्टूबर में ही 10,600 को पार कर गई थी, जो वर्ष 1996 के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के मामलों की सबसे अधिक संख्या थी। दिल्ली में 2021 में डेंगू से मरने वालों की संख्या 2016 के बाद से सबसे अधिक थी।



नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में बैठक करते भाजपा नेता।

# द कश्मीर फाइल्स को किया जाए टैक्स फ्री : भाजपा

## विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री किया जाए। भाजपा विधायक दल ने मांग की है कि फिल्म को राजधानी में तुरंत कर मुक्त किया जाए। इस बारे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र भी लिखा गया है। भाजपा इस मुद्दे को विधानसभा के बजट सत्र में उठाएगा। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जहां पूरा देश द कश्मीर फाइल्स की सराहना कर रहा है क्योंकि इसमें कश्मीर की सच्चाई से देश दुनिया को अवगत कराया गया है। इस फिल्म ने उन लोगों की आंखों से भी पर्दा हटा दिया है जो कश्मीर से अब तक आंखें मूंदे बैठे हैं। अब तक कई राज्य इस फिल्म को कर मुक्त कर चुके हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सकें लेकिन दिल्ली सरकार ने अभी तक इसे टैक्स फ्री नहीं किया।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार जिन लोगों को तीर्थ यात्रा पर ले जा रही है, वे सभी लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। इसलिए फिल्म की फ्री स्क्रीनिंग का भी प्रबंध किया जाए। फिल्म को स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को भी दिखाया जाए ताकि उन्हें इतिहास के इस अनछुए पहलू की पूरी जानकारी मिल सके। विधायक दल की बैठक में यह भी कहा गया कि इस फिल्म को देखने के बाद जहां कश्मीरी पंडितों की वास्तविक स्थिति का ज्ञान होता है, वहीं यह भी सिद्ध होता है कि कश्मीर को इस स्थिति से निकालने के लिए अनुच्छेद-370 को हटाना कितना जरूरी था।

# आईजीआई पर यात्रियों की क्षमता बढ़ाकर की जाएगी 10 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



छोटे और बड़े शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए हुए नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को संसद में कहा कि देश के कई प्रमुख हवाई अड्डों का विस्तार किया जा रहा है और इसके तहत नई दिल्ली हवाई अड्डे की क्षमता मौजूदा सात करोड़ यात्रियों से बढ़ाकर 10 करोड़ यात्री की जाएगी।

सिंधिया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की इच्छा छोटे शहरों को बड़े नगरों के हवाई अड्डों से जोड़ने की है। लेकिन इसमें एक दिक्कत यह भी है कि बड़े शहरों के हवाई अड्डों की क्षमता का पूर्ण उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर कई बड़े शहरों के हवाई अड्डों का विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाए जाने के साथ ही जेवर में भी हवाई अड्डा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 तक जेवर में 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता के साथ पहला चरण शुरू होने जाने का अनुमान है।

### तालिबान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे पत्रकार के परिजन

**नई दिल्ली।** दिवंगत फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी के माता-पिता उसकी हत्या की जांच और तालिबान के उच्च-स्तरीय कमांडरों व नेताओं सहित जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाने के लिए उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू करेंगे।

सिद्दीकी (38) काम के सिलसिले में अफगानिस्तान में थे जब पिछले साल जुलाई में उनकी हत्या कर दी गई थी। परिवार ने एक बयान में कहा कि दानिश सिद्दीकी के माता-पिता अख्तर सिद्दीकी और शाहिदा अख्तर मंगलवार को उसकी हत्या की जांच और तालिबान के शीर्ष कमांडरों और नेताओं समेत उसकी हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे।

# भाड़ा तय करने को लेकर कैब चालकों का प्रदर्शन

## एमसीडी टोल टैक्स हटाने व ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं को तर्क संगत बनाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में एमसीडी टोल टैक्स को हटाने और ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं उबर और ओला द्वारा भाड़ा तय करने की प्रकिया को तर्कसंगत बनाने की मांग करते हुए कैब और पर्यटक टैक्सी चालकों ने जंतर मंतर पर सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में पर्यटक टैक्सी , ओला, उबर कैब और तिपहिया वाहनों के चालकों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि एनसीआर के शहरों से दिल्ली में प्रवेश करने पर लगने वाला एमसीडी टोल टैक्स, टैक्सी और कैब से न वसूला जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन कैब कंपनियां चालकों को भाड़े का बहुत कम हिस्सा देती हैं, जिसे दुरुस्त किया जाना चाहिए।

संयुक्त संघर्ष समिति के समन्वयक इंद्रजीत सिंह ने से कहा कि ऑनलाइन कैब कंपनियां मनमाने ढंग से भाड़ा तय करती हैं और चालकों को उसका बहुत कम हिस्सा देती हैं इसलिए सरकार को भाड़ा तय करने में हस्तक्षेप करना चाहिए।

उदाहरण के लिए, अगर किराया 100 रुपए है तो चालक को केवल 30 रुपए मिलते हैं और शेष कंपनी को जाता है। सिंह ने कहा. इस प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को कैब और टैक्सी चालकों को कम कीमत पर सीएनजी तथा जीवाश्म ईंधन उपलब्ध कराना चाहिए जैसा कि अन्य उद्योगों को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि महामारी से कैब और टैक्सी चालकों का बहुत नुकसान हुआ है और उद्योग अब भी उबर रहा है। इसलिए सरकार को कम कीमत पर ईंधन उपलब्ध करा कर उनकी मदद करनी चाहिए।

### आईईडी विस्फोट मामले में आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में रोहिणी अदालत परिसर में आईईडी विस्फोट के मामले में डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक भारत भूषण कटारिया के खिलाफ यहां की एक अदालत में आरोपपत्र दायर किया है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल करते हुए आरोप लगाया कि कटारिया ने 9 दिसंबर, 2021 को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रीतु राज, कमरा नंबर 102, रोहिणी अदालत परिसर में अपने प्रतिद्वंद्वी अमित वशिष्ठ को मारने के इरादे से जानबूझकर एक आईईडी रखा और रिमोट से उसमें विस्फोट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली दंगे : उमर खालिद की जमानत पर फैसला कल

**नई दिल्ली।** फरवरी 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली के दंगों के संबंध में वृहद षडयंत्र के मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर आदेश 23 मार्च तक के लिए टाल दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने बुधवार के लिए मामले को स्थगित करते हुए कहा कि आदेश तैयार नहीं है। उन्हें सोमवार को इस मामले में आदेश सुनाना था। अदालत ने खालिद और अभियोजन पक्ष की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद तीन मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी ने अदालत को बताया था कि अभियोजक के पास उनके खिलाफ अपने मामले को साबित करने के लिए सबूत नहीं हैं। खालिद और कई अन्य पर फरवरी 2020 को हुए दंगों के मास्टरमाइंड होने के लिए आतंकवाद रोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और 700 से अधिक घायल हो गए थे। नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान ये दंगे भड़के थे। खालिद के अलावा, कार्यकर्ता खालिद सैफी, जवाहरलाल नेहरू की छात्रा नताशा नरवाल और देवंगना कलीता, जामिया समन्वय समिति के सदस्य सफूरा जरगार, आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य पर मामले में सख्त कानन के तहत मामले दर्ज किए गए।

### शनिवार और रविवार भी खुलेंगे संपत्ति कर कार्यालय

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त विकास आनंद ने कहा है कि संपत्ति करदाताओं की सुविधा और संपत्ति कर की वसूली के तय लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सभी संपत्ति कर कार्यालय 31 मार्च तक शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे। ये दफ्तर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुले रहेंगे। संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च है। आनंद ने सभी संपत्ति करदाताओं से अनुरोध किया है कि वे अपना देय संपत्ति कर तय तारीख तक जरूर जमा करा दें।

### कोरोना के 108 नए मामले, संक्रमण दर 0.49 फीसदी

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के 108 नए मरीज मिले जबकि संक्रमण दर 0.49 फीसदी दर्ज की गई। इसके साथ कोविड के कुल मामले 18,63,899 पहुंच गए हैं। मृतक संख्या 26,147 पर स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को 97 मामले आए थे और संक्रमण का 0.41 प्रतिशत दर्ज की गई थी और एक मरीज की मौत हुई थी। शुक्रवार को 140 मामले आए थे और संक्रमण दर 0.43 फीसदी थी और किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई थी। दिल्ली में 13 जनवरी के बाद से नए मामलों की संख्या कम हो रही है।

### विधानसभा के बाहर कल प्रदर्शन करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा दिल्ली की समस्याओं को लेकर 23 मार्च को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बर्खास्त करना शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि खुद को दिल्ली का बेटा कहने वाले केजरीवाल ने पंजाब चुनाव से पहले 1000 रुपये महिलाओं को प्रतिमाह भत्ता देने की बात कही थी और दिल्ली में आंगनबड़ी महिलाओं को बर्खास्त करने का काम कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही एलजी के समक्ष मामले को उठाएगा।

# सीएम ने संभाली कमान, इस बार नहीं होगा जलभराव

## केजरीवाल ने की ड्रेनेज मास्टर प्लान की समीक्षा, जल्द नियुक्ति करेंगे सलाहकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बरसात के दिनों में राजधानी दिल्ली को जलभराव मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कमान संभाल ली है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों से बात कर दिल्ली को जलजमाव से निजात दिलाने का सारा काम क्यों न दिल्ली सरकार अपने हाथ में ले ले। जिससे काम तेजी से आगे बढ़ सकेगा। केजरीवाल ने अधिकारियों को सभी एजेंसियों से मंजूरी के लिए जल्द बातचीत करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल मानसून के दौरान अप्रत्याशित रूप से 110 मिमी बारिश हुई थी। जिसके कारण कई इलाकों में जलजमाव की समस्या हो गई थी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवारको दिल्ली के ड्रेनेज मास्टर प्लान-2021 को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएम ने कहा कि दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर की राजधानी बनाने के लिए जलभराव जैसी समस्या का समाधान आवश्यक है। इस दिशा में दिल्ली सरकार तेजी से काम कर रही है। सरकार ने योजना बनाई कि जलभराव मुक्त करने का काम सिर्फ एक एजेंसी के पास में रहे। कई अलग-अलग एजेंसियां हैं, जिनके पास जलभराव मुक्त करने संबंधी काम बंटा हुआ है। केजरीवाल ने कहा कि यह उनकी महत्वाकांक्षी योजना है। इस तरह का प्लान बनाया जाए, जिससे की पूरी दिल्ली जलभराव मुक्त हो जाए।

दिल्ली के ड्रेनेज मास्टर प्लान-2021 की देखरेख के लिए दो सलाहकार नियुक्त होंगे। एक सलाहकार नजफगढ़ बेसिन का काम संभालेगा। दूसरा सलाहकार यमुना पार और बारापुला का काम देखेगा। वे दिल्ली की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर करने का खाका तैयार करेंगे और कार्यान्वयन कार्य की निगरानी भी करेंगे।

मानसून के दौरान भारी बारिश के बाद होने वाले जल भराव की समस्या बहुत जल्द दूर कर दी जाएगी। इसके लिए हर नाली और नाले में जरूरी बदलाव किए जाएंगे, ताकि तेज बारिश में भी पानी की बेहतर निकासी हो सके और जल भराव की समस्या दूर की जा सके। किस नाली का स्लोप खराब है, कौन सी नाली कहां मिलती है और किस नाली को किस नाले से जोड़ना है।

### छोटी-बड़ी करीब 2846 नालियां

छोटी-बड़ी करीब 2846 नालियां हैं इनकी लंबाई करीब 3692 किलोमीटर है। इन नालियों का एक बड़ा हिस्सा लोक निर्माण विभाग के पास है और पीडब्ल्यूडी इसका नोडल विभाग भी है। दिल्ली को तीन प्रमुख प्राकृतिक जल निकासी बेसिन में विभाजित किया गया है। यह तीन जल निकासी बेसिन ट्रांस यमुना, बारापुला और नजफगढ़ है। इसके अलावा, कुछ बहुत छोटे जल निकासी बेसिन अरुणा नगर और चंद्रवाल भी हैं, जो सीधे यमुना में गिरते हैं। पिछले साल मानसून के दौरान दिल्ली में अप्रत्याशित बारिश हुई थी। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने 147 स्थानों की पहचान की है।

# पुराने डीजल ऑटो को ई-ऑटो में बदलने की दिशा में तेजी से हो काम: आहुजा

## निगमायुक्त ने प्रोजेक्ट-ई परिवर्तन के तहत चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने को भी कहा

## निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने की अधिकारियों के साथ बैठक


गुरुग्राम नगर निगम में ऑटो को लेकर बैठक करते निगमायुक्त।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सरकारी** के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट ई-परिवर्तन को गुरुग्राम में प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर नगर निगम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने व पुराने डीजल ऑटो को ई-ऑटो में बदलने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के तहत 10 मार्च को आयोजित किए गए विशेष कैंप में ऑटो चालकों की उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। परिणाम स्वरूप अब तक 380 व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इन सभी व्यक्तियों को सिंगल विंडो पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा टेलिफोन के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा कुछ व्यक्ति ई-ऑटो निर्माताओं से भी सीधे संपर्क कर रहे हैं। बैठक में बताया गया कि अधिकतर लोग बड़े ऑटो रिक्शा अर्थात एल-5 के लिए इच्छुक हैं। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इन 380 व्यक्तियों की सूची ई-ऑटो कंपनियों के साथ साझा करें, ताकि वे भी अपने स्तर पर इनसे संपर्क कर सकें। साथ ही सिंगल विंडो के कर्मचारियों को डोर स्टैप कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए लगाएं, ताकि इच्छुक व्यक्तियों को और अधिक सहूलियत मिले।

### चार्जिंग स्टेशनों की भी समीक्षा

**चार्जिंग** स्टेशनों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-29 फायर स्टेशन व सेक्टर-27 सामुदायिक केन्द्र में स्थापित चार्जिंग स्टेशनों के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी स्मार्ट-ई संभाले। सेक्टर-42 निगम कार्यालय में स्थापित चार्जिंग स्टेशन के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी विक्ट्री द्वारा पहले से ही की जा रही है।

इन तीनों चार्जिंग स्टेशनों पर 30 अप्रैल तक फ्री चार्जिंग की सुविधा है। उन्होंने अन्य स्थानों पर भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए जगहों की पहचान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविन्द्र तोमर ने सुझाव दिया कि एचएसवीपी व एचएसआईआईडीसी की पार्किंग साईटों पर भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करवाने की दिशा में कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा मॉल्स व कॉमर्शियल भवनों, पैट्रोल पंप व ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनियों के पास भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करवाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# मंत्रीजी, हॉकी मैदान में कब तक लगेगा एस्ट्रोटर्फ

## विधायक सुधीर सिंगला ने खेल मंत्री से पूछा था विधान सभा में सवाल


विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा में गुरुग्राम के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते आ रहे विधायक सुधीर सिंगला ने यहां नेहरू स्टेडियम में बने हॉकी के मैदान पर एस्ट्रोटर्फ का मुद्दा भी उठाया। करीब 19 साल पहले यह एस्ट्रोटर्फ बिछाया गया था, जो कि अब बुरी हालत में है। हॉकी खिलाड़ियों को यहां अभ्यास करने में दिक्कत आती है।

खेल एवं युवा मामले राज्यमंत्री संदीप सिंह से विधायक सुधीर सिंगला ने सवाल करते हुए कहा कि हॉकी के लिए गुरुग्राम के नेहरू में एस्ट्रोटर्फ बुरी अवस्था में है। अगर मंत्रीजी के संज्ञान में यह है तो फिर नया एस्ट्रोटर्फ कब तक लगाए जाने की संभावना है और उसका ब्यौरा क्या है। जवाब में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि नेहरू स्टेडियम में वर्तमान में लगा हॉकी एस्ट्रोटर्फ वर्ष 2003 में लगाया गया था। नया एस्ट्रोटर्फ लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) हरियाणा द्वारा 9.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत तैयार की गई है। इसका कार्य अगले वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ होने की संभावना है।

मीडिया से बातचीत में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में खिलाड़ियों के लिए सरकार हर सुविधा देने को कटिबद्ध है। देवीलाल स्टेडियम में कई खेलों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं दी गई हैं। खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए बेहतर ट्रैक भी बनाया गया है। कई सुविधाएं सीएसआर कोटे के तहत कंपनियों की ओर से दी गई हैं। रही बात नेहरू स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ की तो जल्द ही इस पर काम शुरू होने की उम्मीद जगी है। खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह ने ठोस आश्वासन दिया है कि अगले वित्त वर्ष में एस्ट्रोटर्फ को नया बिछाने का काम शुरू हो सकता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विधानसभा सत्र में उन्होंने गुरुग्राम में विकास कार्यों समेत कई मुद्दों को उठाया है।

# संक्षिप्त समाचार

## नए और पुराने तहसीलदार का ग्रामीणों ने किया स्वागत


गुरुग्राम की फर्रूखनगर तहसील में नवनियुक्त तहसीलदार राव सज्जन सिंह व पटौदी की तहसीलदार रीता ग्रोवर का स्वागत करते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** लम्बे अंतराल से फर्रूखनगर तहसील में खाली पड़े तहसीलदार के पद पर राव सज्जन सिंह ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। इस मौके पर राव सज्जन सिंह व पटौदी की नवनियुक्त तहसीलदार रीता ग्रोवर का अधिवक्ताओं, डीड राइटर, नम्बरदारों व स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। राव सज्जन सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय में सम्बधित कार्य से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का प्राथमिकता से कर्मचारी कार्य करें, ताकि उन्हें कार्यालय के बार बार चककर ना लगाने पड़े। सभी पटवारी अपने अपने हल्के के गांवों के पैंडिंग पड़े इंतकालों का जल्द से जल्द दर्ज करें, ताकि सम्बधित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना उठानी पड़े। इस मौके पर नायब तहसीलदार रणसिंह गोदारा, अशोक शर्मा खंडेवला, अधिवकता प्रदीप यादव, गुलाब सिंह यादव, संदीप यादव, मनोज यादव, नम्बरदार रोहताश, कंवर सिंह महचाना, अरुण यादव, मोनू यादव बावडा, कालू शर्मा, अशोक बंसल, बिल्लू सिवाडी आदि मौजूद थे।

## शराब के ठेके पर सैल्समेन से मारपीट कर नगदी लूटी

**सोहना।** दमदमा-सोहना मार्ग स्थित दौला मार्ग मोड़ पर तीन युवकों ने शराब ठेका के सैल्समेन को पैसा मांगने पर जमकर पीटा। सैल्समेन ने आरोपियों पर 7100 रुपये की नगदी लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सैल्समेन की शिकायत पर एक नामजद समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के जिला मथुरा के गांव बिचपुरी निवासी रणधीर ने पुलिस को बताया कि वह दौला मोड पर धर्म सिंह उर्फ धनु के शराब ठेका पर दो वर्ष से सैल्समेन के पद पर नौकरी कर रहा है। रविवार को समय करीब साढ़े 6 बजे दो नौजवान युवक आए। उन्होंने भूरा अभयपुर निवासी के नाम पर शराब मांगी। उसने शराब दे दी। जब उसने शराब के पैसे मांगे तो उन्होंने मना कर दिया। उनके मना करने पर दी हुई शराब की बोतलें वापस ले लीं। उसके करीब ढाई घंटा के बाद भूरा अपने साथ उन दोनों लड़कों को लेकर आया। जिन्हें उसने उधार शराब देने से इंकार कर दिया था। भूरा और दो अन्य लड़कों ने उसे ठेका के अंदर ही घुसकर लात-घूसों से पीटा। उसके सीने पर लाते मारी। जाते समय आरोपी 7100 रुपये की नकदी भी लूट ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## खिलाड़ियों के बीच ना हो किसी तरह की दुर्भावना: सुंदर लाल



**गुरुग्राम।** मानेसर में हुई फुटबॉल प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने जीत हासिल की है। इस जीत पर गांव सिंकदरपुर के सरपंच सुंदर लाल यादव ने टीम को बधाई दी। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को सदैव आपसी प्रेम की भावना से खेलना चाहिए। उनमें किसी तरह की दुर्भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों और टीम के कोच भरत लाल सैनी व गुल्लू यादव को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अच्छा प्रशिक्षण देकर यहां बेहतरी से तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल से खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं देकर उन्हें बेहतर खिलाड़ी तैयार करने में अकादमियों की अहम भूमिका है। सरकार भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही है। हरियाणा की खेल नीति की बदौलत खिलाड़ियों को तैयार करने में पूर्ण सहयोग मिलता है। ओलंपिक समेत अनेक अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वालों को करोड़ों रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाते हैं। इस प्रतियोगिता के संयोजक पंकज यादव ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी की टीम विजेता रही। अकादमी की टीम ने फाइनल मैच में बास कुसला की टीम को 2-0 से हराया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। मनीष, नीरज, रोहित गुर्जर, रोहित, अंकित चौहान, भूप सिंह, सुमित सैनी, जय सैनी, दीपक यादव, दीपक, नवीन गुर्जर (कप्तान), सोनू, अनिस खान थे। भरत लाल सैनी व गुल्लू यादव कोच रहे। मैन ऑफद टूर्नामेंट मनीष यादव को दिया गया। मनीष ने अच्छी गोल कीपिंग की।

## सती सरोवर पर फाल्गुन संकीर्तन महोत्सव 25 को

**होडल।** आगामी 25 मार्च को पुरानी जीटी रोड स्थित सती सरोवर मंदिर के प्रांगण में खाटू श्याम बाबा के फाल्गुन महोत्सव कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को मंडल उपप्रधान नीलू खन्ना ने दी। खन्ना ने बताया कि कीर्तन महोत्सव चुलकाना धाम के महाराज देवेंद्र पुजारी के सानिध्य में किया जाएगा। उन्होंने बताए कि कीर्तन में भजन गायिक कोटा से ट्विंकल शर्मा, वृन्दावन से मीनू शर्मा, गुडगांव ने नरेश सैनी, आगरा से भोला सांवरिया द्वारा श्याम बाबा के भजनों का पान किया जाएगा।

# राष्ट्रहित में काम करता है भारत-तिब्बत सहयोग मंच : अमित गोयल


भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रान्त अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रान्त अध्यक्ष अमित गोयल ने कैथल में मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने दिशा-निर्देश दिए कि मंच जो मिशन लेकर चला है, उसकी मजबूती को हम सब जमीनी स्तर पर काम करें। हमें जो दायित्व मिला है या जो भविष्य में मिल सकता है, उसका सदा अच्छी प्रकार निर्वहन करें।

बैठक में प्रान्त मंत्री प्रवीण प्रजापति, कैथल जिला अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने अहम भूमिका निभाई। इस बैठक में निशांत अहलावत, गिरीश सिंघल, कुरुक्षेत्र से केवल कृष्ण, मेवा सिंह राणा, कैथल से दिनेश कुमार, जगवीर सिंह, मनोज, राकेश, संजय गोयल, देवेंद्र शर्मा समेत कई सदस्य मौजूद रहे। अमित गोयल ने कहा कि जिस विषय को लेकर मंच के मार्गदर्शन आगे बढ़ रहे हैं, वह हमारे देश हित, जनहित में है। हमें नि:संकोच देश हित के इस काम में अपनी आहुति देनी चाहिए। यह किसी व्यक्ति या संस्था का नहीं बल्कि पूरे देशवासियों को सुकून देने वाली बात होगी कि हमारा तिब्बत हमें मिल जाएगा। इसके लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है।

# किराना गोदाम का शटर तोड़कर लाखों का सामान चोरी

## 11 दिन में दूसरी बार लाखों रुपये का किराने का सामान ले उड़े चोर, दहशत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


किराना गोदाम के दरवाजों पर लगे टूटे हुए शीशे और बिखरा हुआ सामान।


सोहना में रविवार की रात किराना गोदाम में हुई चोरी की जांच पड़ताल करते हुई पुलिस और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट।

**रविवार** की रात अनाज मंडी में किराना गोदाम के दो शटरों पर लटके तालों और शीशे के दरवाजों को तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। 11 दिन पहले भी इसी किराना गोदाम के शटर का ताला तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये का सामान चोरी हुआ था। पुलिस चोरी करने वालों की खोज में जुट गई है।

शहर की अनाज मंडी में 11 दिन के अंतराल में एक ही गोदाम के दो बार शटरों पर लगे तालों को तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। रविवार की रात को शहर निवासी संजय के किराना गोदाम के दो शटरों पर लटके चार ताले समेत शीशे के दरवाजों को तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। संजय ने बताया कि सोमवार की सुबह 6 बजे उसके जानकार ने उसे फोन करके गोदाम के शटर खुले होने की सूचना दी। वह तुरन्त घर से गोदाम पहुंचा तो शटर खुले हुए थे। सामान अंदर बिखरा पड़ा था। उसके पास किराना सामान के साथ-साथ गुटखे, बीड़ी, सिगरेट और अन्य सामान भारी मात्रा में होता है। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को भी उसके गोदाम का शटर तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये की बीड़ी और गुटखे चोरी हुए थे। बीती रात चोरी हुआ सामान का अभी तक अंदाजा नहीं लग सका है, लेकिन इस बार भी कई लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है।

**थ्रीव्हीलर के टायरों के निशान मिले :** गोदाम के साथ गली में थ्रीव्हीलर के पहियों के निशान पाए गए हैं। अज्ञात चोर अपने साथ थ्री व्हीलर लेकर आए। जिसमें चोरी किया हुआ सामान भरकर ले गए। कुछ सामान आस-पास कूड़ा-कचरा के ऊपर बिखरा पड़ा हुआ है।

**चोरी की जांच में जुटी पुलिस :** सूचना मिलने पर सिटी थाना के एडिशनल थाना प्रभारी एसआई रज्जाक खान और जांच अधिकारी एएसआई रामकुमार फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने चोरों की पहचान के लिए कुछ सबूत जुटाए।

> “ गोदाम मालिक ने सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाएं हुए हैं। न ही उस रास्ते में कोई कैमरा है। जहां से अज्ञात चोर थ्रीव्हीलर को लेकर आए व गए। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।
>
> **उमेश कुमार**
> **(सिटी थाना प्रभारी)**

# दिन में कबाड़ी बन करते थे रेकी, फिर रात को चोरी

## पहले भी चोरी की कई वारदातों में जा चुके हैं जेल आरोपीगण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**घरों,** दुकानों और फैक्ट्रियों में दर्जनभर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले व लगातार चोरी करने वाले सक्रिय एक गिरोह के छह आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है।

पुलिस उपायुक्त अपराध राजीव देशवाल ने सोमवार को बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने काबू किया है। आरोपी दिन में तो फेरी लगाकर कबाड़ी का काम करते थे। इसी दौरान बंद मकानों, दुकानों व फैक्ट्रियों की रेकी करते थे। रात के समय वहां चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। थाना भोंडसी में बीती 19 मार्च को इनवर्टर बनाने वाली सुवास्तिका पिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी घामड़ोज में चोरी हो गई है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ओमप्रकाश पुत्र मामराज निवासी रवि नगर गुरुग्राम ने शिकायत देकर कहा कि वह कंपनी में एडमिन के पद पर कार्यरत है। 18 मार्च से 20 मार्च तक कंपनी के सभी कर्मचारी छुट्टी पर थे। कंपनी में गार्ड व चौकीदार ही थे। जब वह 19 मार्च को कंपनी में पहुंचा और ट्रांसफार्मर विभाग में गया तो देखा कि वहां कोने से टीन उखड़ी हुई थी। उसने कंपनी में सामान चेक किया तो देखा कि ट्रांसफार्मर विभाग से करीब 1000 किग्रा एल्यूमिनियम तार और करीब 20-25 किलो कॉपर की तार गायब थी। चोर कोने से चद्दर उखाड़कर अंदर घुसे थे। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। चोरी की वारदात करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें जावीर अली निवासी असाधनगर जिला बरेली, सत्तार अली निवासी धोलपुर जिला रामपुर, मंसूर निवासी रुतिया जिला बरेली, मोहम्मद फिरोज अब्दुल निवासी जफरपुर जिला बरेली, दिनेश निवासी औरंगाबाद निवासी बरेली, फरमान निवासी रुतिया जिला बरेली शामिल हैं। इन्होंने इस कंपनी समेत अन्य कई घरों, दुकानों, फैक्ट्रियों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया।


गुरुग्राम में रेकी करके चोरी करने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### एक ड्राइवर, बाकी पांच कबाड़ी बन लगाते थे फेरी

**आरोपी** फरमान एक कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है। बाकी सभी आरोपी फेरी लगाकर कबाड़ी का काम करते हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे दिन में फेरी लगाकर कबाड़ी का काम करते हुए दुकानों, मकानों, फैक्ट्री, कंपनियों की रेकी करते हैं। जो कई दिनों से बंद होते हैं, उनमें मौका पाकर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। रात के समय चोरी करने के दौरान वे अपने साथ अवैध हथियार भी रखते थे, ताकि कोई पकड़ने की कोशिश करते तो उससे बचाव कर सकें। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद किया जा चुका है। वे पहले भी कई बार चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। करीब एक दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। कई अपराधों में उनके खिलाफ केस दर्ज हैं। वे अभी तक गिरफ्तार नहीं हो पाए थे। सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया गया, ताकि सभी वारदातों का खुलासा हो सके।

# अमेजन अकादमी ने शुरू किया फुल ईयर JEE और NEET कोर्स

## JEE और NEET की तैयारी के लिए साल भर के लाइव लर्निंग पैक की शुरुआत होगी 21,998 रुपये से

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

amazon.in

**अमेजन** अकादमी ने आज कक्षा 10 से कक्षा 11 और कक्षा 11 से कक्षा 12 में जाने वाले छात्रों के लिए क्रमशः हिंग्लिश और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में JEE/NEET 'अल्टीमेट पैक फॉर 2022-23% को शुरू करने की घोषणा की है। साल भर के इस पाठ्यक्रम को छात्रों को समग्र तैयारी प्रदान कर प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च अंक हासिल करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिसमें लाइव कक्षाएं, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और डेटा एनालिटिक्स समर्थित शिक्षण शामिल हैं। पाठ्यक्रम उच्च श्रेणी के विशेषज्ञ शिक्षकों, जिन्होंने पूर्व में टॉप JEE/NEET रैंकर्स को पढ़ाया है, द्वारा अमेजन अकादमी में एक शोध-आधारित संशोधन कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया जाता है।

इन पैक्स के हिस्से के रूप में, छात्रों को प्रमुख विषयों-फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और गणित में कुल 360 घंटे से अधिक के लाइव लेक्चरर्स के साथ-साथ पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो, डेली टिप्स और ट्रिक्स, प्रैक्टिस सवाल, चैप्टर टेस्ट, मंथली टेस्ट, ऑल इंडिया लाइव मॉक टेस्ट, पूर्व वर्षों के पेपर्स और डाउट सोल्विंग क्लासेस शामिल हैं। लाइव गाइडेड प्रैक्टिस सत्र छात्रों को शिक्षकों की मदद से महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास करने के दौरान उनकी शंकाओं का समाधान करने में मदद करेगा और ऑनलाइन समाधान खोजने की परेशानी से बचाएगा। पाठ्यक्रम 28 मार्च 2022 से शुरू होगा और कक्षा 12 के छात्रों के लिए JEE और NEET परीक्षा 2023 तक चलेगा। अभी कक्षा 10 में पढ़ रहे छात्रों के लिए, पाठ्यक्रम बोर्ड की परीक्षा के बाद मई में शुरू होगा, लेकिन वे अपनी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मुफ्त रिवीजन क्लासेस के लिए पहले नामाकंन कर सकते हैं।

**डिस्काउंट ऑफस-** लॉन्च ऑफर के रूप में, अमेजन अकादमी 20 मार्च 2022 तक अल्टीमेट पैक्स पर अर्ली बर्ड डिस्काउंट दे रही है, जिसमें 28,998 रुपए की वास्तविक कीमत वाले एक साल के पाठ्यक्रम पर फ्लैट 8,000 रुपए की छूट मिल रही है।

अमेजन इंडिया के एजुकेशन डायरेक्टर, अमोल गुरवारा ने कहा, JEE और NEET उम्मीदवारों के लिए अल्टीमेट पैक्स की शुरुआत महत्वाकांक्षी छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती शैक्षिक सामग्री और परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान करने पर हमारे ध्यान देने का एक हिस्सा है। ये पैक हमारे छात्रों के सीखने के अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

# बेटियों के बेहतर भविष्य की नींव रखती है आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के भविष्य को सुरक्षित व उज्ज्वल रखने के लिए आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत बेटियों को शिक्षा देने व सशक्त बनाने के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य में बालिकाओं के जन्म के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना, लिंगानुपात में सुधार तथा बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर प्रदान करना है।

श्रीयादव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही इस योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन्मी अनुसूचित जाति तथा बीपीएल परिवारों की पहली बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये तथा सभी वर्गों की दूसरी व तीसरी बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये की राशि जीवन बीमा निगम में निवेश की जाती है। एलआईसी की ओर से लाभार्थी के नाम से एक मेंबरशिप सर्टिफिकेट जारी किया जाता है।

इस मेंबरशिप सर्टिफिकेट को बच्ची के वयस्क होने बाद इनकैश किया जाता है, लेकिन उस समय लाभार्थी लड़की अविवाहित होनी चाहिए। श्री यादव ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लाभार्थी लड़की के जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति, परिवार पहचान पत्र संख्या, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (केवल अनुसूचित जातियों के लिए आवश्यक है), बीपीएल कैटगरी से जुड़े आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए बेटी के जन्म के एक साल के अंदर आवेदन किया जा सकता है।

# अमेजन.इन के साथ मनाएं वर्ल्ड स्लीप डे का जश्न

## अमेजन.इन पर लोकप्रिय ब्रांड्स पर शेड्यूल डिलीवरी, क्वालिटी-वेरीफाइड सिलेक्शन और नो-कॉस्ट ईएमआई जैसे लाभों के साथ उठाएं क्वालिटी का आनंद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नींद** हमारे कल्याण और व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह हमें बेहतर निर्णय लेने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद करती है। इसलिए 17 से 20 मार्च, 2022 तक Amazon.in वर्ल्ड स्लीप डे सेल के साथ क्वालिटी नींद और स्वस्थ दिमाग के महत्व को बता रहा है. मैट्रेसेस, बेड्स, ब्लैंकेट्स और कम्फर्टर्स, पिलो, बेडशीट, नाइट लैम्प, और अन्य कई उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें, जो घर पर एक खुशहाल दुनिया का निर्माण करने में आपकी मदद करेंगे।

रात की अच्छी नींद के लिए खरीदारी करते वक्त, ग्राहक ड्यूरोफ्लेक्स, द स्लीप कंपनी, पेप्स, स्लीपीहेड और सोलिमो आदि जैसे सभी लोकप्रिय ब्रांड्स पर शेड्यूल डिलीवरी, क्वालिटी वेरीफाइड सिलेक्शन, और नो-कॉस्ट ईएमआई जैसे लाभ भी हासिल कर सकते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड होल्डर्स और और क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर खरीदारी करने वालों के लिए, 17 से 19 मार्च 2022 तक न्यूनतम 10,000 रुपये के लेनदेन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टेंट छूट और 1500 रुपये का अधिकतम डिस्काउंट मिलेगा। अमेजन.इन वर्ल्ड स्लीप डे सेल% पर अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें।




यहां प्रतिभागी विक्रेताओं की ओर से पेश किए जाने वाले कुछ उत्पादों पर डालिए एक नजर रात में एक अच्छी नींद के लिए मैट्रेसेस और बेड्स कद स्लीप कंपनी स्मार्टग्रिड ल्यूक्स मैट्रेसेस यह स्मार्टग्रिड गद्दे आपको सबसे शानदार और आलीशान एहसास देने के लिए बने हैं। यह द स्लीप कंपनी का हाई-एंड प्लश मैट्रेस है जो दो वेरिएंट्स-8 इंच और 10 इंच में आता है। स्मार्ट ल्यूक्स के साथ सबसे आरामदायक नींद और बादल जैसे आराम का अनुभव करें। गद्दे को यह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि आप बादलों पर सो रहे हैं। इसे Amazon.in पर 33,499 रुपए की शुरुआती कीमत पर खरीदें। ड्यूरोफ्लेक्स लिवइन प्रेशर रिलीविंग मेमोरी फोम मैट्रेसेस- ड्यूरोफ्लेक्स लिवइन एक रोल-पैक्ड मैट्रेसेस है, जो वैक्यूम पैक्ड, ईजी डीआईवाई बॉक्स सेटअप में आता है। यह मीडियम-फर्म मैट्रेसेस सपोर्ट और प्लश कम्फर्ट का एक आदर्श मिश्रण है। Amazon.in पर इसे 11,699 रुपये की शुरुआती कीमत पर हासिल करें।

# मेले में 786 नम्बर स्टॉल पाकर खुश है शमीम अहमद

**कविता।** फरीदाबाद

**35वें** अंतरराष्ट्रीय मेला कोरोना महामारी के कारण पिछले दो साल से नहीं लगा था। लेकिन इस बार प्रशासन की तरफ से मेला 19 मार्च से चार अप्रैल तक लगाया गया है। इस मेले में देश-विदेश से आए हस्तशिल्पियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए हैं। इन्हीं शिल्पकारों में बनारस निवासी शमीम अहमद भी शामिल हैं। शमीम ने हैंडलूम ज्यादा और पावर लूम के कम कपड़ों का स्टॉल लगाया है।

शमीम ने खुद को किस्मत का धनी मानते हुए बताया कि उन्हें मेले में स्टॉल नम्बर 786 मिला है, जोकि खुदा की मेहरबानी है।

### स्टॉल पर शमीम कर रहे है, पुश्तैनी हैंडलम और पावर लूम वर्क के कपड़ों की बिक्री

उन्होंने कहा कि हमारे यहां 786 को लक्की नम्बर माना जाता है और इस बार उन्हें यह नम्बर अल्लाह की मेहरबानी से मिला है।

बनारस के निवासी 65 वर्षीय शमीम अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके यह सब उनके पुरखों का काम है। उस समय में यह हैंडलूम का ही व्यवसाय था। वह पिछले 50 सालों से अपने शौक के कारण इस बिजनेस को आगे बढ़ा रहे हैं।



मेले में मौजूद 786 स्टॉल पर खरीदारी करती महिलाएं

उन्होंने बताया कि हैंडलूम को ज्यादा और पावर लूम को कम लेकर वह इस व्यवसाय को वह अब आगे बढ़ा रहे हैं। शमीम ने बताया कि इस बार वह मेले में बनारसी, मूंगा, कतान जोकि आजकल काफी चलन में हैं, इनसे बनी साड़ी, सूट, दुपट्टा, फैबरीक इत्यादि लेकर आए हैं। उनके स्टॉल पर 1500 से 65 हजार रुपये तक की साड़ी मौजूद है।

उन्होंने बताया कि एक से चार हजार रुपये तक के दुपट्टे उनके स्टॉल पर लोगों को भा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन से पहले आयोजित मेले में उन्होंने 4 से 5 लाख रुपये तक का बिजनेस किया था। लेकिन इस बार अभी तक सेल कम है। गर्मी के कारण लोग मेले में कम आ रहे हैं। लोगों की संख्या को देखकर इस बार की सेल कम होती नजर आ रही है। गुजरे तीन दिनों में तो कम संख्या में लोग आए हैं।

# एमसीएफ : मकान का नक्शा पास कराने को ऐंठे 2.50 लाख, केस दर्ज

### हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने किया निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मकान** के नक्शा बनाने और उसे पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में माननीय हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नगर निगम में एसडीओ और बेलदार समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रुपये ऐंठने का यह मामला वर्ष 2019 का है। आरोपियों ने मकान का नक्शा पास करवाने के बदले में पीड़ित व्यक्ति से ढाई लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

बाद में नक्शा पास न होने पर पीड़ित ने रुपये लौटाने की मांग की तो आरोपियों ने देने से इनकार कर दिया। जिसके कारण पीड़ित व्यक्ति हाईकोर्ट की शरण में चला गया। अब हाईकोर्ट का आदेश पर आने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

हाईकोर्ट के माध्यम से एक शिकायत एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के पास प्राप्त हुई। जिसकी जांच कर एसीपी एनआईटी ने रिपोर्ट को डीसीपी एनआईटी नितीश अग्रवाल के पास भेज दी। डीसीपी एनआईटी ने रिपोर्ट पर भ्रष्टाचार की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। शिकायतकर्ता नवनीत सेठी जोकि फरीदाबाद के सेक्टर-21डी के इंदिरा एनक्लेव में रहते हैं। जो बिल्डर का काम करता है। नवनीत अपने पार्टनर विष्णु प्रसाद जोशी के साथ मिलकर फ्लैट बनाने का काम करता है। जिसने फरीदाबाद के सेक्टर 21डी में दो फ्लैट बनाने का काम किया था। जिसके दौरान एमसीएफ में तैनात जेई सुमेर सिंह, बेलदार अमरपाल से वर्ष 2019 में मुलाकात हुई। शिकायतकर्ता ने अमरपाल से बिल्डिंग के नक्शा पास कराने का प्रोसीजर पूछा तो सुमेर सिंह ने उससे कहा कि उसके अंकल जी एमसीएफ में जेई हैं। उनसे वह नक्शा पास करा देगा, बिल्डिंग में किसी अधिकारी को जाने नहीं देगा और पानी, सीवर के कनेक्शन भी कटने नहीं देगा। उसने शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये लिए। जिसमें सरकारी फीस भी शामिल है। दो लाख रुपये शिकायतकर्ता ने टुकड़ों में दिए थे। जेई सुमेर सिंह के साथ अमरपाल ने आश्वासन दिया कि वह उसको नक्शा बनवाकर पास करा देगा। नक्शा पास नहीं होने पर नवनीत सेठी ने शिकायत सिविल कोर्ट में डाली थी। जिसकी जांच के आदेश पारित किए गए।

आरोप है कि शिकायतकर्ता से आरोपियों ने 2021 के मध्य में 50000 रुपये फाइल का स्टेटस जानने के लिए अमरपाल ने लिए। उसमें से कुछ पैसे मेरे सामने ज्वाइंट कमिश्नर की महिला पीए प्रवीण कालरा को दिए। इसके कुछ समय बाद सुमेर सिंह एसडीओ बने और उनकी बदली इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट में हो गई। इसके साथ और अन्य लोग भी शामिल है। जिसमें अमित कौशल, पदम भूषण, बीके कर्दम, धर्मवीर और अंशु भी शामिल हैं। शिकायत 16 मार्च को प्राप्त हुई जिस पर थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की तफ्तीश पुलिस चौकी सेक्टर 21 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश को दी गई है। जिसकी तफ्तीश जारी है।

# सीसीटीवी कैमरों की बैटरी चुराने वाले गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बैटरी चुराने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ पुलिस अधिकारी।

**कमिश्नर** ऑफ पुलिस विकास कुमार अरोड़ा व डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के दिशानिर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी रविंद्र कुमार की टीम ने शहर में चोरी हो रही सीसीटीवी कैमरा की बैटरी चोर गिरोह को पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक वर्ष करीब से इस तरह की वारदातें फरीदाबाद शहर के मैन चौक चौराहों पर हो रही थी। चोरों द्वारा 100 से अधिक बैटरी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। बैटरी चोरी की इन वारदातों के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में दो चोरों तथा 6 कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आरोपी अकबर, यूनिस, मोबीन, मनीष, मोमन, आखिब उर्फ जावेद, केदारनाथ तथा कामिल का नाम शामिल है। आरोपी अकबर तथा यूनिस चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे, जो इस मामले के मुख्य आरोपी हैं, वहीं अन्य आरोपी कबाड़ी का काम करते हैं। जो इनसे चोरी की बैटरियां खरीदते थे। आरोपी अकबर मेवात जिले का रहने वाला है वहीं आरोपी यूनिस फरीदाबाद के सेक्टर 8 का निवासी है।

इस मामले में शामिल कबाड़ी मुबीन, मोमन तथा कामिल यूपी के रहने वाले हैं वहीं आरोपी जावेद व केदारनाथ मेवात तथा आरोपी मनीष फरीदाबाद के सेक्टर 8 का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस टीम की अगुवाई स्वयं अपराध शाखा सेक्टर 30 इंचार्ज इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने की जो उन्होंने अपनी टीम में सीसीटीवी कैमरा एक्सपर्ट सब इंस्पेक्टर अश्वनी, साइबर तकनीक एक्सपर्ट सिपाही मनोज व अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से इस चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

# हत्या के इरादे से फायरिंग करने पर पांच गिरफ्तार



फायरिंग के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ क्राइम ब्रांच एनआईटी की पुलिस टीम।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेन्द्र कादियान के दिशानिर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने 5 दिन पहले फरीदाबाद के गांव प्याला में दो पक्षों के बीच हुए लड़ाई झगड़े में हत्या के इरादे से फायर करने के मामले में क्राइम ब्रांच एनआईटी ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अशोक, भानु, विशाल, अभिषेक तथा विशाल रावत का नाम शामिल है। आरोपी भानु तथा विशाल आरोपी अशोक के बेटे हैं। मामला आपसी रंजिश का है। जिसमें एक पक्ष आरोपी अशोक तथा दूसरा पक्ष पीड़ित ओमकार का है। आरोपी पक्ष में अशोक, विशाल, भानु, अभिषेक, विशाल, दीपक, दिनेश, संदीप उर्फ पडडा, बल्लू उर्फ बलराम तथा सागर का नाम शामिल है वहीं पीड़ित पक्ष में ओंमकार, प्रताप तथा उनके भतीजे महेश, उमाशंकर व टेकचंद का नाम शामिल है। आपसी रंजिश का कारण अवैध नशा तस्करी है। जिसमें दोनों पक्ष शराब और गांजे का की तस्करी करते हैं। पीड़ित ओमकार पक्ष के महेश ने पुलिस थाना सेक्टर 58 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 15 मार्च करीब 11 बजे उसका भाई उमाशंकर तथा चाचा ओंमकार खेत में काम करने गए हुए थे। उमाशंकर जब वापस लौट रहा था तो आरोपी भानु तथा अभिषेक ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की। उमाशंकर घर आया ही था कि थोड़ी देर बाद आरोपी अशोक व दीपक ने दोबारा मारपीट की।

# श्रीशिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर क्लश यात्रा



**फरीदाबाद।** महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर क्लश यात्रा का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रेसन विवाह समिति के प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि यह क्लश यात्रा कथा व्यास महंत श्रीराधेश्याम व्यास महाराज की अगुवाई में ओल्ड फरीदाबाद स्थित पथवारी मंदिर से प्रारंभ होकर ओल्ड फरीदाबाद बाजार होते हुए अग्रसेन भवन सैक्टर-19 के प्रांगण में समाप्ति हुई।

इस क्लश यात्रा में 108 महिलाओं ने क्लश उठाए थे। नौ दिवसीय कथा प्रतिदिन 3 बजे प्रारंभ होकर सायं सात बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन सैक्टर-19 के प्रांगण में होगी। श्री गोयल ने बताया कि 30 मार्च को पूर्णाहूति के बाद भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस क्लश यात्रा में संरक्षक अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल सिंघल, उपाध्यक्ष इन्द्रपाल गर्ग, आशा रानी, रजत गोयल, भुवनेश्वर अग्रवाल, पवल गर्ग, गोपाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजद थे।

# लाल किला महोत्सव : भारत भाग्य विधाता-एक भव्य प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लाल** किला महोत्सव-भारत भाग्य विधाता-भारत के सबसे बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम व विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन 25 मार्च से अप्रैल 3, 2022 तक देश के प्रतिष्ठित 17वीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहर नई दिल्ली के लाल किले पर किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे सांस्कृतिक मंत्रालय के साथ संयुक्त रुप से आयोजित हो रहे इस 10 दिनी कार्यक्रम में भारत के समृद्ध इतिहास को दिखाती हुयी संस्कृतियों के मेल के साथ कला, धरोहर, संस्कृत, खानपान व अन्य चीजों का इंद्रधनुष नजर आएगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने लाल किले के लिए चयनित स्मारक मित्र (मोन्यूमेंट मित्र) डालमिया भारत लिमिटेड के साथ मिलकर इस कार्यक्रम की अवधारण तैयार की है।

इस पहले लाल किला महोत्सव-भारत भाग्य विधाता का मुख्य आकर्षण हमारी संस्कृति व परंपरा के अनदेखे पहलू होंगे। हमें आशा है कि यह हमारे आगंतुकों और खासकर युवाओं के लिए हमारे देश की वर्तमान प्रगति और प्राचीन वैभव के बीच रिश्ता जोड़ने में मदद करेगा और दुनिया भर में प्रासंगिक भारतीय मूल्यों के प्रति समझ विकसित करेगा,

### दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले पर 10 दिनों तक चलने वाले भव्य आयोजन में होगा विभिन्न संस्कृतियों का मेल

डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पुनीत डालमिया ने कहा। लाल किला महोत्सव-भारत भाग्य विधाता के लिए विशेष रुप से तैयार की गयी पहल है, हमें आशा है कि इस के जरिए आगंतुक सांस्कृतिक, उत्सवधर्मी व सामुदायिक विरासत में डूब जाएगा। हम अपने सम्मानित प्रधानमंत्री मोदीजी व भारत सरकार के अत्यंत आभारी हैं, जो हमें स्मारक मित्र के तौर पर देश की सेवा करने का अवसर दिया गया और हमें विश्वास है कि कार्यक्रम में आने वाला हर व्यक्ति अपने साथ देश व समाज को बांध कर रखने वाले अनूठे व अविस्मरणीय अनुभव को साथ लेकर जाएगा। भारत की आजादी के 75 वें साल के आयोजन के तहत सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव के एक अंग के तौर पर लाल किला महोत्सव-भारत भाग्य विधाता आगंतुकों को भव्य सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इसके कुछ प्रुमख आकर्षणों में से एक स्मारक की बाहरी दीवारों पर प्रोजेक्शन मैपिंग शो के जरिए भारत के गौरवशाली इतिहास को दर्शाया जाएगा। साथ ही यहां विगत वर्षों में भारत की उपलब्धियों का प्रदर्शन, भारत की विभिन्न शानदार कलाओं व शिल्प को समाहित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्षेत्रीय खानपान को प्रदर्शित करने वाले आयोजन, अनेकता में देश की एकता को दर्शाते हुए विशेष तौर पर तैयार किए गीत व नृत्य का प्रदर्शन होगा।

पारस्परिक संवाद के दृश्यों के साथ भारत के इतिहास को दर्शाने वाले इस लाल किला महोत्सव-भारत भाग्य विधाता को आजादी के संघर्ष, विगत 75 वर्षों की उपलब्धियों, विचार आदि जैसे थीम पर आधारित एक सालाना कार्यक्रम के तौर पर नियोजित किया गया है। अपने पथ प्रदर्शक प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए डालमिया भारत लिमिटेड का उद्देश्य सामुदायों के भीतर राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाते हुए उनके लिए नियोजन व अवसरों में सुधार लाना है। स्मारक मित्र (मोन्यूमेंट मित्र) की संकल्पना का मौलिक विचार पर्यटन मंत्रालय ने संस्कृति मंत्रालय व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान (एएसआई) के साथ मिलकर दिया है। यह अपनी धरोहर, अपनी पहचान परियोजना का अंग है।

# वर्धमान स्कूल में सालाना खेलोत्सव आयोजित

### वॉली बाल लेमन रेस चम्मच रेस स्किपिंग, फ्रोग रेस हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




सेक्टर 46 स्थित वर्धमान इन्टर नेशनल स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**सेक्टर**-46 स्थित वर्धमान इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल जोकि पढ़ाई के साथ-2 खेलों, ओलिम्पियाड, चित्रकारी हस्तकला के क्षेत्र में अग्रणी रहता है, में वार्षिक खेल उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। वॉली बाल लेमन रेस चम्मच रेस 200 मीटर दौड़, स्किपिंग, फ्रोग रेस, सैक रेस, नैग रेस का आयोजन हुआ।

वॉली बाल में विजेता थे दक्ष, सिद्धार्थ, दीपक जो कि क्रमशः प्रथम, द्वितीय, त्रितीय रहे। नर्सरी से केजी तक लेमन रेस में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे वंश, रूद्र, एंजल रहे। कक्षा पहली से तृतीय लेमन रेस में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, त्रितीय रहे। हिमांशु अंश व प्रेम पुनः लेमन रेस में अंशिका, दीपमाला, करीना प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय रहे। कक्षा चार से नौवीं तक चम्मच और आलू रेस में करीना, दीपमाला एंव अंशिका प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय रहे। कक्षा चार से सातवीं तक स्पून पोटैटो रेम में दक्ष, प्रियांशु एवं वंश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कक्षा चार एवं पांच की लूम रेस में दीपक सिद्वार्थ, प्रियांशु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कक्षा चार से नौवीं की लड़कियों की लूम रेस में वंशिका, सिया, अंशिका प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय रहे। कक्षा छठी से लड़कों की लूम रेस में दक्ष और रोहित प्रथम एवं द्वितीय रहे। लड़कियों की स्किपिंग में सिया, अंशिका एंव अदिति प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। फ़्रोग रेस कक्षा चार से नौवीं की फ़्रोग रेस दीपक, दक्ष, धुव्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। लड़कियों की सैक रेस कक्षा पांच से सात सिया, अंशिका एंव वंशिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। लड़कों की सैक रेस कक्षा पांच से सात दक्ष दीपक एवं वंश क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे।

लड़कियों की लैग रेस अंशिका, वंशिका एवं वंशिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। लड़कों की थ्री लैग रेस में दक्ष मोहित एवं प्रियांशु एंव हिमांशु और धुव क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीते नर्सरी, के. जी. एवं प्रथम कक्षा की 50 मीटर दौड़ में शिवा प्रथम रहा रिया को एप्रिसिष्शन प्राईज मिला। अध्यापकों ने भी खेलों में भाग लिया। स्पून रेस में प्रथम श्रुति, अंजली एवं रेनू चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीते विद्यालय हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# विधायक राजेश नागर ने बिजली अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने दीपावली एन्कलेव में बिजली की समस्याओं को जल्द दूर करने के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं सुनने के क्रम में बिजली अधिकारियों को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि अधिकारी समय पर समस्याएं दूर करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें। स्थानीय समस्याओं की जानकारी ले रहे विधायक को लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली संसाधन ओवरलोडिंग से ग्रस्त है। गर्मियां शुरू हो गई हैं जिसके साथ ही यहां पर बिजली फॉल्ट की संख्या बढने लगी है। जिससे बिजली की किल्लत गर्मियों के साथ साथ बढ़ेगी। जिसे जल्द ही समय पर दूर किया जाए। इस पर विधायक राजेश नागर ने मौके पर ही मौजूद बिजली अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली ट्रांसफार्मर को बाइफर्केशन, ट्राइफर्केशन कर ओवरलोडिंग को दूर किया जाए और तारों व जम्फर की मरम्मत समय पर कर लें जिससे यहां गर्मी में लोगों को किल्लत न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### कुष्ठ रोग प्रोग्राम के लिए दी ट्रेनिंग



**फरीदाबाद।** कुष्ठ रोग प्रोग्राम के तहत जिले में मौजूद डॉक्टरों, इमो और एसएमओ इंचार्ज को ट्रेनिंग दी। यह ट्रेनिंग गोल्फ क्लब में दी गई। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, लेप्रोसी इंचार्ज डॉ. शीला भगत, डॉ. नरेन्द्र कौर, रश्मि बत्रा, डॉ. मानसिंह के अलावा टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, लेप्रोसी वर्कर वीरेन्द्र, विकास कुमार आदि के मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. शीला भगत ने बताया कि एनएलइपी नेशनल लेप्रोसी इरेडिकेशन प्रोग्राम जोकि कुष्ठ रोग प्रोग्राम होता है, से सम्बंधिक ट्रेनिंग सभी को दी गई। जिसमें बताया गया कि कुष्ठ रोग हवा के द्वारा माइक्रो बैक्ट्रीरियम लैपरी द्वारा फैलता है। कुष्ठ रोग की पहचान सचमुच बहुत ही आसान है, त्वचा पर हल्के रंग के दाब, धब्बे जिसमें सूखापन और सुन्नपन होना इसकी निशाली है। हाथ पैरों में झुनझुनाहट, जलना, कमजोरी, चेहरा या कान व शरीर के किसी भाग में त्वचा लाल या मोटी हो जाना। अंत में सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने सभी चिकित्सकों को शपथ दिलवाई कि हमें कुष्ठ रोग को जड़ से समाप्त करना है।

### स्वास्थ्य कर्मी भी हड़ताल में होंगे शामिल

**फरीदाबाद।** कर्मचारी संघों एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 28-29 मार्च को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिजली कर्मचारी बढ़-चढ़कर शामिल होंगे। यह निर्णय सोमवार को सेक्टर-7 में आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के अतिरिक्त सर्कल सचिव रामचरण की अध्यक्षता में सर्कल कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में सर्व सम्मति से 28-29 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का फैसला लिया गया। बैठक करने के उपरांत ठेका कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन को हड़ताल का नोटिस दिया। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व एमपीएचई एसोसिएशन के जिला प्रधान जितेंद्र मोर भी उपस्थित थे।

### बीके अस्पताल में लावारिस बच्ची मिली



**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में मौजूद ओपीडी के पंजीकरण काउंटर के पीछे लगे वाटर कूलर के निकट एक बच्ची दोपहर दो बजे के बाद मिली। बच्ची पर सूरक्षाकर्मियों की नजर पड़ी तो उसे तुरंत बीके अस्पताल की नर्सरी में भर्ती करवाया गया। जानकारी के मुताबिक नवजात बच्चों को पार्क, कचरे के ढेर, नालों और मंदिर के बाहर छोड़े जाने की सूचनाएं आम हो गई थी, लेकिन बीके सिविल अस्पताल में मौजूद रजिस्ट्रेशन काउंटर के पीछे मौजूद वाटर कूलर के निकट किसी ने बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया। ओपीडी के बंद होने पर बच्ची के पड़े होने की सूचना मिलने पर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और बच्ची के बारे में अस्पताल में जगह-जगह पूछताछ की। लेकिन कोई परिजन न मिलने पर बच्ची को नर्सरी में भर्ती करवा दिया गया। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस जांच कर बच्ची के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### एक शाम बिहारी जी के नाम भजन संध्या में झूमे भक्तगण



**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ में श्रीबांके बिहारी परिवार की ओर से पंचम एक शाम बिहारीजी के नाम आयोजित की गई। जिसे रसमई बनाने के लिए मुख्य गायक साध्वी पूनम दीदी वृंदावन धाम से राधिका मुस्कान बल्लभगढ़ से और भैया रामदास बरसाने वाले मौजूद रहे। इसमें भजन संध्या में रस लेने के लिए शहर के जाने-माने लोग भी शामिल हुए। इसमें कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, चंद्र जैन कैटरर्स पलवल वाले व अन्य हस्तियां शामिल हुई और दूसरी और आसपास के शहरों से हजारों श्रद्धालु भजन रस का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए। वही साध्वी पूनम दीदी ने श्रीबरसाने और वृंदावन धाम की महिमा का गुणगान किया और राधिका मुस्कान ने श्रीबिहारीजी को अपने भजनों से खूब रिझाया। साथ ही और साथ ही मयूर ग्रुप द्वारा सुंदर झांकी लठमार होली और फूलों की होली भी प्रदर्शित की गई। जिसमें संस्था के सभी सदस्य ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संस्था के चेयरमैन वेद प्रकाश सिंगला, प्रधान विशाल गोयल व अन्य सदस्य राघव गोयल, मोहित गर्ग, रोहित शर्मा, राजकुमार मित्तल, प्रेम शंकर शर्मा, दीपक तायल, आशु गोयल, राजन जैन मुख्य रूप से सम्मिलित हुए।

### मुख्यमंत्री 27 को रैली में जनता से करेंगे संवाद

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-11 पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक सपन्न हुई। बैठक में जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की 27 मार्च को फरीदाबाद जिले में होने वाली हरियाणा प्रगति रैली की तैयारियों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में प्रदेश का चंहुमुखी विकास हुआ है। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री की रैली को सफल करने और बेहतर प्रबंधन के लिए जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

### रजिस्ट्री पर प्रतिबंध हटने की अधिसूचना जारी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एनआइटी में एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे में भी भू.संपत्तियों की रजिस्ट्री शुरू होने पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का मुंह मीठा करवा धन्यवाद किया। आपको बताएं कि विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरानएयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे पर भू.संपत्तियों की रजिस्ट्री पर लगे रौक का प्रश्न उठाया था जिसपर विधायक नीरज शर्मा द्धारा उप मुख्यमंत्री को बताया गया था कि न्यायालय द्धारा सिर्फ अवैध निर्माण पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई हुई। इस क्षेत्र में प्लाट व भवनों की रजिस्ट्री पर कोई रोक नहीं है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने डबुआ एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारियों की मांग पर इस दायरे में मूलभूत सुविधाओं की मरम्मत की छूट दी हुई है। इसके साथ ही विधायक नीरज शर्मा द्धारा मांग की गई की बाकि बचे एरिया जोकि एयरफोर्स के नजदीक है अंबाला, सिरसा, गुरुग्राम, से भी यह प्रतिबंध हटाया जाए।

### निगमायुक्त ने अधिकारियों संग विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों जिसमें मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, कार्यकारी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता तथा कनिष्ठ अभियन्ता उपस्थित थे, से संबंधित मुख्य मुद्देः- पानी, सीवर, रोड, स्ट्रीट लाईट और स्ट्रोम वाटर ड्रेन आदि पर चर्चा की। बैठक में निगमायुक्त ने मुख्यरूप से सीवर लाईन/नाले/नालियों की सफाई, सड़कों की मरम्मत, सीवर के पानी के ट्रीटमेंट, अवैध पानी सीवर कनैक्शन को नियमित करने, पानी सीवर के बिल वितरण करने, निगम के सरकारी आवासों में अनाधिकृत तरीके से रहने वालों को नियमित/हटाने, अनाधिकृत मोबाइल टावरों को हटाने, व निगम द्वारा हाल ही में लॉन्च किये गये ई-समीक्षा पोर्टल आदि के बारे में चर्चा की।

## ट्रेड यूनियनें
### दबाव की रणनीति

**केरल** में, ट्रेड यूनियनों के सदस्य दबाव की रणनीति अपना कर बिना काम के वेतन पाना चाहते हैं। केरल में भाकपा-मार्क्सवादी निजी निवेश आकर्षित करना चाहती है। लेकिन अनेक कारणों से केरल में निवेश नहीं आ रहा है। इनमें अन्य बातों के साथ ही श्रम व्यवहार हैं। मार्क्सवादियों ने शुरुआत में केवल वेतन के लिए इसे एक समाजवादी दृष्टिकोण का गढ़ बनाने का प्रयास किया, लेकिन आज यह अर्थव्यवस्था के लिए ठीक न होने वाला नासूर बन गया है। हाकर चार्ज या 'नोक्कु कोली' व्यवहार का अर्थ है कि आपको लोडिंग, अनलोडिंग या निगरानी के लिए केवल ट्रेड यूनियन से जुड़े श्रमिकों को ही काम पर रखना होगा। इसका अर्थ यह भी है कि इन कर्मचारियों के जिद्दी दृष्टिकोण के कारण आपको इनकी मांग के अनुसार भुगतान करना होगा, चाहे उनको काम पर न रखा जाए या नहीं। व्यावहारिक रूप से इसका अर्थ यह है कि आप भले ही अपना वाणिज्यिक सामान स्वयं उतारें चढ़ाएं या इसके लिए यूनियनों से न जुड़े अपने श्रमिक प्रयोग करें, पर ऐसा यूनियनों कामगारों को उनकी फीस अदा करने के बाद ही हो सकता है। जैसे ही कोई ट्रक आपके घर या कंपनी में पहुंचता है, यूनियन के कामगार अनलोडिंग की मनमानी फीस मांगते हैं और इसके बाद अनलोडिंग आप पर छोड़ देते हैं। यदि आप भुगतान से इनकार करते हैं तो वे धमकी देते हैं। यह एक प्रकार से कामगारों द्वारा लूट है। केरल



सरकार भी यह तथ्य जानती है। बिजनेसमैन और मध्यवर्गीय लोग इस संगठित ब्लैकमेल से गुस्सा हैं तथा राज्य पुलिस ने भी इस व्यवस्था के खिलाफ 2012 में एक आदेश जारी किया था। 6 साल बाद सरकार ने इस व्यवहार पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन 2021 में केरल उच्च न्यायालय ने कहा कि जमीन पर कुछ भी नहीं बदला है।

राज्य भर में फैले इस व्यवहार के बावजूद 2018 से 2021 के बीच यूनियन कामगारों के खिलाफ केवल 11 मामले दर्ज हुए हैं। लोग आमतौर से बदले की कार्रवाई के डर से विवाद स्थानीय स्तर पर हल कर लेते हैं। माकपा राज्य सचिव कोडियरी बालकृष्णन ने हाल ही कोची में पार्टी सम्मेलन में नवा केरलम नामक विज़न दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि आक्रामक ट्रेड यूनियन वाद निवेश आकर्षित करने की पार्टी की नीति के खिलाफ है। उन्होंने ट्रेड यूनियन नेताओं से श्रम क्षेत्र में गलत व्यवहार छोड़ने का अनुरोध किया। बालकृष्णन अच्छी तरह जानते हैं कि यह काम आसान नहीं है क्योंकि 'नोक्कु कोली' के माध्यम से जबरन वसूली करने वाले ज्यादातर माकपा कार्यकर्ता हैं। यूनियन नेता इस तरह दशकों से आसानी से मिलने वाले पैसे के आदी हो गए हैं। पार्टी नेतृत्व उनको बाहर निकालने की स्थिति में नहीं है। वह ज्यादा से ज्यादा उनको समझा सकता है कि इस काम में ज्यादा कठोरता न बरतें। लेकिन इसका कारगर होना कठिन है क्योंकि कार्यकर्ता जानते हैं कि नेता उनके वोटों की दया पर निर्भर हैं। यह अवैध व्यवहार केरल में गलत ढंग से संपदा एकत्र करने की जड़ों में है। नकदी फसलों की अर्थव्यवस्था तथा खाड़ी में रोजगार ने लोगों को अमीर बना दिया है, पर इससे अमीर-गरीब खाई चौड़ी हुई है। अपनी गरीबी के कारण श्रमिक ज्यादा पैसे मांगने लगे हैं। ट्रेड यूनियनों के शामिल होने पर जल्द ही यह संगठित बिजनेस बन गया। पार्टियों ने कभी इस व्यवहार को हतोत्साहित नहीं किया क्योंकि यह उनकी विचारधारा के अनुकूल है तथा इससे वोट मिलते हैं। लेकिन अब यह उनके गले में बंधा पत्थर बन गया है। वैसे भी केरल बिजनेस सुगमता सूचकांक में 28वें स्थान पर है।

# हमारी उपलब्धियों का सामूहिक इतिहास

आंदोलन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारी उपलब्धियों का सामूहिक इतिहास उपेक्षित पांडुलिपियों की तह में छिपा न रह जाए।



**गोविंद मोहन**
(लेखक केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव हैं)



महान भौतिक विज्ञानी, अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार कहा था, 'हम भारतीयों के बहुत ऋणी हैं, जिन्होंने हमें गिनना सिखाया, जिसके बिना कोई भी सार्थक वैज्ञानिक खोज नहीं की जा सकती थी।' जबकि हम में से बहुत से लोग भारत में शून्य और इसकी उत्पत्ति के बारे में जानते हैं, यह एक दुखद तथ्य है कि वैश्विक ज्ञान निर्माण में भारत का योगदान अप्रतिबंधित और अप्रकाशित है। एक स्वतंत्र आधुनिक राष्ट्र के रूप में हमारा इतिहास 75 वर्ष पुराना है लेकिन हमारी सभ्यता 5,000+ वर्ष से अधिक पुरानी है। कहने की जरूरत नहीं है कि मानव ज्ञान में भारत का योगदान बहुत है, और इस दिशा में एक केंद्रित और केंद्रित प्रयास शुरू करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव, आजादी के पचहत्तर साल की याद में, के अवसर से बेहतर समय क्या हो सकता है।

'धरा : एन ओड टू इंडियन नॉलेज सिस्टम्स' इस दिशा में संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल है। यह भारत की सभ्यतागत उपलब्धियों को उजागर करने वाले पूछताछ के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए समर्पित व्याख्यान और चर्चाओं की एक श्रृंखला के रूप में संकल्पित है। धरा एक युग से दूसरे युग में ज्ञान और ज्ञान के निरंतर प्रवाह के उस विचार का प्रतीक है, जिसे समय के साथ अपनाया, पूछताछ और संशोधित किया जा रहा है ताकि हम न केवल विभिन्न क्षेत्रों में अंतर्दृष्टि के अगले स्तर तक आगे बढ़ सकें बल्कि ऐसा करने के पीछे वह कार्य जो हमें हमारे अतीत से पहले से ही उपलब्ध है।

यह मेरा अवलोकन है कि प्राचीन अतीत से संबंधित विषयों के संबंध में आउटिंग और प्रयास अक्सर विश्वसनीय और कठोर साक्ष्य की कमी के कारण ध्रुवीकरण प्रतिक्रियाएं पाते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में हमारा प्रयास उसी के प्रति सचेत है और इन चर्चाओं में कठोर तर्क और वैज्ञानिक विश्वसनीयता की परत जोड़ने के लिए उच्चतम क्षमता के अकादमिक विद्वानों को लाने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए जा रहे हैं। धरा के तत्वावधान में हमारा पहला कार्यक्रम हाल ही में आयोजित किया गया था और यह युगों के माध्यम से गणित में भारत के योगदान को समर्पित था। इस अनूठे सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में फील्ड के पदक विजेता प्रो. मंजुल भार्गव और अन्य प्रसिद्ध विद्वानों के व्याख्यानों में प्रो. के रामसुब्रमण्यम, प्रो. पार्थसारथी मुखोपाध्याय, प्रो. अमर्त्य दत्ता, प्रो. एमडी श्रीनिवास, प्रो. एम.एस. श्रीराम और प्रो. एसजी दानी के व्याख्यान देखे गए।, साथ ही अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रो. जीन मिशेल डिलिरे, प्रो. अविनाश सथाये, और प्रो. क्लेमेंसी मोंटेले। इस सम्मेलन के दौरान कैप्चर की गई गणित में भारत की बुद्धि एक आंख खोलने वाली और हमारी प्रणाली के लिए एक श्रद्धांजलि थी जिसने खुली जांच, कल्पना और संश्लेषण को बढ़ावा दिया। आगे हम सम्मेलन के दौरान विद्वानों द्वारा चर्चा किए गए कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हैं।

बाइनरी नंबर : पिंगला का चंद-शास्त्र एक बाइनरी अंक प्रणाली का पहला ज्ञात विवरण है जो 300 ईसा पूर्व की है। लगु (हल्का या छोटा) और गुरु (भारी या लंबा) सिलेबल्स की सभी संभावित अनुक्रमिक व्यवस्था की सूची - तकनीकी रूप से शब्द प्रस्तर द्वारा संदर्भित - पिंगला द्वारा वर्णित 1एस और 0एस के बाइनरी अनुक्रम के रूप में सोचा जा सकता है। पिंगला द्वारा प्रस्तर के साथ वर्णित कुछ अन्य तकनीकें (नष्ट और उद्दिष्ट) आधुनिक युग के कॉम्बिनेटरिक्स के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं - रैंकिंग और अनरैंकिंग के नाम पर!

भारतीय संख्या प्रणाली : बख्शाली पांडुलिपि भारतीय संख्या प्रणाली का पहला जीवित संदर्भ है। संख्या शून्य के बीजगणितीय गुणों को पहली बार ब्रह्मगुप्त के ब्रह्मस्फुटसिद्धांत में 628 सीई में औपचारिक रूप दिया गया था। हिंदू संख्या प्रणाली को लगभग 800 ईस्वी तक अरब दुनिया में प्रसारित किया गया था और इसे महान फारसी गणितज्ञ अल-ख्वारिज्मी और महान दार्शनिक अल-किंडी द्वारा लोकप्रिय बनाया गया था। अरब दुनिया से, इसे लगभग 1100 सीई तक यूरोप में प्रेषित किया गया था। इस प्रकार यूरोपीय लोगों ने गलती से इसे अरबी संख्या प्रणाली कहा। आज तक, हम में से अधिकांश इसे अपनी पाठ्यपुस्तकों में अरबी संख्या प्रणाली के रूप में पढ़ते हैं।

गणित में ऋणात्मक संख्याएं : 7वीं शताब्दी में, गणित में कई अन्य उल्लेखनीय खोजों के अलावा, ब्रह्मगुप्त ने भी ऋणात्मक संख्याओं की कल्पना की और उनके साथ काम करने के लिए नियम लिखे। उन्होंने सकारात्मक संख्याओं को भाग्य (धन) और ऋणात्मक संख्याओं को ऋण (रीना) के रूप में संदर्भित किया। उनका नियम कहता है : 'शून्य से घटाया गया भाग्य एक ऋण है,' और 'शून्य से घटाया गया ऋण एक भाग्य है।' ब्रह्मगुप्त यह भी जानते थे कि 'ऋण और भाग्य का उत्पाद एक ऋण है' जो इस विचार से संबंधित है कि एक सकारात्मक संख्या को ऋणात्मक से गुणा करना एक ऋणात्मक है।

द्विपद गुणांक : यह सर्वविदित है कि संस्कृत के छंदों को सिलेबिक मीटर (अक्षरा-चंदा) या मोरिक मीटर (मात्रा-चंद) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो इस आधार पर होता है कि लय नियोजित अक्षरों की एक निश्चित संख्या के दोहराव वाले पैटर्न से उत्पन्न होती है या नहीं। मीट्रिक संरचना में नियोजित बीट्स की संख्या। पैटर्न को मान्यता दी जाती है, मान 1 को लघु शब्दांश और 2 को गुरु को निर्दिष्ट करके। प्रश्न का उत्तर- एक दी गई संख्या के लिए कितने मीटर का निर्माण कर सकता है, पिंगला के मेरुप्रस्तर द्वारा दिया गया है, जो द्विपद गुणांकों से युक्त संख्याओं का एक अनंत पर्वत है। यह मेरुप्रस्तर इस प्रश्न का उत्तर भी प्रदान करता है कि के लगुस और (एन- के) गुरु वाले के अक्षरों में कितने मीटर हैं? आज हम इस पिंगला मेरुप्रस्तर का अध्ययन पास्कल के त्रिभुज के नाम से करते हैं जिसका नाम फ्रांसीसी गणितज्ञ ब्लेज़ पास्कल (सी 1650) के नाम पर रखा गया है।

विरहंका नंबर : भारतीय प्रोसोडिस्ट, विरहंका (सी। 700 सीई) इस प्रश्न का एक सरल उत्तर के साथ आया - रु। दिए गए बीट्स के साथ कितने प्रकार के पैटर्न उत्पन्न किए जा सकते हैं? उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें संख्या 1 और 2 लिखनी चाहिए। और फिर प्रत्येक बाद की संख्या दो पिछली संख्याओं को जोड़कर प्राप्त की जाती है। अनुक्रम 1, 2, 3, 5, 8, 13, 21, 34, 55, .... में 'एन'वीं संख्या विभिन्न पैटर्नों की संख्या देती है जिन्हें एन बीट्स के साथ उत्पन्न किया जा सकता है। किसी को याद होगा कि आज हम इन संख्याओं को इतालवी गणितज्ञ लियोनार्डो बोनाची के बाद फाइबोनैचि संख्या के रूप में जानते हैं, जिन्हें फाइबोनैचि भी कहा जाता है। दुर्भाग्य से, व्यापार, जीव विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में उपयोग की जाने वाली संख्याओं की इस महत्वपूर्ण श्रृंखला के साथ विरहंका का नाम लगभग कभी जुड़ा नहीं है।

द इनफिनिट सीरीज फॉर पाई : माधव (सी। 1400), केरल स्कूल ऑफ मैथमेटिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के संस्थापक, ने गणित के इतिहास में पहली बार किसके लिए एक अनंत श्रृंखला की खोज की? - सबसे रहस्यमय संख्याओं में से एक। यह श्रृंखला जो ? का सटीक मान देती है, को आमतौर पर गणित की पाठ्यपुस्तकों में ग्रेगरी-लीबनिज़ श्रृंखला के रूप में जाना जाता है। माधव ने भी चतुराई से इस श्रृंखला का उपयोग किया - कुछ सरल गणितीय तकनीकों का आविष्कार करके - का बहुत अच्छा अनुमान प्राप्त करने के लिए? जो लगभग 11 दशमलव स्थानों तक सही था। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक खोज थी जिसने भारत में कलन की खोज की नींव रखी।

इनमें से कुछ समाचार हो सकते हैं, जबकि अन्य अंश आंशिक रूप से ज्ञात हो सकते हैं, लेकिन मनाया नहीं जा सकता। हमारी युवा पीढ़ी इस समृद्ध विरासत से अनजान और कभी-कभी उदासीन रहती है। यह निश्चित रूप से समझा जाता है कि इस तरह के विषयों के लिए निरंतर शोध, बहस और विचारों के पार परागण की आवश्यकता होती है। 'धरा : एन ओड टू इंडियन नॉलेज सिस्टम' के लेंस के माध्यम से हमारे प्रयासों का उद्देश्य इन वार्तालापों और बहसों को शुरू करना है और यह सुनिश्चित करना है कि हमारी उपलब्धियों का सामूहिक इतिहास कुछ उपेक्षित पांडुलिपियों की तहों में न भूले। संस्कृति मंत्रालय में हम सभी क्षेत्रों में भारतीयों के असंख्य योगदानों को उजागर करने और उन्हें आजादी का अमृत महोत्सव और उससे आगे के हिस्से के रूप में मनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आइए हमारे साथ भारत को गर्व के साथ मनाने में शामिल हों।

# पंथनिरपेक्षता और उसकी सीमाएं

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



भारत को यह समझ विकसित करने की आवश्यकता है कि सेक्युरवाद का क्या अर्थ है। इस समझ के बिना समाज और राष्ट्र के रूप में भारत अस्थिर बना रहेगा। कर्नाटक में पैदा हिजाब विवाद से यह मुद्दा सामने आ गया है कि सेक्युलरवाद क्या है तथा इसके अंतर्गत अल्पसंख्यकों को कहां तक उनकी पसंद के काम करने की अनुमति दी जा सकती है। इससे ये सवाल भी पैदा होते हैं कि क्या स्कूल यूनीफार्म को अनदेखा कर हिजाब पहनने की अनुमति दी जा सकती है और क्या इसका विस्तार सभी लड़कियों की कक्षाओं तक हो सकता है। अक्सर मीडिया में सेक्युलरवाद का काफी संदर्भ दिया जाता है।

लेकिन इनमें विरले ही बर्नार्ड स्टासी की रिपोर्ट का संदर्भ दिया जाता है जो सेक्युलर राज्य पर नवीनतम सिद्धान्त है। 2003 में पेश इस सिद्धान्त को फ्रांस की राष्ट्रीय असेम्बली में 2004 में पेश सेक्युलर कानून की पृष्ठभूमि माना जाता है। इससे तीन आवश्यक सिद्धान्त- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, आध्यात्मिक व धार्मिक विश्वासों पर कानून में समानता तथा राजनीतिक शक्ति की तटस्थता सामने आते हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र या सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारी विशिष्ट प्रकृति के धार्मिक प्रतीकों का प्रदर्शन नहीं करेंगे जिनमें बड़े क्रास भी शामिल हैं। हालांकि, बाकी देश में किसी प्रकार की ड्रेस पहनने या धार्मिक प्रतीकों का प्रदर्शन करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, राज्य को एक धर्म और दूसरे के बीच पूर्ण तटस्थता बरतनी होगी।

फ्रांस में सेक्युलरवाद या चर्च तथा राज्य के बीच पूर्ण अलगाव पर जोर दिया जाता है। यह स्थिति 1905 से बनी हुई है जिसमें धार्मिक विश्वासों के मुक्त व्यवहार की गारंटी दी गई है। इन मामलों में केवल सार्वजनिक व्यवस्था के हित में नियंत्रण लगाए गए हैं। स्टासी रिपोर्ट के अनुसार, विश्वास किया जाता है कि इस्लाम सेक्युलरवाद से असंगत है। इसे बर्नार्ड स्टासी द्वारा की गई जांच के पीछे उकसावा माना जाता है जिसके बाद कानून पास किया गया। जहां तक स्कूलों के निजी कर्मचारियों का सवाल है, कानून के अनुसार कर्मचारियों के किसी प्रतीकवाद के बजाय संस्थान की इच्छाशक्ति को प्राथमिकता मिलेगी।

इस अवधारणा के पीछे इरादा यह था कि किसी धर्म के कर्मचारियों के खिलाफ भेदभाव न किया जाए ताकि सेवायोजक स्कार्फ पहनने




वाली महिला या खास मुस्लिम टोपी लगाने वाले पुरुषों की नियुक्ति से बच न सकें। ये प्राविधान न केवल राजनीतिक अधिकारियों की तटस्थता सुनिश्चित करते हैं, बल्कि ये अभिव्यक्ति व विश्वास की स्वतंत्रता तथा कानून के समक्ष स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करते हैं। स्टासी रिपोर्ट ने जोर दिया है कि सेक्युलरवाद लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रत्येक राज्य संप्रभु है और उसे समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप संविधान तथा कानून बनाने का अधिकार है। यदि ऐसा न होता तो मलेशिया स्वयं को इस्लामी गणतंत्र कैसे घोषित करता तथा हिंदुओं, बौद्धों व ईसाइयों की उपस्थिति को पूरी तरह अनदेखा कर देता जा उसकी जनसंख्या का लगभग पचास प्रतिशत हैं? ऐसे में पाकिस्तान व बांग्लादेश स्वयं को इस्लामी कैसे कहते? बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 1991 तक घट कर केवल 10 प्रतिशत रह गई थी, जबकि 2001 के आंकड़ों की अभी प्रतीक्षा है। 1947 में पूर्वी बंगाल में हिंदू 30 प्रतिशत थे। पाकिस्तान ने आज स्वयं अपनी जनगणना के आधार पर बताया है कि वहां केवल 1.5 प्रतिशत हिंदू हैं। बाकी नस्ली सफाए का शिकार हो गए हैं। तथ्य यह है कि भारत ने कभी बांग्लादेश या पाकिस्तान के कामकाज पर आपत्ति नहीं की जिसका अर्थ है कि हम उनकी संप्रभुता का सम्मान करते हैं। हमें इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि पश्चिम एशिया के अमीरात द्वारा अपने क्षेत्र में एक मंदिर बनाने की अनुमति देना कहां तक उचित है? क्या सऊदी अरब को किसी गैर-मुस्लिम का प्रवेश मक्का या मदीना में रोकने का अधिकार है? क्या मानवधिकारों की कोई सार्वभौमिक घोषणा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के इन महानुभावों तथा खासकर संयुक्त राष्ट्रसंघ क सदस्यों पर लागू होती है? स्टासी रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मानवाधिकारों व मूल स्वतंत्रताओं पर यूरोपीय प्रस्ताव का अनुच्छेद 9 संपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार नहीं देता है।

'सर्व धर्म सम भाव' सेक्युलरवाद में योगदान नहीं करता है। इन शब्दों के पीछे सार्वभौमिक सहिष्णुता की भावना है। सेक्युलरवाद का अर्थ मूलत: चर्च और राज्य का अलगाव है। भारत में कभी इतनी बड़ी चर्च नहीं थी और न उसने राज्य के संचालन में हस्तक्षेप किया। दूसरी ओर इस्लाम ने कभी इहलौकिक व आध्यात्मिक के बीच अंतर नहीं किया। उसमें खलीफा या पैगंबर मुहम्मद के प्रतिनिधि के वर्चस्व के प्रमाण मिलते हैं जो एकसाथ आध्यात्मिक प्रमुख तथा इहलौकिक प्रमुख थे। वहां सीज़र ओर ईश्वर के बीच कोई विभाजक रेखा नहीं थी। भारत में ब्रिटिश राज के दौरान धार्मिक मामलों में राज्य का कोई हस्तक्षेप नहीं था। यह खासकर तथाकथित सिपाही विद्रोह के बाद हुआ।

केवल स्वतंत्रता तथा वोटबैंक राजनीति विकसित होने के बाद ही एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ खड़ा करने के लिए 'सर्व धर्म सम भाव' को तोड़ा-मरोड़ा जाने लगा। मुस्लिम लीग को विभाजन की मांग से हतोत्साहित करने के लिए पहली बार अनुच्छेद 25 से 30 तक 1946 में जोड़े गए। लेकिन रहस्यमय रूप से वे देश में विभाजन की भयानक विभीषिका सामने आने के बाद भी संविधान के प्रारूप में बने रहे। मार्क्सवादी भी स्वयं को सेक्युलर कहते हैं। लेकिन उनका विचार धर्म को समाप्त करने पर केन्द्रित है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को जनता के लिए अफीम माना है। इस दर्शन पर आगे चलते हुए स्टालिनवादियों ने अनेक चर्चों, मस्जिदों व यहूदी पूजास्थलों को सोवियत संघ में दूकानों, संग्रहालयों या कार्यालयों में बदल दिया था।

## आप की बात

### चौथी लहर का खतरा

**जहां** एक तरफ देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले कम होने से राहत की सांस ली जा रही है, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण पूर्व एशिया और यूरोप के देशों में हालात एक बार फिर चिंताजनक मोड़ ले रहे हैं। चीन में 14 महीने के अंतराल के बाद कोरोना से मौत के मामले सामने आए हैं। हॉन्गकॉन्ग में स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि शवों के लिए ताबूत कम पड़ रहे हैं। साउथ कोरिया में बीते सप्ताह यानी तीन दिनों के अंदर 14 लाख से ज्यादा नए केस सामने आ गए। उधर फ्रांस, इंग्लैंड और इटली में एक सप्ताह में कोरोना के नए मामलों में 30 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन देशों में महामारी के विकराल रूप के बावजूद भारत सरकार ने हवाई यात यात खोल रखा है। और इसके माध्यम से ही कराना के नए वेरिएंट भारत के बीच घुसपैठ करके भारी तबाही मचा सकते हैं! अत: सबसे पहले तो सरकार को उक्त देशों से आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित करना चाहिए। साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल संबंधी सावधानियां जैसे मास्क सैनिटाइजेशन और भीड़भाड़ से बचाव का सख्ती से पालन करवाया जाना जरूरी है! नया संक्रमण देशभर में तबाही मचाए उसे से पूर्व ही हमें उससे बचाव के सभी प्रयास प्रारंभ कर देना चाहिए!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### विकसित या वेस्टर्न

**स्वतंत्रता** से भी पहले, भारत की अखण्डता, एकता और संस्कृति ने समूचे विश्व के लिए मार्ग प्रसस्त किया। फिर चाहें वो शिक्षा के क्षेत्र में रहा हो या आधुनिकीकरण में, विज्ञान से लेकर अर्थशास्त्र और स्वास्थ्य से लेकर सभ्यता तक, भारत की अपनी गाथा और इतिहास रहा है। लेकिन आज विकसित होने का पैमाना, वो तय कर रहे जिनके हाथ में अर्थव्यवस्था है। इतना ही नहीं, विकसित होने का सीधा तात्पर्य, आपके, हमारे अंग्रेज़ीकरण, वेस्टर्न पहनावा, खान-पान, रहन-सहन को ही वरीयता दिया जाने लगा है। हम न चाहते हुए भी, वेस्टर्न देशों के पदचिन्हों पर तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि हमें विकसित होना है। संविधान, हमें अपने मन, धर्म, मत के अनुसार कुछ भी खाने, रहने, पहनने की अनुमती देता है। लेकिन इसका यह बिल्कुल भी अर्थ नहीं कि हम अपने संस्कृति, सभ्यता को इसलिए दरकिनार करके दूसरे को अपना ले, क्योंकि उसका चलन है या फिर उससे प्रोफेशनल लगता है। समय की मांग के अनुसार, सरकार ने भी फैमिली प्लानिंग के तहत दो ही बच्चों को अनुमती देने पर कार्य कर रहीं है। लेकिन फिर यही है कि भारतीय परिवार में जो रिश्ते होते थे, फिर चाहे वो मौसी, चाचा, ताऊ, बुआ ये सब ख़त्म हो रहे।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### युद्ध समस्या का हल नहीं

**विगत** 25 दिनों से रूस युक्रेन युद्ध में तबाह , व बर्बादी के ऐसे निशान छोड़े की दिल दहल जाए। पद , प्रतिष्ठा व अहम , वहम की इस युद्ध नीति ने दोनों देशों की विकास धारा पर तो नकेल कस दी। बल्कि इनकी नीति रीति कहि वर्षों तक इन देशों के विकास को अवरूद्ध करती नजर आ रही है। यूक्रेन में निर्दोषों को अपनी जान गवाना पड़ी। कहि मासूम बच्चों की जिंदगी शुरू होने से पहले ही खत्म हो गई। रिहायसी इलाको में बम मिसाइल की आवाजों ने चारों तरफ ख़ौफ़नाफ़ मंजर के साथ भयात्मक माहौल को जन्म दे दिया। समझ से परे लगता है की बुद्धिजीवी देश के महामहिम भी बच्चों सी नादानी कर के सिर्फ और सिर्फ बर्बादी का खेल मूकदर्शक की भांति देख रहे। युद्ध मे अरबों का नुकसान, जान माल की हानि, और देश भक्ति जन सेवा की परम्परा निभाते जांबाज जवानों , कमाण्डरों की शहादत, क्या यह सब समस्या के पहलू हैं? कुछ भी हो इस जंग को जल्द ही रोकने के लिए पहल होनी चाहिए। दोनों देशों के बीच मध्यस्थता हेतु अन्य देशों ने भी आगे आना चाहिए।

– **योगेश जोशी, बड़वाह**, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इस** अमृत काल में हमें सुधार, कामकाज व परिवर्तन को नए स्तर पर ले जाना होगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यूक्रेन** के समर्थन में दुनिया एकजुट है और अमेरिका इस प्रयास का नेतृत्व कर रहा है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**गुजरात** में 22-23 अकादमिक वर्ष से गीता कक्षा 6 से 12 के पाठ्यक्रम में शामिल होगी।

– **जीतू वाघानी**
शिक्षा मंत्री

# शपथ ग्रहण को ऐतिहासिक बनाने में जुटे सरकार व संगठन

**● सुबह आठ से दस बजे तक मंदिरों में होगा भजन-कीर्तन**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने में सरकार से लेकर संगठन जुट गया है। सोमवार को बीजेपी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

बीजेपी के सभी क्षेत्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों को सजाने की व्यवस्था करें। साथ ही सभी जिला कार्यालयों को भी सजाने के लिए कहा गया है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 25 मार्च को होने वाले योगी आदित्यनाथ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में जिलों से भी भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। पार्टी की तरफ से शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रत्येक जिला मुख्यालय और बाजारों में होर्डिंग लगाने तथा शपथ ग्रहण में आने से पहले सुबह आठ से दस बजे तक मंदिरों में पूजा-पाठ करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जिला, सभी मंडल तथा सभी शक्ति केंद्र से कार्यकर्ताओं को आने का निर्देश दिया गया है। इस बार शपथ ग्रहण में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को प्रवेश पत्र प्रदान किया जाएगा। भाजपा संगठन ने चुनाव की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को भी भरपूर मान देते हुए समारोह में आमंत्रित किया गया है। पार्टी ने तय किया है कि अन्य अतिथियों के साथ ही गौरव के इन क्षणों के सहभागी वह कार्यकर्ता भी बनें, जिन्होंने जीत के लिए काफी मेहनत की है। जिलों के हर प्रमुख चौराहे पर सजावट के साथ ही उस दिन शक्ति केंद्र यानी सेक्टर स्तर पर मठ-मंदिरों में पूजा-अर्चना की तैयारी की गई है।

प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल की ओर से इस संबंध में भाजपा के सभी क्षेत्रीय प्रभारी, अध्यक्ष, जिला प्रभारी और अध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया गया। पार्टी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम दो-दो कार्यकर्ता शपथ ग्रहण से 24 घंटे पहले लखनऊ आएं। इसके साथ ही इनको अपने जिलों के सांसद, विधायक, महापौर तथा चेयरमैन की सूची तैयार कर लखनऊ भेजने के निर्देश भी हैं। सभी जिलों से कार्यकर्ताओं के लखनऊ तक आने-जाने की व्यवस्था सांसद, विधायक और पार्टी की तरफसे कराने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्षों को शपथ ग्रहण में आने वाले सभी लोगों की सूची बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों से प्रमुख साधु-संतों के साथ डॉक्टर, इंजीनियर, साहित्यकार, समाजसेवी की सूची भी मांगी गई है। इनको शपथ ग्रहण में शामिल कराने के लिए निमंत्रण भेजा जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में सभी जिले से भाजपा कार्यकर्ता गाड़ी में पार्टी का झंडा लगा कर शामिल होंगे।

### जीत के बाद योगी को मिले गिफ्टों में बुलडोजर की धूम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव जीत का इतिहास रचने के बाद योगी सरकार और भाजपा में जश्न का माहौल है। चुनावी सभाओं में बुलडोजर की धमक खूब रही और अब चुनाव में जीत के बाद योगी आदित्यनाथ से मिलने वाले लोग उन्हें प्रतीक स्वरूप अलग अलग धातुओं से निर्मित बुलडोजर भेंट कर रहे हैं। इन्हें उम्मीद है कि सरकार गठन के बाद बुलडोजर फिर गरजेगा।

# एक बार फिर भाजपा और सपा के बीच मुख्य मुकाबला



**विधान परिषद चुनाव**

**● बीजेपी ने जिन 36 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है उनमें से पांच सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद के चुनाव में सीधा मुकाबला एक बार फिर बीजेपी और सपा के बीच होता दिख रहा है। दोनों ही दलों में सीधे मुकाबले के कारण ही जिलों में नामांकन के दौरान भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की खबरे आ रही है। 9 अप्रैल को विधान परिषद के स्थानीय निकाय क्षेत्र चुनाव में इन दोनों पार्टियों के बीच फिर जोर आजमाइश होगी। विधान परिषद के चुनाव में कांग्रेस और बसपा ने उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है जिससे यह लड़ाई एक बार फिर भाजपा और सपा के बीच हो गई है। अभी कुछ दिन पहले ही संपन्न हुए विधान सभा के चुनाव में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला है। सपा विधान परिषद के चुनाव में सदन में अपना बहुमत बरकरार रखने की कोशिश करेगी जबकि भाजपा विधानसभा के बाद अब विधानपरिषद में भी बहुमत हासिल करने का प्रयास करेगी। बीजेपी ने जिन 36 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है उनमें से पांच सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उनमें शैलेंद्र प्रताप सिंह, सी पी चंद, रविशंकर सिंह पप्पू, रमा निरंजन और नरेंद्र भाटी हैं। सपा ने रविवार को अपने 34 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। पार्टी ने अपने गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल के लिए मेरठ-गाजियाबाद तथा बुलंदशहर की सीटें छोड़ी हैं। विधान परिषद के चुनाव में कांग्रेस ने भले ही कोई प्रत्याशी नहीं उतारा हो लेकिन वह अब हार के कारणों की समीक्षा करने में जुट गई है। विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सोमवार 21 मार्च थी। 100 सदस्यीय विधान परिषद में इस समय भाजपा के 35 सदस्य हैं जबकि सपा के 17 बसपा के चार तथा कांग्रेस, अपना दल, निषाद पार्टी और निर्दल समूह का एक एक सदस्य है। शिक्षक दल के दो सदस्य हैं जबकि एक निर्दलीय सदस्य है। विधान परिषद की 36 सीटें पिछली सात मार्च को संबंधित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के कारण रिक्त हो गई थीं। सदन में 37 वीं सीट नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन के निधन की वजह से खाली हुई है। विधानसभा की हाल के चुनाव में भाजपा को 255 सीटें मिली थीं और वह लगातार दूसरी बार स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उसके सहयोगी अपना दल सोनेलाल को 12 तथा निषाद पार्टी को छह सीटों पर जीत हासिल हुई थी। दूसरी ओर सपा को 111 सीटें मिली थी और उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल को आठ तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को छह सीटें मिली थीं। इसके अलावा कांग्रेस को दो तथा बसपा को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी।

## 12-14 वर्ष के बच्चों को अब स्कूलों में टीका लगाने की तैयारी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**टीकाकरण** केन्द्रों पर 12 से 14 साल के बच्चों की संख्या में कमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी समेत प्रदेश भर में कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अब स्कूलों में टीका लगाने की तैयारी है। जिससे सभी बच्चे वैक्सीनेटेड हो सके। इसके तहत राजधानी के एक लाख 94 हजार 424 बच्चों को वैक्सीन की सुरक्षा दी जानी है। टीकाकरण के पहले दिन एक हजार 474 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई थी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा एमके सिंह ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों का टीकाकरण करना मुश्किल हो रहा है। बहुत ही कम संख्या में बच्चे टीका लगवाने आ रहे हैं। ऐसे में स्कूल खुलने पर ही लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए टीमें गठित की जा रही हैं जो स्कूलों में कैंप लगाकर बच्चों का टीकाकरण करेंगी। उन्होंने बताया कि पहली डोज में 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त हो चुके हैं। जबकि सेकेंड डोज में 82 फीसदी से अधिक लोगों ने वैक्सीन ले ली है। साथ ही प्रिकाशन डोज यानी सतर्कता डोज 97 फीसदी लोगों को लग चुकी है। दूसरी ओर प्रदेश में 15 से 17 आयु वर्ग में एक करोड़ 29 लाख 22 हजार से अधिक को डोज लगाए चुके हैं। इसमें 65 लाख 50 हजार को सेकेंड डोज लग चुकी है। बता दें कि बीते बुधवार से शुरू 12 से 14 साल के बच्चों को शुरू हुए वैक्सीनेशन अभियान का निरीक्षण सीएम योगी ने सिविल अस्पताल पहुंच कर किया था।

# सभी बिजली स्टोरों की सामग्री हो आनलाइन

**● जनता के हित में उपभोक्ता परिषद ने उठाई मांग**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के बिजली विभाग के सभी स्टोर को आनलाइन करने और सभी सामग्री को भी आनलाइन करने की मांग उप्र उपभोक्ता परिषद ने उठाई है ताकि बिजली उपभोक्ता आनलाइन सामग्री को देखकर अपने बिजली कनेक्शन लेने के लिए होने वाले व्यय की गणना स्वयं कर सके। दरअसल सभी बिजली कम्पनियों में वर्तमान में इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग ईआरपी व्यवस्था लागू की जा रही है। ऑनलाइन होने से पारदर्शिता कायम होगी। ऐसे में उपभोक्ता संयोजन लेने की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन होने से आवेदक द्वारा स्वत: संयोजन की औपचारिकता पूरी करते ही उसका आगणन स्वत: ऑनलाइन बन कर आवेदक को दिखने लगेगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विभाग के सभी डिवीजन अपने ट्रांसफार्मर की उपलब्ध संयोजन क्षमता भी सार्वजानिक करें ताकि उपभोक्ता को कोई यह झांसा न दे पाए की कैपेसिटी ट्रांसफार्मर स्टोर में है या नहीं, अनेक जगह उपभोक्ता को ओवरलोड सिस्टम बताकर भारी धनराशि का स्टीमेट जारी कर दिया जाता है। सबसे बड़ा चौंकाने वाला मामला यह है कि वर्षो से स्टोर में सामान नहीं है जिससे हजारों उपभोक्ता रूपए जमा कर घूम रहे हैं और परेशान हो रहे हैं।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा ने कहा कि विगत दिनों हाईकोर्ट द्वारा अपने एक अंतरिम निर्णय में उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल भेजने को आपराधिक कृत्य तक करार दे दिया ऐसे में अब समय आ गया है बिजली कम्पनिया पारदर्शिता को हर स्तर पर लागू करें जिससे उपभोक्ताओ का उत्पीड़न न हो। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता का कोई काम जो बिजली विभाग से होना है और उसमे वित्तीय व्यवस्था जुड़ी है। वह ऑनलाइन होना आवश्यक है बिजली चोरी से लेकर बिलिंग संशोधन के रफनोट जिसे विभाग आर-2 भी कहता है वह भी ऑनलाइन हो जिससे उपभोक्ता देख सके और उस पर उसे कोई संदेह हो तो वह चलेंजे कर सके। बहुत जल्द ही उपभोक्ता परिषद् इस पूरी वयवस्था को ऑनलाइन करने के लिए नियामक आयोग और सरकार गठन के बाद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से भी बात करेगा और आवश्यक हुआ तो आगामी राज्य सलाहकार समिति की मीटिंग में एक प्रस्ताव इससे सम्बंधित ले जाएगा।

# किसान बिना पंजीकरण के बेच सकेंगे गेहूं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गेहूं** खरीद में इस बार उन किसानों को अपना पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी, जिन्होंने धान खरीद के दौरान पंजीकरण कराया था। ऐसे किसानों से सरकार सीधे गेहूं की खरीद करेगी। यह पहला मौका है जब सरकार ने पंजीकरण से किसानों को राहत दी है। इन किसानों से पुराने पंजीकरण के आधार पर गेहूं खरीदा जाएगा।

विदित हो कि राज्य में गेहूं की सरकारी खरीद पहली अप्रैल से होनी है। इसके लिये बीती 20 मार्च से पंजीकरण का काम शुरू हुआ है। पंजीकरण में किसानों को अपनी गेहूं की बोआई का रकबा तथा खसरा खतौनी सहित अन्य कई अभिलेख दर्ज करने हैं। योगी सरकार ने पंजीकरण की व्यवस्था चार साल पहले गेहूं खरीद में हेराफेरी सामने आने के बाद शुरू की थी। जानकारों के मुताबिक आश्चर्यजनक तरीके से गेहूं की रिकार्ड खरीद होने पर सरकार ने छानबीन करायी थी। जिसमें पाया गया था कि जिन किसानों के पास बहुत कम खेती थी उन्होंने उपज से कई गुना अधिक गेहूं सरकार को बेचा था। जिसके बाद सरकार ने पंजीकरण की व्यवस्था लागू की थी। सरकार ने तय किया है कि धान खरीद में जिन किसानों ने पंजीकरण कराया था, उन्हे गेहूं खरीद में दोबारा पंजीकरण नहीं कराना होगा, केवल नये किसानों को ही पंजीकरण कराने की जरूरत होगी।

# सपा ने मांगा मथुरा-एटा-मैनपुरी में नामांकन के लिए अतिरिक्त समय

**● प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर सौंपा ज्ञापन, पार्टी उम्मीदवारों को नामांकन से रोकने जैसी घटनाओं पर तत्काल सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर मथुरा-एटा-मैनपुरी में नामांकन के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय बढ़ाये जाने की मांग की है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने विधान परिषद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र मथुरा-एटा-मैनपुरी से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी उदयवीर सिंह एमएलसी से जबरन नामांकन फार्म छीने जाने तथा इटावा-फर्रुखाबाद में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों से मारपीट किए जाने की शिकायत की गई। समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमण्डल ने कई अन्य जनपदों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को नामांकन से रोकने जैसी घटनाओं के विरूद्ध तत्काल सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में अराजकता का माहौल बन गया है और लोग भयभीत हो गए हैं। चुनाव प्रभावित हो रहा है और स्वतंत्र निष्पक्ष एवं निर्भीक चुनाव सम्पन्न होने में प्रश्नचिह्न लग रहा है। प्रतिनिधिमण्डल में राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, अरविन्द कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद, रविदास मेहरोत्रा सदस्य विधानसभा तथा केके श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में स्थानीय निकाय कोटे की 36 सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है जबकि मतगणना 12 अप्रैल को होगी। विधानपरिषद की 36 सीटों के लिए दो चरण में चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण के नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है नामांकन पत्रों की जांच सोमवार 21 मार्च को होगी, जबकि 23 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण के तहत विधानपरिषद की 6 सीटों के लिए 22 मार्च तक नामांकन पत्र भरा जा सकेगा। 23 मार्च को नामांकन पत्र की जांच होगी और 25 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# नीति आयोग के आंकड़ों ने खोली भाजपा सरकार के विकास की पोल

**● भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है: सपा प्रमुख**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वादे भी किए थे। सुशासन और गरीबों की भलाई के फर्जी आंकड़े पेश किए गए लेकिन चुनाव खत्म होते ही भाजपा के झूठ की कलई अब उतर गयी है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा विकास के किये गये झूठे दावों को खुद भारत सरकार का नीति आयोग ही झुठला रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के राज में नीति आयोग में प्रथम बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) में यूपी को देश के सबसे तीन गरीब राज्यों में शामिल बताया गया है। बिहार और झारखण्ड के बाद उत्तर प्रदेश तीसरे नम्बर पर है। यहां के 37.79 प्रतिशत लोग निर्धन है। इसी तरह कुपोषण में भी उत्तर प्रदेश तीसरे दर्जे पर है। बाल एवं शिशु मृत्यु दर श्रेणी में भी पूरे देश में उत्तर प्रदेश सबसे खराब स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास का झूठ मंत्रजाप करने वाले भाजपा नेतृत्व की मंशा असल में उत्तर प्रदेश को विकास के बजाय विनाश के रास्ते पर ले जाने की है। भाजपा सरकार में प्रदेश में विकास पूरी तरह अवरुद्ध रहा है जिससे विकास दर में गिरावट आती जा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार जहां प्रदेश को गरीबी के गर्त में ढकेला जा रहा है। वहीं महंगाई की मार से आम आदमी की कमर तोड़ने का भी काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से घरेलू उत्पादों की कीमतों में भारी उछाल होगा। दूध, चाय, काफी, मैगी के दाम तो पहले से ही बढ़ गए हैं अब अन्य उपभोक्ता उत्पादों के ग्राहकों पर आर्थिक भार पड़ेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने जिन्हें अच्छे दिनों का सपना दिखाया था वे भी अब अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। झूठ का सुनहरा मुलम्मा चढ़ा कर भाजपा ने सबके खातों में 15-15 लाख और किसान की आय दुगनी करने तथा लाखों रोजगार देने का झांसा दिया जिसका अब पर्दाफाश हो गया है।

## प्रदेश में अब तक साढ़े दस करोड़ से उपर कोरोना सैम्पल की जांच

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 55,806 सैम्पल की जांच की गयी। जबकि कोरोना संक्रमण के 54 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 10,67,50,255 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 55 लोग तथा अब तक कुल 20,46,070 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 777 एक्टिव मामले है। कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 20 मार्च को एक दिन में 55,908 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,25,34,003 तथा दूसरी डोज 12,15,76,357 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,29,43,839 तथा दूसरी डोज 67,21,891 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 14,178 तथा कल तक 23,51,602 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 29,61,41,870 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

# 26 मार्च को चुना जायेगा रालोद का नया नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत मैदान में उतरे राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से नवनिर्वाचित विधायकों में से विधानमंडल दल का नया नेता 26 मार्च को चुना जाएगा। इस बार चुनाव में पार्टी को आठ सीटें मिली हैं। पहले यह बैठक 21 मार्च को प्रस्तावित थी लेकिन समाजवादी पार्टी की 26 को प्रस्तावित बैठक को देखते हुए रालोद ने भी उक्त तिथि पर बैठक करने का निर्णय लिया है। 26 मार्च को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर होने वाली बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी करेंगे। इस बैठक में पार्टी के विधायक दल का नेता चुना जाएगा जबकि आगे की रणनीति भी तय की जाएगी। इस बार विधानसभा चुनाव 2022 में राष्ट्रीय लोकदल का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन था। सपा गठबंधन ने 125 सीट जीती हैं। इनमें से 33 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारने वाले राष्ट्रीय लोकदल को आठ सीट मिली हैं। इनमें बागपत के छपरौली से अजय कुमार, शामली के शामली सदर से प्रसन्न चौधरी तथा थाना भवन से अशरफ अली, मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना से राजपाल बालियान, पुरकाजी से अनिल कुमार तथा मीरापुर से चंदन चौहान, हाथरस के सादाबाद से प्रदीप कुमार गुड्डू, मेरठ के सिवालखास से गुलाम मोहम्मद विधायक निर्वाचित हुए हैं।

### जयंत चौधरी के राज्यसभा में जाने की चर्चाएं तेज

**चुनाव** के दौरान व चुनाव बाद भाजपा द्वारा आरएलडी को निमंत्रण दिये जाने के मसले पर जयंत चौधरी के विरोध को देखते हुए समाजवादी पार्टी इनाम दे सकती है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जयंत चौधरी अपने गठबंधन वाले दल सपा के सहयोग से राज्यसभा में जा सकते हैं। चर्चा है कि राज्यसभा के चुनाव में जयंत चौधरी सपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हो सकते हैं। इसको लेकर जयंत चौधरी तथा सपा के मुखिया के बीच में जल्द ही वार्ता भी होनी है।

## प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं आज से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों की मंगलवार से शुरू होने वाली परीक्षाएं इस बार एक ही समय सारिणी और एक ही मॉडल कोश्चंस पेपर आधारित होंगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस बाबत सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। कोरोना काल के बाद परिषदीय स्कूलों में इस बार कक्षा 1 से 8 तक की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है। खास यह कि इस साल की परीक्षा में किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा। परिषद ने संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश के अनुसार सभी बच्चों की कक्षोन्नति की जाएगी। कम अंक लाने वाले बच्चों के लिए अगली कक्षा में विशेष कक्षाएं आयोजित होंगी। अंकपत्र तैयार करने की तिथि पूर्व की तरह 30 मार्च और परिणाम की घोषणा की तिथि 31 मार्च ही है। जिससे पहली अप्रैल से नया सत्र शुरू हो सके। परिषद की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा मौखिक व कक्षा दो से पांच तक परीक्षाएं मौखिक व लिखित में कराई जाएंगी।

# दो अप्रैल से सदस्यता अभियान शुरू करेगी आम आदमी पार्टी

**● राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक, नगर निगम चुनाव में पूरी तैयारी से उतरने का लिया फैसला**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कोई सफलता न मिलने के बावजूद आम आदमी पार्टी हतोत्साहित कतई नहीं है। पार्टी नए सिरे से संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुट गई है। इसी के तहत आगामी 2 अप्रैल से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। राज्यसभा सदस्य और आम पार्टी के यूपी प्रभारी संजय की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दूसरे दिन सोमवार को संजय सिंह ने बताया कि जल्द संगठन के बड़े निर्णय लिये जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और महासचिव दिनेश सिंह पटेल सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने विशेष चर्चा कि भविष्य में किस तरह से पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। संगठन को मजबूत करने पर सबका जोर रहा।

इस दौरान सांसद संजय सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे जोश और ताकत के साथ आगामी नगर निगम चुनाव की तैयार में जुट जाने की अपील की। चुनाव कैसे लड़ना है और क्या रणनीति रहेगी इसपर भी संगठन के नेताओं ने अपनी राय रखी। सांसद संजय सिंह ने कहा कि एक.एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी लेनी होगी। संगठन से लोग जुड़ना चाहते हैं और उनको पार्टी से जोड़ने का अभियान भी तेज किया जाएगा। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की जो परफारमेंस रही, पंजाब में जो हमारी सरकार बनी है उसने राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को जनता के बीच जगह दी है। संजय सिंह ने कहा कि आने वाले नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में कैसे आम आदमी पार्टी मजबूती और अपनी ताकत के साथ उतरेगी उसकी तैयारी पर संगठन के शीर्ष नेता भी मंथन कर रहे हैं। जल्द बड़े निर्णय सबके सामने आएंगे। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में एक स्थापित पार्टी है और उसकी एक पहचान है। हम यहां पर प्रमुख विपक्षी दल की भूमिका को निभाएंगे । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे उत्तर प्रदेश की जनता से किए हैं। वे वादे जो उनके घोषणा पत्र में हैं, उसको पूरा करते हैं या नहीं उसपर हमारी निगाह होगी।

जनप्रतिनिधियों/समर्थकों के साथ भरा पर्चा

# भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने किया नामांकन







**संवाददाता।** सीतापुर

**एमएलसी नामांकन** को लेकर भाजपा के प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने गाड़ियों के काफिले के साथ पहले तो भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उसके बाद कार्यालय में मौजूद पार्टी के जनप्रतिनिधि सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, नगर विधायक राकेश राठौर गुरू, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली मनीष रावत, हरगांव सुरेश राही, सेवता ज्ञान तिवारी, महमूदाबाद आशा मौर्या, महोली शंशाक त्रिवेदी, बिसवां निर्मल वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी पवन सिंह का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने भी स्वागत किया। फिर उसके बाद नामांकन के लिए भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह का काफिला जिलाधिकारी कार्यालय के लिए रवाना होकर जनप्रतिनिधियों के साथ नामांकन किया। इस मौके पर लहरपुर से पूर्व विधायक सुनील वर्मा महोली विधायक शशांक त्रिवेदी शिव कुमार गुप्ता अशोक सिंह संतोष सिंह भंवर सिंह चेयरमैन अरुण सिंह गप्पू पीयूष सिंह चौहान अनिल सिंह चौहान प्रवीण सिंह चौहान डॉक्टर वैभव सिंह दिनेश सिंह राम बहादुर सिंह ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडे ब्लाक प्रमुख नमिता अवस्थी राम भक्त रावत संजू सिंह विश्राम सागर राठौर राजेश शुक्ला रोहित सिंह विक्रम सिंह अवनेद्र विक्रम सिंह रामजीवन जयसवाल मिथिलेश यादव अजय विश्वकर्मा इंदू सिंह चौहान कंचन प्रभा पांडे टीपी सिंह प्रेमदीप जायसवाल पंकज पांडे दीपेंद्र भदोरिया सूर्य भानु सिंह डब्बू सुधीर सिंह रोहित भारती इंद्रपाल यादव धीरेंद्र सिंह चौहान प्रणीत सिंह मनोज सिंह पूर्व प्रमुख संजय सिंह रामस्वरूप भार्गव नैमिष रतन तिवारी अनूप विश्वकर्मा संजय मिश्रा आशु सिंह अश्वनी शुक्ला अनूप त्रिपाठी संजय मिश्रा प्रदीप गुप्ता कल्पना वर्मा नीरज वर्मा झल्लर, मनोज तिवारी प्रदुमन वर्मा मौजूद रहे प्रस्ताव को में सरिता सिंह अंशु सिंह अनुपम सिंह जितेंद्र सिंह ललित सिंह मुन्नी देवी राघवेंद्र सिंह अमर सिंह चौधरी मनोज सोनू सिंह पंकज चौधरी आदि शामिल है।

## सपा से अरुणेश यादव ने किया नामांकन, कसा शिकंजा





**एमएलसी चुनाव** के नामांकन प्रक्रिया में सपा से प्रत्याशी अरूणेश यादव ने भी नामांकन कर दिया है। इसके अलावा अरूण दीक्षित मोनू ने भी निर्दलीय रूप से नामांकन किया है। सपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया सहित तमाम कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे थे जो गेट पर मौजूद रहे। बता दें सीतापुर से सपा के एमएलसी प्रत्याशी अरुणेश यादव नामांकन कर रहे थे और उधर उनके पैतृक गांव में शिक्षण संस्थानों की पैमाइश कराई जा रही थी। अरुणेश के पिता मास्टर रामलाल यादव भाजपा से ब्लॉक पहला के प्रमुख रहे हैं। हाल ही में वह सपा में शामिल हो गए थे। एमएलसी प्रत्याशी अरुणेश यादव ने बताया कि हमारे यह संस्थान 2004 से बने हुए हैं। सब कुछ जायज और मानक अनुरूप है। प्रशासन नाप जोख कर ले। यह सब कार्यवाही राजनीति से प्रेरित है। वह एमएलसी का चुनाव लड़ रहे हैं इस कारण यह सब किया जा रहा है।

## गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्ठी संपन्न

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर के** संतनगर सहसापुर स्थित गायत्री चेतना केंद्र पर रविवार को गायत्री परिवार सीतापुर की जिला स्तरीय गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें भगवान बुद्ध की तपस्थली श्रावस्ती में 7, 8, 9 नवंबर की तिथियों में होने जा रहे युग सृजेता प्रांतीय युवा समारोह कार्यक्रम को लेकर उत्तर प्रदेश के युवा कार्यकर्ताओं को शांतिकुंज हरिद्वार से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। ऑनलाइन गोष्ठी को

### ● घोषित हुईं ब्लॉक स्तरीय युवा सम्मेलनों की तिथियाँ

शांतिकुंज हरिद्वार से केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ संयोजक के पी दुबे व उत्तर जोन प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने संबोधित कर ब्लॉक स्तरीय युवा सम्मेलनों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राम नरेश वर्मा, जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट सीतापुर के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गंगासागर वर्मा सहित ब्लॉकों के ब्लॉक समन्वयकों व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिले के 11 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय युवा सम्मेलनों की तिथि निर्धारित की गई । पहला ब्लॉक स्तरीय युवा सम्मेलन बेहटा ब्लॉक के पट्टी गुरेला गांव में 27 मार्च होगा। युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया युवाओं को साधना अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिकाएँ तथा श्रावस्ती कार्यक्रम के अंशदान व अन्नदान हेतु मिशन की रसीदें भी वितरित की गईं। इस दौरान गायत्री परिजन अवधेश वर्मा, रमाकांत अवस्थी, प्रेमदीप जायसवाल, संत कमल, जायसवाल, रामू वर्मा, डॉ0 राजीव सिंह, गायत्री देवी, अर्चना मौर्य आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, देवरानी-जेठानी की मौत

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**दो सड़क** दुर्घटनाओं में दो महिलाओं और दो पुरुषों की दुखद मृत्यु हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली दुर्घटना थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम जैतनगर खजौना के पास हुई। बताया गया है कि जनपद उन्नाव के अंतर्गत ग्राम रामपुर खंगरी निवासी सरोजिनी पत्नी सत्यनारायन सैनी, फूलमती पत्नी राजेश सैनी बाइक से जा रही थीं। बाइक सोनू चला रहा था। जैतापुर के पास अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर से फूलमती की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सरोजिनी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। बाइक सवार सोनू को भी काफी चोटें लगीं। सरोजिनी और सोनू को सीएचसी बेंहदर ले जाया गया। मृतका के देवर रिंकू सैनी ने बताया कि सीएचसी बेंहदर पर डॉक्टरों ने इलाज में कोई ध्यान नहीं दिया। मात्र टाके लगाकर इंजेक्शन लगा दिया और एक घण्टे तक वहीं रोके रखा। बाद में सरोजिनी को लेकर सीएचसी संडीला पहुंचे। इलाज के दौराना सरोजिनी की भी मौत हो गयी। दूसरी सड़क दुर्घटना कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत प्रताप नगर बाजार के पास हुई। बताया गया है कि ग्राम शहबाजपुर निवासी 25 वर्षीय पुष्पेन्द्र अपने बहनोई 28 वर्षीय राहुल के साथ प्रताप नगर बाजार गए थे। वापस लौटते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे पुष्पेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि इलाज के दौरान राहुल की भी मौत हो गयी। ट्रक चालक को पीछा करके राहगीरों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया जो अधिकारियों के काफी समझाने बुझाने के बाद खुला। पुलिस ने ट्रक चालक को जेल भेज दिया है।

## लाइनमैन की करंट से मौत, आक्रोशित कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**संडीला (हरदोई)।** विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे लाइनमैन की लाइन में करेंट आ जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से नाराज विद्युतकर्मियों ने सबस्टेशन के बाहर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जतुली थाना कछौना निवासी 40 वर्षीय रामसागर बालामऊ सबस्टेशन पर संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत था। वह खंबे पर चढ़कर किसी फॉल्ट की मरम्मत कर रहा था। इसी बीच विद्युत लाइन चालू हो गयी जिसका करेंट लगने से रामसागर बुरी तरह झुलस कर नीचे आ गिरा और उसकी मौत हो गयी। इस घटना से नाराज लाइनमैनों ने सबस्टेशन के बाहर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई और उचित मुआवजे का आश्वासन दिया तब जाकर यह प्रदर्शन सामप्त किया गया।

मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता

# सीतापुर के खिलाड़ियों ने किया खेल में दमदार प्रदर्शन

**संवाददाता।** सीतापुर



**जिला व्याया**म शिक्षक राज शर्मा के नेतृत्व में जनपद सीतापुर की टीम ने मंडलीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता, जो कि रायबरेली में आयोजित की गई थी, में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रयास एवं उनकी प्रेरणा से ये संभव हुआ है। योगा की बालक व बालिका दोनों टीमों ने अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। प्राथमिक बालिकाओं ने कब्बडी में रजत पदक जीता। व्यायाम की टीम ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में 3 स्वर्ण , 8 रजत व 5 कांस्य पदक जीते हैं। प्रभारी के रूप में रमाकांत मौर्य, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय तथा सहयोगी के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह, उमेश गौतम, आराधना अवस्थी व शाहीन अंसारी ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। टीम के साथ प्रमोद दीक्षित, मो0 जुनेद, चंद्रभूषण वर्मा, प्रदीप तिवारी, नीलम, धीरेन्द्र, पंकज, देश दीपक, नंद किशोर, जय प्रताप, ललित, शबनम, प्रीति आदि मौजूद रहे तथा बच्चों की प्रतिभागिता में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

## डीएम ने किया पोलियो बूथ का उद्घाटन

**बरेली।** सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम के अर्न्तगत बूथ दिवस पर आज जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने अर्बन प्रास्वा केन्द्र बानखाना में बनाए गए पोलियो बूथ का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और अन्य उपस्थित जनमानस से क्षेत्र में निवास करने वाले सभी 0 से 5 वर्ष तक के अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा? बलवीर सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा आरएनसिंह, डॉ विजेन्द्र कुमार, प्रचिअ के अतिरिक्त डॉ पीवी कौशिक, उब्लूएचओ यूनिसेफ एड्रा, सीएचएआई आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## उत्तराखंड में धामी, गोवा में सावंत...

भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 70 में से 47 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को केवल 19 सीटें ही मिलीं। इस बीच, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरी बार कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी। बिरेन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मैं लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करूंगा। राज्यपाल ला गणेशन ने हाल ही में संपन्न 12वें मणिपुर विधानसभा चुनाव में हिंगांग विधानसभा क्षेत्र से चुने गए सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के चार और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के पांच विधायकों ने मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। यहां भाजपा ने 32 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है।

## योगी मंत्रिमंडल में होगा...

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, ब्यूरोक्रेट अरविंद कुमार शर्मा तथा बेबी रानी मौर्या का नाम डिप्टी सीएम के लिए चर्चा में है। इनके साथ ही 15 पुराने मंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य, सुरेश कुमार खन्ना, ब्रजेश पाठक, सतीश महाना, सिद्धार्थ नाथ सिंह, सूर्य प्रताप शाही, श्रीकांत शर्मा, जय प्रताप सिंह, सिद्धार्थनाथ सिंह, आशुतोष टंडन गोपाल जी, भूपेन्द्र चौधरी, अनिल राजभर, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कपिल देव अग्रवाल, जितिन प्रसाद, रविंद्र जायसवाल तथा चौधरी लक्ष्मीनारायण के मंत्री बनने की संभावना है। योगी आदित्यनाथ सरकार के गठन के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस बार मंत्रिमंडल में जातीय के साथ क्षेत्रीय संतुलन भी साधा जाएगा। नए मंत्रियों के रूप में कन्नौज से विधायक असीम अरुण, हरदोई के विधायक नितिन अग्रवाल, फर्रुखाबाद के मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कायमगंज की डॉ. सुरभि, इटावा से सरिता भदौरिया, मैनपुरी से जय वीर सिंह, मऊ से रामविलास चौहान तथा देवबंद से कुंवर ब्रजेश को भी जगह मिल सकती है। अयोध्या के रुदौली से विधायक रामचंद्र यादव, तुमकहीराज से विधायक असीम राय, फाजिलनगर से विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा, चिल्लूपार से विधायक राजेश त्रिपाठी तथा लखनऊ के सरोजनीनगर से विधायक राजेश्वर सिंह को भी मौका मिल सकता है। गाजियाबाद के साहिबाबाद से रिकार्ड मतों से जीतने वाले विधायक सुनील शर्मा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह के नाम की भी जोरदार चर्चा है। महिलाओं में बलिया के बांसडीह से रामगोविंद चौधरी को हराने वाली केतकी सिंह, कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं रायबरेली सदर विधायक आदिति सिंह, सपा छोड़ भाजपा का दामन थामने वाली मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव तथा हाथरस से पहली बार विधायक बनी अंजुला सिंह माहौर को भी मंत्री बनाया जा सकता है। भाजपा अपने सहयोगी दलों का भी ख्याल रखेगी। निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद तो कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं जबकि उनके बेटे गोरखपुर की चौरी चौरा सीट से विधायक श्रवण कुमार निषाद भी मंत्री बन सकते हैं। इसके साथ ही अपना दल से एलएलसी आशीष पटेल के अलावा एक और मंत्री बनाया जा सकता है। माना जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल इस बार साफ सुथरी छवि वाले विधायकों को अधिक संख्या में मंत्री बनाया जाएगा। संगठन के लोगों को भी मौका मिलेगा जबकि पहले मंत्री रहे कई विधायकों को अब संगठन के काम में लगाया जाएगा।

## चीन में 132 यात्रियों को...

उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए तत्काल कार्वाई की जा रही है और विमानन क्षेत्र तथा लोगों के जीवन की सुरक्षा के लिए विमानन क्षेत्र की सुरक्षा को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। सरकारी प्रसारक सीजीटीएन की खबर के अनुसार, पहला बचाव दल सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में स्थित दुर्घटना स्थल पर पहुंच गया है। वहीं, प्रधानमंत्री ली क्विंग ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने का प्रयास करते हुए कहा कि उनकी सहायता की जाएगी, समय पर तथ्यात्मक रूप से सही जानकारीसूचना उपलब्ध कराई जाएगी, दुर्घटना की जांच पूरी गंभीरता से की जाएगी और नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत बनाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

संबंधित विभागों ने दुर्घटना स्थल के लिए अपनी-अपनी टीम रवाना कर दी है। गुआंगशी और पड़ोसी गुआंगदोंग प्रांतों से राहत दल मौके पर पहुंच रहे हैं। इसबीच, विमानन कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि चीन की तीन सबसे बड़ी विमानन कंपनियों में शामिल चाइना ईस्टर्न एयरलाइन ने सोमवार को हुए हादसे के बाद अपने सभी बोईंग 737-800 विमानों की उड़ानें रद्द कर दी हैं। इसबीच, चाइना ईस्टर्न एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट का रंग बदलकर काला कर दिया है। समाचार पोर्टल द पेपर के अनुसार, गुआनझो बाईयुन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक कर्मचारी ने बताया कि हांगकांग के साऊथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने खबर दी कि कुनमिंग से गुआनझो जा रहा विमान एमयू5735 अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा। इस विमान को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1:10 मिनट पर कुनमिंग से उड़ान भरनी थी और दोपहर 2:52 बजे गुआनझो पहुंचना था, लेकिन अब बाईयुन हवाई अड्डे के ऐप पर इसे लापता बताया जा रहा है।

## आप की पंजाब जीत के...

चड्ढा पंजाब में आप के राजनीतिक मामलों के सह-प्रभारी और दिल्ली के राजिंदर नगर से विधायक हैं, जबकि पाठक आईआईटी दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं और अरोड़ा लुधियाना के कपड़ा व्यवसायी हैं। सभी पांच उम्मीदवारों का संसद के उच्च सदन के लिए चुना जाना तय है, क्योंकि आप ने हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीटें जीती हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद हरभजन सिंह ने कहा कि वह खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। राज्यसभा के लिए आप की सूची में हिंदू समुदाय के चार और एक सिख सदस्य के शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता एवं मौजूदा विधायक सुखपाल खैरा ने ट्वीट किया कि अगर आम आदमी पार्टी द्वारा संभावित राज्यसभा उम्मीदवारों की यह सूची सही है तो यह पंजाब के लिए सबसे दुखद खबर होगी और यह हमारे राज्य के लिए पहला भेदभाव होगा। हम किसी भी गैर पंजाबी को नामांकित किए जाने का कड़ा विरोध करते हैं। यह आप के कार्यकर्ताओं के साथ भी एक मजाक है, जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। इस बीच, शिरोमणि अकाल दल (शिअद) के नेता हरचरण बैंस ने भी राज्यसभा नामांकन के लिए आप की आलोचना की। बैंस ने कहा कि मंत्रिमंडल गठन के दौरान आप की पंजाब इकाई के जाति एवं धार्मिक संवेदनशीलता के सम्मान करने को लेकर बहुत कुछ कहा गया था। हालांकि, यह मानदंड बहस का विषय है, अगर इसे लागू किया जाता है, तो आप के राज्यसभा उम्मीदवारों के बारे में क्या कहेंगे? चार हिंदू, उनमें से दो गैर-पंजाबी और एक सिख। जाट, दलित, मुस्लिम, ईसाई कोई नहीं। राज्यसभा की छह राज्यों में 13 सीटों के लिए 31 मार्च को मतदान होना है। मतगणना भी उसी दिन की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया दो अप्रैल से पहले पूर्ण की जानी है।

## असम की दो सीटों पर...

भाजपा के पवित्र मार्गरीटा, गठबंधन सहयोगी यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के रवनग्रा नारजारे और कांग्रेस उम्मीदवार एवं राज्य सभा के निवर्तमान सांसद रिपुन बोरा ने यहां विधानसभा सचिव के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा मार्गरीटा के नामांकन के वक्त साथ थे। मुख्यमंत्री कांग्रेस के सभी विधायकों से सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया का यूक्रेन-रूस...

के साथ डिजिटल शिखर वार्ता में सोमवार को कहा कि रूस के यूक्रेन में भयानक आक्रमण करने के बाद युद्धग्रस्त देश में हुई जनहानि के लिए उसे जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऐसी भयानक घटनाएं कभी न हों। मॉरिसन ने यूक्रेन संकट पर क्वाड देशों के नेताओं की हाल में हुई बैठक का भी जिक्र किया और कहा कि इससे हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए घटनाक्रम के असर और परिणामों पर चर्चा करने का अवसर मिला। क्वाड चार देशों का एक समूह है। इसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम यूरोप में भयानक स्थिति से व्यथित हैं, हालांकि हमारा ध्यान हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर अधिक है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विविध क्षेत्रों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों में काफी प्रगति देखी गई है। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए वार्ता के नतीजे पर पहुंचना आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा, हमारी भागीदारी मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खनिज, जल प्रबंधन और अक्षय ऊर्जा के अहम क्षेत्रों में तीव्र गति से सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर वार्ता का तंत्र स्थापित होने को लेकर मैं खुश हूं।

## तीनों कृषि कानून निरस्त...

घनवट ने कहा कि समिति ने राज्यों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली को कानूनी रूप देने की स्वतंत्रता समेत कानूनों में कई बदलावों का भी सुझाव दिया था। समिति ने यह भी सुझाव दिया था कि ओपन एंडेड खरीद नीति को बंद कर दिया जाना चाहिए और एक मॉडल अनुबंध समझौता तैयार किया जाना चाहिए। स्वतंत्र भारत पार्टी के अध्यक्ष घनवट ने कहा कि मैं आज यह रिपोर्ट जारी कर रहा हूं। तीनों कानूनों को निरस्त कर दिया गया है। इसलिए अब इसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। घनवट के अनुसार, रिपोर्ट से भविष्य में कृषि क्षेत्र के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जवाब से जाहिर हुआ कि लगभग दो-तिहाई उत्तरदाता कानूनों के पक्ष में थे। ई-मेल के माध्यम से प्राप्त जवाब से यह भी पता चला कि अधिकतर लोग कानूनों का समर्थन करते हैं। घनवट ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले आंदोलन करने वाले 40 संगठनों ने बार-बार अनुरोध करने के बावजूद अपनी राय प्रस्तुत नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र के सुधारों के लाभों के बारे में विरोध करने वाले किसानों को नहीं समझा सकी। निरस्त किए गए तीन कृषि कानून - कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून और आवश्यक वस्तुएं (संशोधन) कानून थे। तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करना दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन करने वाले 40 किसान संगठनों की प्रमुख मांगों में से एक था। विरोध प्रदर्शन नवंबर 2020 के अंत में शुरू हुआ और संसद द्वारा तीन कानूनों को निरस्त करने के बाद समाप्त हुआ। तीनों कानून जून 2020 में लागू हुए थे और नवंबर 2021 में निरस्त कर दिए गए थे। एमएसपी प्रणाली को कानूनी रूप देने की किसान संगठनों की मांग पर समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मांग ठोस तर्क पर आधारित नहीं थी और इसे लागू करना संभव नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया कि गेहूं और चावल के लिए, खरीद पर सीमा होनी चाहिए जो जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की जरूरतों के अनुरूप हो। ओपन एंडेड खरीद नीति को बंद करने की आवश्यकता है क्योंकि यह कुछ निश्चित रूप से कृषि उत्पादन की संरचना को बदल रही है। समिति ने कम से कम दस साल आगे कैसे बढ़ना है, इस पर कुछ विकल्प दिए। रिपोर्ट में कहा गया, समिति ने जिन विकल्पों पर विचार-विमर्श किया, उनमें से एक यह है कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों में गेहूं और चावल की खरीद, भंडारण और पीडीएस पर उत्पादन, खरीद और गरीबी को उचित महत्व देने वाले उद्देश्य के आधार पर वर्तमान खर्च आवंटित किया जाए। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्यों को अपने-अपने क्षेत्र में किसानों का सहयोग करने और गरीब उपभोक्ताओं की रक्षा करने के लिए अपने स्वयं के दृष्टिकोण विकसित करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। घनवट ने कहा कि वह जल्द ही कृषि नीति पर एक चर्चा पत्र लेकर आएंगे और कृषि सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर में दिल्ली में एक लाख से अधिक किसानों की एक रैली भी आयोजित करेंगे।

## मार्च में जून जैसी...

पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, पूर्वी मध्य प्रदेश, बंगाल, असम, झारखंड, मेघालय, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी दिन का तापमान सामान्य से 1.6 से 3 तीन डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा। मध्य प्रदेश के खरगौन में एक दिन पहले रविवार को दिन का तापमान देश में सबसे अधिक 42.2 डिग्री तक पहुंच गया था। हालांकि सोमवार को यहां 40.6 डिग्री तापमान रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री अधिक 20.5 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार 26-27 मार्च तक नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद जैसे दिल्ली से सटे शहरों में तापमान 41 से 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में हालांकि तापमान 38 डिग्री रह सकता है, लेकिन हवाओं की रफ्तार तेज होगी। इससे गर्म हवा के थपेड़ों के चलते घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है।

## रास में उठा...

सरकार को सभी राज्यों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी करनी चाहिए। सभापमि एम वेंकैया नायडू ने भी मौसम में अचानक आए इस बदलाव पर चिंता जताई और कहा कि यह एक गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि मार्च में इतनी गर्मी है तो आगे क्या होगा? उन्होंने राज्यसभा में भाजपा के उपनेता मुख्तार अब्बास नकवी से कहा कि सरकार को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण ने भी मौसम के इस रुख पर चिंता जताई। समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए कहा कि हिमालय के दोहन और बाजारीकरण से इसका पूरा स्वरूप बदल रहा है और इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# पार्टी ने किसान पुत्र पर किया भरोसा: अनुराग

### सपा प्रत्याशी ने भरा पर्चा



**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**स्थानीय प्राधिकारी** चुनाव में एमएलसी पद के सपा प्रत्याशी अनुराग पटेल ने लाव-लश्कर के साथ अपना नामांकन कराया। लोहिया भवन से राष्ट्रीय महासचिव रविप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कय्यूम खान, निवर्तमान विधान परिषद सदस्य शशांक यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, उत्कर्ष वर्मा, राम सरन, सुनील लाला, प्रीतेंदर सिंह कक्कू भइया व वरुण चौधरी के संयोजन में नामांकन जलूस निकाला और जिला कलेक्ट्रेट में पहुंच कर अनुराग पटेल ने अपना आज दूसरा सेट दाखिल किया। अपना नामांकन दाखिल करने के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए अनुराग पटेल ने कहा कि सपा ने मुझ किसान पुत्र अनुराग पटेल पर भरोसा रख कर प्रत्याशी बनाया है। मैं पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। हमारे किसान नौजवान साथी भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे! नामांकन के दौरान क्रांति कुमार सिंह, वैशाली अली, कमलदीप सिंह, तृप्ति अवस्थी, पारुल गुप्ता, प्रख्याति खरे, आरती जानवर, अजय सिंह, संजीव वर्मा, आकाश लाला, रियाजुल्ला खान, सुरेंद्र कुमार, इसरार अहमद, यदुवेन्द्र वर्मा, मुन्ना यादव, अभय प्रताप सिंह, तारिक अहमद खान, प्रवीण यादव, माधुर्य सिंह मधुर, अमित वर्मा, फैसल खान, अशोक कश्यप, सार्दुल सिंह नरेश यादव, फहीम अहमद जावेद अख्तर, रघुवीर सिंह यादव, मंजीत सिंह, राम शंकर राज, वीरेंद्र वर्मा वीरू, यश मोहन वर्मा, मो. अफजाल, अंचल गुप्ता, आकाश गुप्ता, व त्रिभुवन सिंह सेंगर समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन घंटे में चोरी का माल बरामद

● अभियुक्त से पूछताछ जारी

● व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की पुरस्कार देने की घोषणा

**मोहम्मदी-खीरी।** कल रात युसूफ किराना स्टोर बर्बर रोड मोहम्मदी की दुकान में रात में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर भारी चोरी की। कोतवाली ने रिपोर्ट की दर्ज कर ली है। कस्बा इचार्ज ने सीसीटीवी कैमरे से लोकेशन ली जिसमें एक चोर की तस्वीर सामने आयी। तत्काल पुलिस ने अपने मुखबिर को लगाया और तीन घंटे में पुलिस को लगी सफलता। माल सहित अभियुक्त पुलिस के चंगुल में हैं। गौरतलब है कि शातिर चोरों ने सीसीटीवी कैमरे के तार भी काट दिए थे परंतु फिर भी एक चोर की तस्वीर सामने आ गई। अब रुक से स्थगन पूछताछ की जा रही है जिसमें दीवार काटने के उपकरण सहित अन्य माल भी बरामद करने की पुलिस कोशिश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय के सफल निर्देशन में कस्बा आरक्षियों की मेहनत रंग लाई। तीन घंटे के अंदर चोरी गया माल तथा दो अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में। इस टीम में प्रमुख रूप से शिव बहादुर सिंह, विशाल कुशवाहा, राहुत कुमार, कपिल कुमार, गुलफाम, गौरव कुमार व करन शर्मा प्रमुख रूप से रहे।

# विपक्ष ने नितिन गडकरी की सराहना की

## ● लेकिन सड़कों की गुणवत्ता एवं रखरखाव के मुद्दे पर उठाए सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा में** सोमवार को लगभग सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने देश में सड़क अवसंरचना के विकास के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की, साथ ही सड़कों की गुणवत्ता एवं रखरखाव के मुद्दे पर भी सवाल उठाए एवं टोल एकत्रित करने में पारदर्शिता की कमी का आरोप भी लगाया। लोकसभा में वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर गत बुधवार को आरंभ हुई चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की भी लोकसभा में मांग की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के सांसद तापिर गाव ने सड़क निर्माण के लिए सरकार की सराहना करते हुए सड़क परिवहन मंत्री गडकरी को देश में सड़कों का जाल बिछाने वाला स्पाइडरमैन बताया।

चर्चा में हिस्सा लेते हुए आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि वह विपक्ष का सदस्य होने के नाते अक्सर सरकार की अनेक नीतियों का विरोध करते हैं, लेकिन सड़क और राजमार्ग मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करते हैं क्योंकि नितिन गडकरी के नेतृत्व में मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क अवसंरचना के विकास में अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सदन में पहली बार किसी अनुदान की मांग का समर्थन कर रहा हूं। एआईएमआईएम के इम्तियाज जलील ने भी गडकरी के नेतृत्व में देश में सड़कों के क्षेत्र में हुए काम की तारीफ करते हुए कहा कि राजनीति और आलोचना अपनी जगह



है लेकिन भाजपा का कोई कट्टर विरोधी भी होगा तो देश में सड़कों और राजमार्गों के विकास को देखकर गडकरी की तारीफ करेगा। हालांकि उन्होंने मंत्रालय के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन पर कार्वाई की मांग की। जलील ने कहा कि नवंबर 2019 में गडकरी ने एक ट्वीट करके उनके क्षेत्र की एक सड़क की बुरी हालत का जिक्र किया था और उसे आठ दिन में दुरुस्त करने के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्वाई का निर्देश दिया था। एआईएमआईएम सदस्य ने कहा कि लेकिन अभी तक उस दिशा में कोई काम नहीं होने से लगता है कि गडकरी साहब तो चुस्त हैं लेकिन उनके कुछ अधिकारी सुस्त हैं। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के तापिर गाव ने कहा, मैंने नितिन गडकरी का नाम स्पाइडरमैन रख दिया है क्योंकि जैसे मकड़ा जाल बिछा देता है उसी तरह उन्होंने सड़कों का जाल बिछा दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद चीन से लगी सीमा के निकट सड़कों का निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लोकसभा सदस्य ने अपने राज्य में कई सड़कों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा, मोदी है तो मुमकिन है, गडकरी है तो मुमकिन है। गाव ने कहा, मैं आशा करता हूं कि स्पाइडरमैन जिस गति से सड़कें बना रहे हैं, उसे आगे बढ़ाते रहेंगे। देश और पूर्वोत्तर इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा। समाजवादी पार्टी के एसटी हसन ने मुरादाबाद से गुजरने वाले कुछ राजमार्गों के अधूरे पड़े कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय को इस पर ध्यान देना चाहिए। चर्चा में हिस्सा लेते हुए जनता दल (यूनाइटेड) के चंद्रेश्वर प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मौतों से देश को तीन फीसदी जीडीपी का नुकसान होता है। मंत्रालय को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ज्यादा कारगर कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस के बेनी बेहनान ने कहा कि यह सरकार देश की प्रमुख परिसपंत्तियों का निजीकरण कर रही हैं, ऐसे में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी से अनुरोध है कि सड़कों को इससे बचाया जाए। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के जसबीर सिंह गिल ने कहा कि राजमार्गों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण करते समय मुआवजा देने में एकरूपता होनी चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ए एम आरिफ ने कहा कि सरकार को टोल संग्रह के संदर्भ में श्वेत-पत्र लाना चाहिए ताकि लोगों को सही स्थिति का पता चल सके।




यूक्रेन में मारे गए मेडिकल छात्र नवीन की शवयात्रा के दौरान उनको श्रद्धांजलि देते कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई

# ऑस्ट्रेलिया ने 29 पुरावशेष भारत को लौटाए: सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भगवान शिव,** भगवान विष्णु और जैन परंपरा आदि से संबद्ध 29 पुरावशेषों को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को वापस लौटा दिया है, जिनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरीक्षण किया। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। ए पुरावशेष अलग-अलग समय अवधि के हैं, जिसमें से कुछ तो 9-10 शताब्दी ईस्वी पूर्व के हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया से वापस भारत लाए गए 29 पुरावशेषों निरीक्षण किया। ए पुरावशेष अलग-अलग समयावधि से हैं और इनमें से कई 9वीं-10वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व के भी हैं। ए पुरावशेष भारत की धरोहर हैं, जिन्हें वापस लाना एक ऐतिहासिक कदम है। भारत वापस लाई गई अधिकतर मूर्तियों में बलुआ पत्थर, संगमरमर, कांस्य और पीतल इत्यादि का प्रयोग किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, ए पुरावशेष छह श्रेणियों, शिव तथा उनके शिष्यों , शक्ति की पूजा , भगवान विष्णु तथा उनके रूप , जैन परंपरा, चित्र और सजावटी वस्तुओं से नाता रखते हैं। ए प्राचीन वस्तुएं राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल की हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के साथ एक ऑनलाइन वार्ता भी की। वहीं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बताया कि 2014 से अब तक 228 पुरावशेष भारत को लौटाए जा चुके हैं। एएसआई ने एक ट्वीट किया, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ऑस्ट्रेलिया से 29 पुरावशेष मिले हैं। 1976 से 2013 के बीच कुल 13 पुरावशेष लौटाए गए थे। 2014 से लेकर अभी तक कुल 228 पुरावशेष लौटाए गए हैं। यह सफर जारी है।

# ईपीएफ ब्याज दर अन्य बचत योजनाओं से बेहतर: वित्त मंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राज्यसभा में जोर दिया कि कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर प्रस्तावित 8.1 प्रतिशत ब्याज दर अन्य छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों से बेहतर है तथा इसमें संशोधन मौजूदा समय की वास्तविकताओं पर आधारित है। वित्त मंत्री ने सदन में विनियोग विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि ईपीएफओ का केंद्रीय बोर्ड भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर का फैसला करता है और बोर्ड ने ही वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पीएफ दर को कम कर 8.1 प्रतिशत रखने का प्रस्ताव दिया है।

उन्होंने कहा, ईपीएफओ का एक केंद्रीय बोर्ड है जो यह तय करता है कि किस दर पर ब्ब्याज दिया जाना है, और उन्होंने इसे काफी समय तक नहीं बदला ... उन्होंने अब इसे बदल दिया है ... 8.1 प्रतिशत। वित्त मंत्री ने कहा कि ईपीएफओ ने ब्याज दर को 8.1 प्रतिशत रखने का आह्वान



किया है जबकि सुकन्या समृद्धि योजना (7.6 प्रतिशत), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (7.4 प्रतिशत) और पीपीएफ (7.1 प्रतिशत) सहित अन्य योजनाओं में मिलने वाली दरें बहुत कम हैं। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन वैज्ञानिक तरीके से किया गया है और इसका खुलासा सेबी के पास आईपीओ को लेकर जमा विवरण पुस्तिका में किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा 2022-23 में 8.17 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है और चालू वित्त वर्ष के लिए 7.45 लाख करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अनुपूरक अनुदान मांग में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों में पूंजी डाले जाने को लेकर 5,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री ने 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने उर्वरक सब्सिडी, नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवेलपमेंट (नाबार्ड) में पूंजी डालने के लिए अतिरिक्त कोष मांगा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई कार्य उम्मीद से तेजी से हुए जिनके लिए उस समय व्यय करना जरूरी हुआ। उन्होंने कहा कि राशि का एक बड़ा हिस्सा आम लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूरिया की उंची लागत का बोझ खुद उठाया और इसका भार किसानों पर नहीं डाला। निर्मला सीतारमण ने इस बात से इंकार किया कि वित्त वर्ष 2018-19 में हुए अतिरिक्त व्यय के लिए संसदीय मंजूरी लेने में सरकार ने देरी की है।

उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांगों तथा वित्त वर्ष 2018- 19 के अतिरिक्त अनुदान की मांगों पर सदन में हुई चर्चा के जवाब में यह टिप्पणी की। चर्चा के दौरान सदस्यों ने कहा था कि सरकार ने 2018- 19 के लिए अतिरिक्त अनुदान की मांगों को अब पेश किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह विषय लोक लेखा समिति के पास था और उसने सरकार से कहा था कि वह इस अतिरिक्त व्यय को नियमित करने के लिए संसद से मंजूरी ले। उन्होंने कहा कि सरकार को समिति की रिपोर्ट फरवरी 2021 में मिली थी और जून 2022 तक सरकार को मंजूरी लेने के लिए समय दिया गया था। उनके जवाब के बाद सदन ने संबंधित विनियोग विधेयकों को लौटा दिया। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय विवि स्नातक कोर्स में छात्रों के दाखिले के लिए सीयूईटी के अंकों का उपयोग करेंगे : जगदीश कुमार

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों को स्नातक पाठ्यक्रमों में छात्रों के दाखिले के लिए विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में प्राप्त अंकों का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में सीयूईटी का आयोजन किया जाएगा। इसका मतलब है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के पात्रता मानदंडों को छोड़कर छात्रों के दाखिले में 12वी कक्षा में प्राप्त अंकों का कोई असर नही पड़ेगा। कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा, वर्ष 2022-23 शैक्षणिक वर्ष से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी स्नातक एवं परास्नातक कोर्स के लिए सीयूईटी का आयोजन करेगी। सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों में दाखिला देने के लिए सीयूईटी में प्राप्त अंकों पर विचार करना होगा। उल्लेखनीय है कि 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों को यूजीसी से आर्थिक सहायता मिलती है। कुमार ने कहा कि सीयूईटी का पाठ्यक्रम एनसीईआरटी के 12वी कक्षा के सिलेबस से मिलता-जुलता ही होगा। सीयूईटी में सेक्शन-Iए, सेक्शन-Iबी, समान्य परीक्षा और पाठ्यक्रम-विशिष्ट विषय होंगे। सेक्शन-Iए अनिवार्य होगा, जोकि 13 भाषाओं में होगा और उम्मीदवार इनमें से अपनी पसंद की भाषा का चयन कर सकते है। कुमार ने कहा कि छात्रों के पास अंग्रेजी, हिंदी, असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू का विकल्प रहेगा। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा कि सीयूईटी का विश्वविद्यालयों की आरक्षण नीति पर कोई प्रभाव नही होगा। उन्होंने कहा कि सीयूईटी के बाद किसी भी केंद्रीय काउंसलिंग का आयोजन नही होगा।

### एक फरवरी से 11 मार्च के बीच 22,500 भारतीय यूक्रेन से लाए गए

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री वी के सिंह ने सोमवार को कहा कि एक फरवरी से 11 मार्च के बीच करीब 22,500 भरतीयों को यूक्रेन से वापस लाया गया। ज्ञात हो कि रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई आरंभ किए जाने के बाद यूक्रेन ने 24 फरवरी को नागरिक विमानों के लिए हवाई मार्ग बंद कर दिया था। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके बाद भारत ने पोलैंड, हंगरी, रोमानिया जैसे यूक्रेन के पड़ोसी देशों से 26 फरवरी से अपने नागरिकों को निकालना आरंभ कर दिया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन गंगा के तहत भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए कुल 90 विमानों का परिचालन किया गया। इनमें 14 विमान भारतीय वायु सेना के भी शामिल थे। सिंह ने कहा, करीब 22,500 भारतीय नागरिकों को एक फरवरी और 11 मार्च के बीच यूक्रेन से वापस लाया गया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन गंगा के तहत हुए सभी विमानों के परिचालन का खर्च सरकार ने वहन किया और छात्रों से कोई शुल्क नही वसूला गया।

### स्वच्छ गंगा मिशन पर बनी डॉक्यूमेंट्री आज नेशनल ज्योग्राफिक चैनल पर दिखाई जाएगी

**नई दिल्ली।** गंगा नदी के उत्तराखंड के ग्लेशियर से निकलने से लेकर सुंदरबन तक बहने की यात्रा को दर्शाने वाली एक नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म 22 मार्च को नेशनल ज्योग्राफिक चैनल पर दिखाई जाएगी। नेटवर्क ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह डॉक्यूमेंट्री भारत के विशाल एवं व्यापक नदी संरक्षण कार्यक्रम पर आधारित है। नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि एक घंटा लंबे इस विशेष कार्यक्रम गंगा: द रिवर फ्रॉम द स्काइज में लोगों, संगठनों और बुनियादी ढांचे के जटिल नेटवर्क को दर्शाया जाएगा, जोकि इसे (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन) फिर से जीवंत और संरक्षित करने के लिए मिलकर काम कर रहे है।

### भगवंत मान ने मंत्रियों को किया विभागों का बंटवारा, गृह विभाग अपने पास रखा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों का आवंटन कर दिया। उन्होंने गृह विभाग अपने पास ही रखा है, जबकि हरपाल सिंह चीमा को वित्त विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शनिवार को दस मंत्रियों को शामिल किया गया। सूत्रों के मुताबिक, मान ने गृह, सतर्कता और कार्मिक विभागों को अपने पास रखा है। दिड़बा से दो बार के विधायक हरपाल सिंह चीमा को वित्त और राजस्व विभाग दिया गया है, जबकि बरनाला के विधायक गुरमीत सिंह मीत हेयर को शिक्षा विभाग आवंटित किया गया है। मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला मंत्री डॉ. बलजीत कौर को महिला कल्याण, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग दिया गया है, जबकि डॉ. विजय सिंगला को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हरभजन सिंह को बिजली विभाग दिया गया है, जबकि लाल चंद को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का कार्यभार दिया गया है। कुलदीप सिंह धालीवाल राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग की जिम्मेदारी दी गई है और लालजीत सिंह भुल्लर को परिवहन विभाग आवंटित किया गया है।



बिहार दिवस के लिए पटना के गांधी मैदान को सजाने का कम करते कर्मी

# राम दरबार स्वागत द्वार गिराए जाने पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दी अध्यक्ष ने

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान विधानसभा** के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने सोमवार को सालासर-सुजानगढ़ मार्ग पर राम दरबार स्वागत द्वार तोड़े जाने का मुद्दा सदन में उठाने की इजाजत नहीं दी। उपनेता (प्रतिपक्ष) राजेंद्र राठौड़ ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाना चाहा तो डॉ जोशी ने उन्हें टोकते हुए कहा, जो विषय केंद्र का है उस विषय पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो सकती। अध्यक्ष ने कहा, भगवान श्रीराम की मूर्ति लगे द्वार को जिस ढंग से गिराया गया वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आपकी भावना से भारत सरकार को अवगत करवा देंगे लेकिन सदन में इस पर चर्चा नहीं होगी। शाम को सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पहले डॉ जोशी ने अपनी व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा, मैंने कुछ व्यवस्था दी थी। मेरे ध्यान में आप कुछ बात लाए, मैं आपकी भावना को समझते हुए राजस्थान सरकार के लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से कहूंगा कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं हो।

उल्लेखनीय है कि यह प्रवेश द्वार चुरू जिले में प्रसिद्ध सालासर बालाजी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित था और सड़क को मौजूदा दो लेन से चार लेन का तक चौड़ा करने के लिए इसे 15 मार्च को ढहा दिया गया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। भाजपा नेताओं ने इसको लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को भी इसको लेकर विधानसभा के बाहर कांग्रेस और भाजपा के विधायकों ने एक दूसरे पर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा कि स्वागत द्वार का निर्माण एक गैर सरकारी संगठन द्वारा किया गया था, जिस पर प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी राम दरबार की मूर्तियां बिना प्राण प्रतिष्ठा के गेट पर रखी गई थी। उन्होंने कहा कि अब सड़क को दो लेन से चार लेन तक चौड़ा किया जा रहा है इसलिए द्वार को तोड़ा गया लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि द्वार को हटाने से पहले मूर्तियों को नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हर सरकार और हर अधिकारी की जिम्मेदारी है कि किसी की भावनाएं आहत न हों। डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने इस मुद्दे पर आंदोलन शुरू करने के लिए सालासर के पुजारियों को फोन किया। उन्होंने भाजपा पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा नेता मंदिर के पुजारियों को कॉल कर कह रहे हैं कि आप आंदोलन शुरू करें और भाजपा इसे आक्रामक रूप देना चाहती है। उनके पास सिर्फ एक काम बचा है, धर्म के नाम पर लोगों को बांटो। डोटासरा ने कहा कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार के दौरान जयपुर मेट्रो रेल के काम के दौरान जयपुर में 300 से अधिक मंदिरों को तोड़ा गया था।

# वरवर राव के खिलाफ आरोप गंभीर मिल सकता है मृत्युदंड : एनआईए

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रीय जांच** एजेंसी (एनआईए) ने बॉम्बे उच्च न्यायालय से कवि-कार्यकर्ता वरवर राव की ओर से दायर स्थाई मेडिकल जमानत याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है। जांच एजेंसी ने सोमवार को कहा कि वरवर राव के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं और यदि ए साबित हुए, तो उन्हें मौत की सजा हो सकती है। वरवर राव एल्गार परिषद माओवादी संपर्क मामले में आरोपी हैं। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने एनआईए की ओर से अदालत से कहा कि ऐसा लगता है कि 83 वर्षीय वरवर राव नियमित रूप से उम्र संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। सिंह ने कहा है कि जांच एजेंसी इस बाबत एक सहमतिपत्र देने के लिए इच्छुक है कि जब भी जरूरत होगी, उन्हें जेल या सरकारी अस्पताल में जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सिंह ने कहा, यह एक बहुत-बहुत गंभीर अपराध है जिसका संबंध राष्ट्रीय सुरक्षा से है। इसके अलावा राव के खिलाफ लगे आरोप सर्वोच्च सजा मृत्युदंड का आधार बन सकते हैं। राव को पिछले साल उच्च न्यायालय ने अस्थाई चिकित्सा जमानत दे दी थी। यह जमान उस चिकित्सा रिपोर्ट के आधार पर दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि राव को नियमित रूप से चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है। सिंह ने कहा कि अब वह अस्पताल से छुट्टी पाने के लिहाज से पूरी तरह स्वस्थ हैं, इसिलए स्थाई चिकित्सा जमानत देने का सवाल ही कहां उठता है? सिंह ने पूछा कि क्या इसका मतलब यह है कि जब तक पूरी सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक राव लगातार जमानत पर रहेंगे? न्यायमूर्ति एसबी शुक्रे और न्यायमूर्ति एसएम मोदक की पीठ ने पाया कि विशेष परिस्थितियों में भारतीय दंड संहिता की धारा 437 स्थाई जमानत नहीं प्रदान करती, जिसमें किसी आरोपी का बीमार होना शामिल है। सिंह ने दलील दी कि सरकारी जेजे अस्पताल के चिकित्सक किसी भी बीमारी के इलाज में पूरी तरह सक्षम हैं और राव को वहां समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। राव के अधिवक्ता आनंद ग्रोवर ने कहा कि 83 वर्षी तेलुगु कवि की चिकित्सा जांच में शुरुआती पर्किंसन रोग के लक्षण मिले हैं। ग्रोवर ने कहा कि तलोजा जेल में उपलब्ध सुविधाएं और राव की सेहत एक-दूसरे के अनुकूल नहीं हैं। राव को इसी जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में रखा गया था। ग्रोवर ने पूछा कि जिस तलोजा जेल में एलोपैथिक चिकित्सक तक नहीं है, वहां राव की सेहत की निगरानी कैसे हो सकेगी। ग्रोवर ने कहा, मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि आरोप साबित नहीं होंगे, मुझे कब तक इंतजार करना चाहिए। क्या इसके पहले ही मुझे मर जाना चाहिए।

# संचार का बेहद सशक्त माध्यम हैं कठपुतलियां

## ● कार्यशाला के प्रतिभागियों को दिए गए प्रमाणपत्र

**खैराबाद।** कठपुतली जन संचार का अत्यधिक सशक्त माध्यम है। भारत में एक लंबे समय से लेकर आज तक यह प्रासंगिक बना हुआ है। यह बात भारतीय विज्ञान लेखक संघ के डॉ. वीपी सिंह ने कही। वे विश्व कठपुतली दिवस पर सीतापुर के सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज में बोल रहे थे। उन्होंने कहाकि फ्रांस जैसे विकसित देश में बड़े-बड़े कठपुतली थिएटर हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। अन्य देशों में भी किसी न किसी रूप में कठपुतली कला अपना प्रभाव बनाए हुए है। उन्होंने कहाकि इस कला को आसानी से सीखा जा सकता है और कहीं भी प्रदर्शित किया जा सकता है। इस अवसर पर कोरोना जागरूकता को लेकर कालेज में हुई कठपुतली कार्यशाला और आउटरीच कार्यक्रम के



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। वहीं जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. योगेश दीक्षित ने कहाकि कठपुतली कला दो तरफा संचार का प्रभावशाली माध्यम है। इसके माध्यम से सामान्य हास परिहास से लेकर विज्ञान संचार जैसे गंभीर विषय को आसानी से समझाया जा सकता है।

# देश में कोविड-19 के 1,549 नए मामले, 31 की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोरोना वायरस के 1,549 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,30,09,390 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 25,106 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को सुबह आठ बजे तक जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 31 और मरीजों के कोविड-19 से जान गंवाने के बाद इस महामारी से मरने वाले लोगों की संख्या 5,16,510 पर पहुंच गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.06 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में।,134 की कमी दर्ज की गई है। संक्रमण की दैनिक दर 0.40 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.40 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में



कोविड-19 का पता लगाने के लिए 3,84,499 नमूनों की जांच की गई है। भारत में अभी तक कुल 78.30 करोड़ नमूनों की जांच हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक, इस महामारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,24,67,774 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत दर्ज की गई। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 181.24 करोड़ खुराकें दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। देश में जिन 31 और मरीजों ने जान गंवाई है उनमें से 24 की मौत केरल में हुई। इस संक्रमण से अभी तक 5,16,510 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से।,43,767 की महाराष्ट्र में, 67,339 की केरल, 40,037 की कर्नाटक, 38,025 की तमिलनाडु, 26,147 की दिल्ली, 23,492 की उत्तर प्रदेश और 21,194 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई।

# यूरोप यात्रा के दौरान पोलैंड जाएंगे बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन यूक्रेन पर जारी रूसी हमलों के बीच उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोप के सहयोगियों के साथ बातचीत के लिए अपनी आगामी यूरोप यात्रा के दौरान पोलैंड भी जाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाइडन बुधवार को वाशिंगटन से ब्रसेल्स रवाना होंगे और फिर वहां से पोलैंड जाएंगे, जहां वह इन देशों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। यूक्रेन संकट में पोलैंड एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहा है। वह हजारों अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी कर रहा है। साथ ही पिछले कुछ दशकों में यूरोप के सबसे बड़े शरणार्थी संकट के बीच वह किसी भी अन्य देश की तुलना में यूक्रेन से पलायन करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा संख्या में शरण दे रहा है। पोलैंड ने 20 लाख से अधिक लोगों को शरण दी है। बाइडन पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रजेज डूडा के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए शुक्रवार को वारसॉ जाएंगे। साकी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर चर्चा करेंगे कि कैसे अमेरिका अपने सहयोगियों और भागीदारों के साथ रूस के अनुचित और अकारण युद्ध से पैदा मानवीय और मानवाधिकार संकट का जवाब दे रहा है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, अपने दौरे से पहले बाइडन सोमवार को यूरोपीय नेताओं के साथ युद्ध पर चर्चा करेंगे। चर्चा में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रैगी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के हिस्सा लेने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस के

## बुधवार को वाशिंगटन से ब्रसेल्स रवाना होंगे और फिर वहां से पोलैंड जाएंगे

अधिकारियों ने कहा है कि बाइडन की यूक्रेन की यात्रा करने की कोई योजना नहीं है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस महीने पोलैंड की यात्रा के दौरान देश के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कुछ समय के लिए पड़ोसी देश यूक्रेन गए थे। पोलैंड ने हमेशा नाटो के अपने सहयोगी देशों से यह रक्तपात रोकने के लिए अधिक प्रयास करने की अपील की है। यूक्रेन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आक्रमण ने बड़े पैमाने पर अमेरिका और नाटो तथा यूरोपीय सहयोगियों के साथ-साथ एशिया और अन्य जगहों के देशों को एकजुट किया है। अमेरिका और यूरोपीय देशों की सरकारें रूस की सैन्य आक्रामकता को अपनी सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए खतरे के रूप में देखती हैं। बाइडन और नाटो ने बार-बार कहा है कि अमेरिका और नाटो गैर-नाटो सदस्य यूक्रेन को हथियार और अन्य रक्षात्मक उपकरण के जरिए सहयोग देंगे, लेकिन वे ऐसी किसी भी कार्वाई से बचना चाहते हैं, जिससे कीव की तरफ से आक्रामकता बढ़ने से रूस के साथ व्यापक युद्ध का जोखिम बढ़े। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने नौ मार्च को यूक्रेन को नाटो हवाईअड्डे के माध्यम से मिग लड़ाकू जेट विमान प्रदान करने के पोलैंड के प्रस्ताव को यह कहकर खारिज कर दिया था कि रूसी आक्रमण के खिलाफ संयुक्त प्रयास अधिक उपयोगी हथियारों पर केंद्रित होने चाहिए। पेंटागन ने कहा था कि अमेरिका और नाटो के जरिए मिग भेजने से युद्ध के और तेज होने का जोखिम बढ़ेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से अपनी सेना को अधिक विमान और उन्नत वायु-रक्षा प्रणाली प्रदान करने का अनुरोध किया है।

## मॉस्को-कीव के बीच मध्यस्थ बनने के प्रयास में इजराइल

**यरूशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम को लेकर जारी वार्ता में प्रगति के बावजूद दोनों पक्षों के बीच बड़ा फासला अब भी बरकरार है। नफ्ताली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमवार को कहा कि इजराइल दुनिया के अन्य साथियों के साथ दूरियां कम करने और युद्ध समाप्त करने के लिए प्रयास करता रहेगा। नफ्ताली बेनेट ने युद्ध में शामिल दोनों देशों के बीच मध्यस्थ के रूप में काम किया है। इजराइल के यूक्रेन और रूस, दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। यूक्रेन पर फरवरी में रूसी हमले के बाद से इजराइल ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ का काम किया। इजराइली प्रधानमंत्री ने हाल के हफ्तों में दोनों नेताओं से टेलीफोन पर कई बार बातचीत की है। इस महीने की शुरुआत में बेनेट ने मॉस्को का दौरा करके रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की थी।



रूस के हमले में क्षतिग्रस्त बिल्डिंग।

## चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र के आसपास के विकिरण मॉनिटर ठप: यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन की परमाणु नियामक एजेंसी ने कहा है कि चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास लगे विकिरण मॉनिटर ने काम करना बंद कर दिया है। यह वही संयंत्र है जिसे वर्ष 1986 में दुनिया की सबसे भीषण परमाणु दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। एजेंसी ने सोमवार को जारी अपने बयान में यह भी कहा कि इस क्षेत्र में अब अग्निशमन सेवा भी नहीं उपलब्ध है कि वनों को बचाया जा सके। इस संयंत्र को रूसी सैनिकों ने गत 24 फरवरी को अपने अधिकार में ले लिया था। बयान के मुताबिक जोखिम को मिलाकर देखने का अर्थ यह हो सकता है कि आने वाले हफ्तों और महीनों के दौरान ना केवल यूक्रेन बल्कि इसकी सीमा से परे भी विकिरण फैलने पर नियंत्रण स्थापित करने की क्षमता में काफी गिरावट आएगी। चेर्नोबिल संयंत्र के प्रबंधक ने रविवार को कहा कि रूसी सेना के कब्जे के बाद से संयंत्र पर लगातार काम कर रहे 50 कर्मचारियों को रोटेट करते हुए बदल दिया गया है।

## ईयू के सदस्य देशों ने यूक्रेन में हो रहे युद्ध अपराध की निंदा की

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने रूस पर यूक्रेन में युद्ध अपराध करने का आरोप लगाया, मास्को पर नए प्रतिबंध लगाने का कोई संकेत नहीं दिया। यूक्रेन के मारियुपोल शहर में असैन्य लोगों की मौत की संख्या बढ़ने के साथ ही जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने असैन्य ठिकानों, अस्पताल और थिएटर पर बढ़ते रूस के हमले को रेखांकित किया। बेयरबॉक ने कहा, अदालतों को निर्णय लेना होगा लेकिन मेरे लिए यह निश्चित तौर पर युद्ध अपराध हैं। यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों की यहां आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता करने से पहले ईयू के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा, मारियुपोल में जो हो रहा है वह बड़ा युद्ध अपराध है। निरंकुश तरीके से सब कुछ बर्बाद किया जा रहा है, बम बरसाए जा रहे हैं और सबकी हत्या की जा रही है।

## दिल्ली से दोहा जा रहे विमान को कराची में आपात स्थिति में उतारा गया: पाकिस्तानी अधिकारी

**कराची-नई दिल्ली।** दिल्ली से दोहा जा रहे कतर एयरवेज के एक विमान को सोमवार तड़के तकनीकी खराबी के कारण पाकिस्तान के दक्षिणी शहर कराची में आपात स्थिति में उतारा गया। पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता सैफुर रहमान ने पुष्टि की कि कतर एयरवेज की उड़ान क्यूआर-579 को कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतारा गया। कुछ ही घंटों में, सभी 283 यात्रियों को एयरलाइन द्वारा भेजे गए वैकल्पिक विमान से दोहा के लिए रवाना कर दिया गया। रहमान ने कहा कि कतर एयरवेज की दोहा जाने वाली उड़ान ने नई दिल्ली से देर रात 3.20 बजे उड़ान भरी थी और सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कराची में उसे आपात स्थिति में उतारा गया। रहमान ने कहा, विमान के कार्गो होल्ड में धुएं का पता चलने के बाद कैप्टन ने आपात स्थिति की घोषणा की। विमान के चालक दल के सदस्य और यात्री उतर गए और उन्हें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन सेवाएं प्रदान की गईं और एक अन्य उड़ान से उन्हें रवाना किया गया।

## न्यूजीलैंड के तट पर नौका डूबने से चार लोगों की मौत

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के तट पर तूफानी मौसम के कारण एक नौका के डूबने से चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति लापता है। नौका में 10 लोग सवार थे। उत्तरी तट पर नॉर्थ केप में रविवार की रात हुए हादसे में पांच लोगों को बचाया गया है। सुबह हेलीकॉप्टर की मदद से दो शव पानी में से निकाले गए। तीसरा शव नौका द्वारा चलाए गए तलाश अभियान में बरामद हुआ। बचाए गए पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## सोना गिरावट के साथ 51,408 रुपए प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को सोने का वायदा भाव 39 रुपए की गिरावट के साथ 51,408 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सोने का अप्रैल आपूर्ति वाला अनुबंध का भाव 39 रुपए या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,408 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया।

## अमेरिका में नए बीए.2 उप स्वरूप के कारण कोविड-19 के मामलों में वृद्धि की आशंका: फाउची

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ एंथनी फाउची ने आगाह किया है कि कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के एक अत्यधिक संक्रामक उप-स्वरूप बीए.2 के कारण जल्द ही अमेरिका में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि हो सकती है। सीएनबीसी की खबर में रविवार को बताया गया है कि व्हाइट हाउस के मुख्य चिकित्सा सलाहकार फाउची ने कहा कि अमेरिका में सामने आने वाले नए मामलों में उप-स्वरूप से जुड़े लगभग 30 प्रतिशत मामले होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बीए.2 ओमीक्रोन की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक संक्रामक होता है, लेकिन यह अधिक गंभीर प्रतीत नहीं होता है।

## रूस ने रासायनिक संयंत्र पर की बमबारी: यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के महाअभियोजक ने कहा कि सूमी शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक रासायनिक संयंत्र पर भी रूसी गोला गिरा है। संयंत्र पर सोमवार की रात तीन बजे बम गिराया गया जिससे एक टैंक में रखी गई 50 टन अमोनिया गैस का स्राव होने लगा। महाअभियोजक ने बताया कि गैस पर काबू पाने में कई घंटे लग गए। उधर, रूसी सेना के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंकोव ने दावा किया कि गैस स्राव यूक्रेन की ओर से योजनबद्ध उकसावे की कार्वाई है।

## पाक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर बागी सांसदों को अयोग्य करार देने पर उसके विचार पूछे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नीत सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर पार्टी के बागी सांसदों को अयोग्य करार दिए जाने के संबंध में अदालत से संवैधानिक आधार पर उसका विचार जानना चाहा है। पीटीआई के करीब दो दर्जन सांसदों ने प्रधानमंत्री इमरान खान नीत सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान उनके खिलाफ वोट देने की धमकी दी थी। पाक के संविधान के अनुच्छेद 63-ए की व्याख्या प्रेसिडेंशियल रेफरेंस के लिए महाधिवक्ता खालिद जवान खान ने सोमवार को यह अर्जी दी। संविधान के अनुच्छेद 63-ए के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव और धन विधेयक (बजट) जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी नेता के निर्देशों के खिलाफ मतदान करने वाला सांसद अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। अनुच्छेद में यह स्पष्ट नहीं है कि इन्हें कितने वक्त के लिए अयोग्य करार दिया जा सकता है, प्रधानमंत्री इमरान खान ने बागियों को जीवन पर्यंत अयोग्य करार देने की धमकी दी है।

## रूस संकट को जलवायु को बर्बाद ना करने दें : संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

**बर्लिन।** रूस से जैविक ईंधन तेल, गैस और कोयले का आयात करने वाले देश फिलहाल उपलब्ध अन्य किसी भी विकल्प को अपना कर रूसी ईंधन पर अपनी निर्भरता कम या समाप्त करना चाहते हैं, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने चेताया कि यह कदम जलवायु परिवर्तन के जरिए दुनिया को बर्बाद करने वाला साबित होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं रूस से जैविक ईंधन के आयात को समाप्त करने के लिए उपरोक्त सभी रणनीतियां अपना रहीं हैं क्योंकि यूक्रेन पर रूस का हमला ग्लोबल वार्मिंग को खतरनाक स्तर से नीचे रखने की सभी आशाओं पर पानी फेर रहा है। साप्ताहिक पत्रिका इकोनॉमिस्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो संदेश में गुतारेस ने कहा, जैविक ईंधन की आपूर्ति में तत्काल आने वाली भीषण कमी से देश इतनी बुरी तरह प्रभावित होंगे कि वे जैविक ईंधन के उपयोग में कमी करने की नीतियों को या तो नजरअंदाज कर देंगे या फिर उन्हें फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल देंगे।

## यूक्रेन ने मारियुपोल में समर्पण की रूस की मांग ठुकराई

**भाषा।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** ने मारियुपोल में नागरिकों के लिए सुरक्षित मानवीय गलियारे के बदले इस बंदरगाह शहर में सेना के हथियार डालने की रूस की मांग को ठुकरा दिया है। रूसी सेना ने मारियुपोल में यूक्रेन की सेना पर दबाव बनाने के लिए बमबारी तेज कर दी है और अन्य शहरों पर भी लगातार हमले किए जा रहे हैं। वहीं, यूक्रेन की राजधानी कीव में घनी आबादी वाले पोडिल जिले में रूसी सेना की गोलाबारी में एक शॉपिंग सेंटर ध्वस्त हो गया। हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए।

यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि सूमी शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक रासायनिक संयंत्र पर भी बमबारी हुई है। संयंत्र पर बमबारी से एक टैंक में रखी गई 50 टन अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा। अजोव सागर के पास स्थित दक्षिणी शहर मारियुपोल तीन सप्ताह से अधिक समय से रूसी सेना के भीषण हमलों का सामना कर रहा है। मारियुपोल में हमले को यूक्रेन और पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने युद्ध अपराध करार दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश जारी कर बताया कि रूसी सेना ने एक कला विद्यालय पर बमबारी की। इस स्थान पर करीब 400 लोगों ने शरण ले रखी थी। जेलेंस्की ने कहा, वहां मौजूद लोग मलबे में दब गए हैं। हमें नहीं पता कि उनमें से कितने बच पाए हैं। लेकिन हम यह जरूर जानते हैं कि हम कला विद्यालय पर बम बरसाने वाले पायलट को निश्चित तौर पर मार गिराएंगे। रूसी कर्नल जनरल मिखाइल मिजिंत्सेव ने कहा था कि वह मारियुपोल से प्रस्थान के लिए दो निकासी गलियारा बनाने की अनुमति देंगे, जिनमें से एक पूर्व में रूस की तरफ तो दूसरा पश्चिम में यूक्रेन के अन्य हिस्सों की ओर जाएगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की खबर के अनुसार, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन नहीं माना तो मारियुपोल के अधिकारियों को एक सैन्य न्यायाधिकरण का सामना करना पड़ सकता है। रूसी सेना ने एक कला विद्यालय पर बमबारी करने के कुछ घंटे बाद गलियारा खोलने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, यूक्रेन ने रूस के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

# कच्चे तेल की कीमतों में उबाल से महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी, सेंसेक्स 571 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सके और मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स 571 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बैंक, पेट्रोलियम और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली तथा आईटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। रूस-यूक्रेन संकट के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बाजार को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 260 अंक से अधिक चढ़कर 58,127.95 तक चला गया था। हालांकि बाद में बैंक, पेट्रोलियम और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट से यह 634 अंक लुढ़ककर 57,229.08 के निचले स्तर तक आ गया। अंत में सेंसेक्स 571.44 अंक यानी 0.99 प्रतिशत टूटकर 57,292.49 पर बंद हुआ। सूचकांक इससे पहले, दो कारोबारी सत्रों में 2,000 अंक से अधिक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 169.45 अंक यानी 0.98 प्रतिशत टूटकर 17,117.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 17,353.35 और नीचे में 17,096.40 अंक तक गया था। पिछले दो कारोबारी सत्रों में इसमें 620 अंकों से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स के शेयरों में 2.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में पावर ग्रिड का शेयर रहा। इसके अलावा एशियन पेंट्स (2.85 प्रतिशत), अल्ट्राटेक सीमेंट (2.81 प्रतिशत), नेस्ले (2.49 प्रतिशत), कोटक बैंक (2.42 प्रतिशत) हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. (2.41 प्रतिशत) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज (2.32 प्रतिशत) के शेयर भी नुकसान में रहे। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 0.5 प्रतिशत, एचडीएफसी का एक प्रतिशत तथा आईसीआईसीआई बैंक का 1.3 प्रतिशत नीचे आए। इसके उलट सन फार्मास्युटिकल्स, एचडीएफसी बैंक, मारुति, टाइटन और एनटीपीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रूस-यूक्रेन के बीच तनाव में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं होने तथा खाड़ी क्षेत्र में अनिश्चितता से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई। इसके कारण घरेलू बाजार में हाल की मजबूती के बाद बिकवाली की गई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का बाजार में लौटना घरेलू शेयर बाजारों के लिए सकारात्मक है। लेकिन थोक ग्राहकों के लिए डीजल के दाम में बढ़ोतरी तथा मुद्रास्फीति दबाव का घरेलू बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव है।

### शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटा

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में फिर से वृद्धि और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट के साथ 76.10 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.08 पर खुला, फिर यह और गिरावट के साथ 76.10 पर आया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे की तेजी दर्शाता 75.84 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत बढ़कर 98.31 के स्तर पर आ गया।

## सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के कर्जदाताओं ने रिलायंस, एसीआरई की संयुक्त समाधान प्रक्रिया को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** कर्ज तले दबी टेक्सटाइल निर्माता सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के कर्जदाताओं ने दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत इस कंपनी के अधिग्रहण के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज (एसीआरई) की संयुक्त बोली को मंजूरी दे दी है। शेयर बाजारों को मिली जानकारी के अनुसार सिंटेक्स इंडस्ट्रीज की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसीआरई की संयुक्त समाधान योजना के पक्ष में आम सहमति से मतदान किया। इसमें बताया गया, समाधान योजना को मंजूरी के लिए ई-मतदान की प्रक्रिया 19 मार्च 2022 को पूरी हुई और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा एसीआरई की संयुक्त समाधान योजना को सीओसी के सभी सदस्यों ने मंजूरी दी। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज ने संयुक्त बोली की राशि का खुलासा नहीं किया है लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बोली की राशि लगभग 3,000 करोड़ रुपए है। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के समाधान पेशेवर को वेलस्पन समूह की फर्म ईजीगो टेक्सटाइल्स, जीएचसीएल और हिम्मतसिंगका वेंचर्स के साथ श्रीकांत हिम्मतसिंगका और दिनेश कुमार हिम्मतसिंगका की बोलियां भी मिली थी। कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पिछले वर्ष अप्रैल में शुरू हुई थी।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने पुणे टाउनशिप में इस वित्त वर्ष में अब तक 1,002 करोड़ रुपए के घर बेचे

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित टाउनशिप में चालू वित्त वर्ष में अब तक।,002 करोड़ रुपए के घर बेचे हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि पुणे के महालुंगे में टाउनशिप परियोजना रिवरहिल्स में चालू वित्त वर्ष में।,002 करोड़ रुपए की बिक्री हुई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में इस टाउनशिप परियोजना में।,550 से अधिक घर बेचे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public at large that M/s Vatika Limited has been accorded Environmental Clearance from State Environment Impact Assessment Authority, Haryana (Vide Letter No. SEIAA/HR/2014/1123; Dated 03/09/2014) for Group Housing Project at Sector-89A, Village Harsaru, District Gurgaon, Haryana.

**VATIKA LIMITED**
**Registered Office: 7th Floor, Vatika Triangle, Block-A, Sushant Lok-1, Gurgaon, Haryana- 122022**

## एलआईसी आईपीओ: सरकार ने सेबी के पास अद्यतन दस्तावेज दाखिल करवाए

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आईपीओ लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अद्यतन दस्तावेज दाखिल करवा दिए हैं, इन दस्तावेजों में दिसंबर तिमाही से जुड़ी जानकारी शामिल है। सेबी ने एलआईसी द्वारा 13 फरवरी, 2022 को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) को मंजूरी दे दी थी। इनमें सितंबर तक के वित्तीय नतीजों की जानकारी थी। दिसंबर के नतीजों के साथ एलआईसी के अद्यतन दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर दिए गए हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एलआईसी को 235 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ। अप्रैल से दिसंबर 2021 के बीच शुद्ध मुनाफा बढ़कर।,671.57 करोड़ रुपए हो गया। सरकार को एलआईसी के लगभग 31.6 करोड़ शेयरों या पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए आईपीओ के माध्यम से करीब 60,000 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद है।

## ट्रैक्टर उद्योग में नए उत्सर्जन मानकों से उथल-पुथल की आशंका नहीं : इक्रा

**नई दिल्ली।** ट्रैक्टर उद्योग में नए उत्सर्जन मानकों में बदलाव से क्षेत्र में अधिक उथल-पुथल आने की आशंका नहीं है। इसका कारण यह उन्हीं वाहनों में लागू होगा, जिनकी इंजन क्षमता 50 एचपी (अश्व शक्ति) से अधिक है। नई व्यवस्था से उद्योग की कुल 10 प्रतिशत संख्या पर ही असर पड़ेगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल, 2022 से 50 एचपी से अधिक क्षमता के इंजन वाले ट्रैक्टरों के लिए नए उत्सर्जन मानक (टीआरईएम 4) लागू होंगे। उद्योग का एक बड़ा हिस्सा 50 एचपी से कम क्षमता के इंजन युक्त ट्रैक्टरों का है और इन पर टीआरईएम-3 ए मानक पहले की तरह बने रहेंगे।

इक्रा ने एक बयान में कहा कि टीआरईएम-तीन-ए उत्सर्जन मानक विभिन्न अश्व शक्ति के ट्रैक्टरों पर लागू हैं। इसे अप्रैल 2010।2011 में लागू किया गया था। इक्रा के उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रमुख (कंपनी रेटिंग) रोहन कंवर गुप्ता ने कहा, ...भारत में लगभग 80 प्रतिशत ट्रैक्टर बिक्री 30-50 एचपी श्रेणियों के अंतर्गत है। संशोधित उत्सर्जन मानदंड केवल 50 एचपी से अधिक ट्रैक्टरों पर लागू होंगे। यह कुल उद्योग की मात्रा का लगभग 10 प्रतिशत ही है। चूंकि निर्यात मॉडल में इन मानदंडों का अनुपालन पहले से हो रहा है, अत: मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के पास तकनीकी जानकारी पहले से है। नए मानकों से ट्रैक्टरों की कीमतों पर पड़ने वाले असर के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, हमारे अनुमान के अनुसार, इनसे लागत में छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि होगी। ओईएम इसका भार धीरे-धीरे ग्राहकों पर डालेंगे। ट्रैक्टरों के लिए संशोधित उत्सर्जन मानदंड पहले अक्टूबर, 2020 से लागू किए जाने थे। हालांकि, इसे शुरू में एक साल के लिए और बाद में कोरोनो वायरस महामारी के मद्देनजर छह महीने के लिए टाल दिया गया था।

## कोरटेक इंटरनेशनल ने सेबी में दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** पाइपलाइन बिछाने के समाधान प्रदाता कंपनी कोरटेक इंटरनेशनल ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी आईपीओ के ज़रिए फंड्स जुटाना चाहती है जिसमें 350 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू और प्रमोटरों द्वारा 40 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी अपने फ्रेश इश्यू के ज़रिए जुटाई गयी शुद्ध आय का उपयोग डिबेंचर के मोचन, ऋण के भुगतान, नए उपकरणों की खरीद के लिए पूंजीगत खर्च, सहायक कंपनी में इक्विटी का निवेश, कंपनी की वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करना चाहती है। कोरटेक इंटरनेशनल भारत में पाइपलाइन बिछाने के समाधान प्रदान करने वाली एक अग्रणी कंपनी हैए उनके पोर्टफोलियो में हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन बिछाने के काम भी शामिल हैं।

## अर्थव्यवस्था किसी भी चुनौती से निपटने को लेकर बेहतर स्थिति में: आरबीआई गवर्नर



**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करेगा। अर्थव्यवस्था इस समय कच्चे तेल के दाम में उछाल और प्रमुख जिंसों की कीमतों में तेजी समेत विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में दास ने कहा कि मार्च, 2020 में महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था में अबतक 17 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डाली गई है। उन्होंने उद्योग को आश्वस्त किया कि आरबीआई यह सुनिश्चित करता रहेगा कि अर्थव्यवस्था में पर्याप्त नकदी हो। उन्होंने कहा कि पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16 प्रतिशत तथा सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) यानी फंसा कर्ज 6.5 के निचले स्तर पर होने के साथ बैंकों की स्थिति अब बेहतर है। दास ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद उच्च विदेशी मुद्रा भंडार और चालू खाते का घाटा निचले स्तर पर होने से अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। गवर्नर ने कहा, हम चालू खाते के घाटे (कैड) के वित्तपोषण के संदर्भ में किसी भी चुनौती से निपटने को लेकर संतोषजनक स्थिति में है। केंद्रीय बैंक इस मोर्चे पर किसी भी चुनौती से निपटने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**PUBLIC NOTICE**

**M/s Shiva Enterprises** a partnership firm having its office at Plot no 41-44, Village Toganpur, Sector 9, Dwarka, New Delhi, registered with the Registrar of Firms Delhi, vide a registered partnership deed with S. No. 0557 of 2011 on 8.12.2011. Hereby who are having any transactions with above said firm now and in further they should contact my clients **Mr. Ranbir Singh Sehrawat, Mr. Shiv Deo Singh & Mrs. Urmila**. The general public is hereby informed that **M/s Shiva Enterprises** is a partnership firm which was reconstituted on 07.12.2021 due to retirement of the partner. **(1) Mr Pankaj Sharma** by virtue of deed of retirement executed amongst themselves on 07.12.2021. The retiring partner unanimously agreed to leave the above mentioned property in favor of my clients i.e. the continuing partners **Mr. Ranbir Singh Sehrawat, Mr Shiv Deo Singh & Mrs Urmila** to hold the same absolutely forever together with the all rights, title, lien, easements, advantages and appurtenances etc., without any further claim and interference from them or by any person or persons under them for the corresponding eligible consideration received them. By this notice my clients. **Mr. Ranbir Singh Sehrawat, Mr Shiv Deo Singh & Mrs Urmila** informs the public in general that, they are the only partners of **M/s Shiva Enterprises**, if any one is having any query or objection of any kind, with regard to amendment in partnership firm and who are having any transactions with above said firm now and in further they should contact my clients **M/s Shiva Enterprises** a partnership firm having its office at Plot no 41-44, Village Toganpur, Sector 9, Dwarka, New Delhi.

**Partners :- Mr. Ranbir Singh Sehrawat, Mr Shiv Deo Singh & Mrs Urmila**

**Ramit Sehrawat - Advocate**
Chamber No. 854, Dwarka Court,
Lawyers Chamber Block, Sector 10
Dwarka , New Delhi

# विविध

## टाकटाइम

### जावेद जाफरी

*जिनकी नवीनतम फिल्म सूर्यवंशी जी सिनेमा पर प्रदर्शित हुई है, ने सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत के दौरान फिल्म में अक्षय कुमार के साथ काम करने के अपने तजुर्बे वअन्य बातों के अलावा अपने चरित्र के बारे में बात की कि उन्होंने इसके लिए कैसे तैयारी की*

# कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता



**■ सूर्यवंशी में अपने किरदार के बारे में बताएं**

फिल्म में मैं एक पुलिस अधिकारी हूं, जो पुलिस कर्म को अपना कर्तव्य मानता है, जिसने पुलिस के लिए अपनी जान समर्पित कर दी है। उसका कोई परिवार नहीं है। उसका काम ही उसके लिए सब कुछ है। वह खुद को सिर्फ एक पुलिस अधिकारी के रूप में सोचता है। वह बेहद अनुशासित और ईमानदार व्यक्ति है।

**■ अक्षय कुमार के साथ काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?**

मैंने अक्षय के साथ कई फिल्में की हैं। वह काफी अनुशासित अभिनेता हैं। उनमें पूरे जोश के साथ काम करने का जज्बा साफ झलक रहा है. अक्षय में सेंस ऑफ ह्यूमर है, जो कमाल का है। जमीनी होने के कारण यह बहुत जल्दी मेल खा जाता है। यही बात उन्हें बेहद खास बनाती है।

**■ आपने भूमिका के लिए कैसे तैयारी की?**

मैंने खुद को कभी भी अपने एक्शन-डेज से दूर नहीं किया है। यह मेरी पसंदीदा शैली है और इस तरह की रोमांचक परियोजनाओं पर काम करना हमेशा मजेदार होता है। हालांकि इस बार यह एक अनूठा अनुभव था।

**■ आपके अनुसार किसी भी फिल्म के सफल होने की सबसे जरूरी चीज क्या है?**

मुझे लगता है कि एक फिल्म के सफल होने के लिए जरूरी है कि दर्शक आपकी कहानी और व्यक्तित्व से जुड़ जाएं। चाहे आप कॉमेडी कर रहे हों, एक्शन रोमांस कर रहे हों या हॉरर, आपको दर्शकों को बांधे रखने की जरूरत है। इसके अलावा, पटकथा, कहानी या कथा, संवाद, कलाकारों के अभिनय जैसे कारकों का फिल्म की सफलता पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। मसला यह है कि कथा वाचन आपके दर्शकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

> कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, इसलिए आप जो कर रहे हैं उसमें शत-प्रतिशत दें, दुनिया की कोई ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। इसका उदाहरण एक युद्ध उपरांत की कहानी है जो एक योद्धा की तलवार बनाती है। अगर अकेले तलवार अच्छी नहीं है, तो सोचें कि युद्ध कैसे लड़ा जाएगा। अपनी कला को हमेशा पॉलिश न करें, इसे कभी न सजाएं। हार मत मानें, अभ्यास करते रहें।

**■ युवा पीढ़ी के लिए आपकी सफलता का मंत्र क्या है?**

कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, इसलिए आप जो कर रहे हैं उसमें शत-प्रतिशत दें, दुनिया की कोई ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। इसका उदाहरण एक युद्ध उपरांत की कहानी है जो एक योद्धा की तलवार बनाती है। अगर अकेले तलवार अच्छी नहीं है, तो सोचें कि युद्ध कैसे लड़ा जाएगा। अपनी कला को हमेशा पॉलिश न करें, इसे कभी न सजाएं। हार मत मानें, अभ्यास करते रहें।

**■ सूर्यवंशी का अब जी सिनेमा पर प्रीमियर हो रहा है, आपको कैसा लग रहा है?**

निर्बाध हंसी-मजाक के साथ अपने परिवार व दोस्तों से भरे कमरे में फिल्म देखने के अनुभव से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। टीवी एक ऐसा माध्यम है जो सभी को एक साथ लाता है, और मुझे खुशी है कि मेरे दिल के इतने करीब फिल्म सूर्यवंशी, जी सिनेमा के माध्यम से मेरे प्रशंसकों तक पहुंचेगी, जो एक मजबूत विरासत और व्यापक दर्शकों की पहुंच वाला चैनल है।

---

**यह कोई खोज नहीं है जिसमें हमारे जीवन संख्याओं की निर्विवाद शक्ति के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। डॉ नवनिधि वाधवा, जो अंक ज्योतिष के क्षेत्र में एक उभरती विभूति है, इस बारे में बात करती है कि कैसे उन्होंने हाल ही में शार्क टैंक इंडिया के शार्क, अमन गुप्ता की जन्म तिथि का पता लगाया**

# नया सुंदर है प्रबल

दुनिया में सबसे दिलचस्प और प्रेरक कहानियों में कई मोड़ और घुमाव आते हैं, और अंत में, इंसानी जोश की जीत होती है। और अगर कोई है जो इस कहानी को मूर्त रूप देता है, तो वह डॉ नवनेधि वाधवा हैं, जिनका जन्म और पालन-पोषण राजस्थान के एक छोटे से शहर सादुल शहर में हुआ है। वाधवा एनएलपी प्रमाणित माइंड परफॉर्मेंस एवं ट्रांसफॉर्मेशनल कोच, नामचीन न्यूमरोलॉजिस्ट और ग्राफोलॉजिस्ट, वास्तु सलाहकार और एनर्जी हीलर हैं।

हाल ही में, डॉ वाधवा ने अंक ज्योतिष से शार्क टैंक इंडिया के सबसे उत्साही शार्क, बोट लाइफस्टाइल के सह-संस्थापक, अमन गुप्ता की संख्या को डिकोड किया। गुप्ता की जन्मतिथि के साथ, उन्होंने भविष्यवाणी की कि वह एक अंतर्मुखी व्यक्ति है जो दूसरों को जोशीला बनाने के लिए समय लेता है। संख्याएं बताती हैं कि उनका व्यक्तित्व भावनाओं व बुद्धिमत्ता का मिश्रण है।

दूसरी ओर, गुप्ता का नाम कुल संख्या 6 तक है, जो हालांकि उनके लो शू ग्रिड से गायब है, यहां से बना है। उनका कुल व्यावसायिक उद्यम, बोट, संख्या 5 तक है, जो एक बहुत ही सक्रिय संख्या है यहां तक कि बच्चों के साथ भी जुड़ा हुआ है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड उस पर मुस्कुराता है और हमेशा उसके पक्ष में बहुत सी चीजें झुकाता है।

इसके अलावा, उन्हें सजना पसंद है, और अपने जीवन पर राज करने वाले नंबर 2 के साथ, उनका झुकाव फिल्मों की ओर है। कोई भी संख्या जो उनके ग्रिड में मौजूद नहीं है, ब्रह्मांड द्वारा किसी न किसी तरह से प्रतिपूर्ति की गई है। इस साल उनके जन्मदिन के बाद उनका पर्सनल नंबर 3 होगा। यह उनके लिए उनके व्यवसाय-विस्तार के द्वार खोलेगा।

डॉ वाधवा प्रत्येक इंसान की असीम क्षमता में विश्वास करती हैं। हालांकि, इस क्षमता तक पहुंचने और इसका उच्चतम उपयोग करने के लिए, व्यक्ति को जागरूक होना होगा, और जीवन के प्रसाद के प्रति सतर्क रहना होगा। और उसमें उनके काम का ममूल है और वास्तव में उनके जीवन की यात्रा भी। उनकी कहानी हर तरह से उतनी ही प्रेरणादायक है जितनी कि वह काम करती हैं। यह सरासर धैर्य और साहस की कहानी है। एक बच्चे के रूप में, वह बॉडी शेमिंग का शिकार हुई, और अपने वयस्क जीवन के दौरान भी अपनी उपस्थिति के लिए लगातार निर्णयों को सहन किया। इसके अतिरिक्त, भाषा की बाधाओं के कारण उनका उपहास किया गया था। ये बातें उन्होंने अपनी परेशानी के बारे में बताते हुए कहीं।

> गुप्ता की जन्मतिथि के साथ, उन्होंने भविष्यवाणी की कि वह एक अंतर्मुखी व्यक्ति है जो दूसरों को जोशीला बनाने के लिए समय लेता है।

डॉ वाधवा कहती हैं, "एक बच्चे के रूप में मुझ पर हमेशा दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरने का इतना दबाव होता था। मैं आत्म-जागरूक थी और मैंने अपने बारे में बहुत अच्छा महसूस नहीं किया। मैंने निर्णयों को ठीक करने की बहुत कोशिश की। लेकिन सच तो यह है कि मैंने नकारात्मकता को अपने अंदर समाहित कर लिया था। निर्णय मेरी आंतरिक आवाज बन गए थे।"

हालांकि, उनका आघात, सीमावर्ती डिस्लेक्सिक होने के कारण गहरा गया। इस स्थिति के बारे में जागरुकता की प्रचलित कमी का मतलब था कि उन्हें अपने शिक्षाविदों के जरिए भी शर्मिन्दगी और संघर्ष का सामना करना पड़ा। वह कहती हैं, "चूंकि मैंने पहले ही इतने फैसलों का सामना किया था, कि मैं अपने आप से खुश नहीं थी। मैंने जो कुछ भी किया, उसने मुझे कोई खुशी या संतुष्टि नहीं दी।"

वह अपने आस-पास की समस्त निराशा के नाटक में फंसी हुई थी, कि वह अपनी क्षमताओं व नेमतों को नोटिस नहीं कर पाती थी। ऐसी ही नेमतों में से एक था उनका तीव्र अंतर्ज्ञान। एक बच्चे के रूप में भी, वह आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी हुई थी, क्योंकि उनके सपनों में अक्सर टैरो कार्ड चमकते थे। लेकिन वह कभी नहीं जानती थी कि जीवन में बहुत बाद तक इसका क्या मतलब है। शादी के बाद, जब उन्होंने अपनी फैशन की पढ़ाई पूरी की, तो वह एक बेहद सफल पेशेवर बन गईं।

डॉ वाधवा हमें बताती हैं कि एक वयस्क के रूप में उनका जीवन कैसे प्रभावित हुआ। वह कहती हैं, "मेरा अपना फैशन स्टूडियो था और मेरे सभी ग्राहक, परिचित और प्रियजन, मुझे और मेरे काम को प्यार और सम्मान देते थे। लेकिन मुझे कितनी भी उपलब्धियां क्यों न मिलीं, मैं अभी भी भीतर से संघर्ष कर रही थी। किसी ने मुझे खुश नहीं किया।"

उन्होंने अपने भीतर देखने का फैसला किया और अंत में खुद से सही सवाल पूछने लगी। क्या वो सच में खुश थी? और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या होगा अगर उनका चट्टानी आधार बुनियादी स्तर से उसके जीवन का निर्माण करने का आधार हो पाए। इस प्रकार उसकी उपचार यात्रा शुरू हुई जिसके परिणामस्वरूप अंततः उनके जीवन का आमूल परिवर्तन हुआ। विविध आध्यात्मिक एवं उपचार के तौर-तरीके अपनाते हुए, उन्होंने अपने वास्तविक स्व के बारे में गहराई से जागरु कता हासिल करना शुरू कर दिया।



वाधवा ने एनएलपी, ध्यान और अभिव्यक्ति तकनीक, अंकशास्त्र, ग्राफोलॉजी, वास्तु, टैरो रीडिंग और एनर्जी हीलिंग में विशेषज्ञता हासिल की। उन्होंने न केवल अपने स्वास्थ्य, शक्ति और कल्याण को पुनर्जीवित किया, बल्कि एक स्थापित ध्यान व परिवर्तन कोच भी बन गई, जिसने दुनिया भर में कई लोगों का उनकी जीवन -यात्रा में मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रसिद्ध लेखक और सेलिब्रिटी कोच टोनी रॉबिंस और प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक और न्यूरो-भाषाई प्रोग्रामिंग (एनएलपी) के सह-संस्थापक रिचर्ड बैंडलर जैसे विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ प्रशिक्षण लिया है। आत्म-साक्षात्कार के अपने पथ पर, उन्होंने कई पुरस्कार जीते हैं और अपने कार्यक्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2019 में, उन्हें मिसेज यूनिवर्स एशिया क्वीन 2019 का ताज पहनाया गया। उन्हें टाइम्स पावर वुमन अवार्ड मिला और वह चालीस सबसे प्रभावशाली महिलाओं में से एक हैं। पिछले साल, उन्हें फोर्ब्स में प्रकाशित एक लेख में चित्रित किया गया था जिसमें उनकी परिवर्तन की यात्रा को व्याख्यायित किया गया था। उन्हें अपने काम के लिए इंडिया टुडे एक्सीलेंस इन हेल्थकेयर अवार्ड प्राप्त हुआ है। इतना ही काफी नहीं है। पिछले साल, उन्हें भाग्य बताने और ध्यान गुरु के रूप में उनके काम के लिए लोकमत लाइफस्टाइल अवार्ड, 2020 मिला। इस वर्ष उन्हें फेमिना पावर ब्रांड, 2021 नामित किया गया था। इस वर्ष उन्हें महाराष्ट्र के राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

डॉ वाधवा उदाहरण के जरिए नेतृत्व करना जारी रखती हैं और लोगों को अपनी उच्चतम क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। एनएलपी, ध्यान और अभिव्यक्ति तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता के जरिए, उन्होंने दुनिया भर के लोगों की उनके अचेतन की शक्ति तक पहुंचने, सचेत विकल्प चुनने और अपने जीवन की सर्वोत्तम उपलब्धियों को प्रकट करने में मदद की है।

---

## टेली कथा

### एक तूफान उमड़ रहा है

सोनी सब की नवीनतम पेशकश सब सतरंगी ने मौर्य परिवार की हृदयस्पर्शी विचित्रताओं और विविधताओं के साथ पहले ही लोकप्रियता हासिल करना शुरू कर दिया है। जय माता दी टेंट हाउस की स्थापना के बाद से, मन्नू (मोहित कुमार) लगातार परेशानियों का सामना कर रहा है और अपने मृदुभाषी स्वभाव के कारण दृढ़ विश्वास के साथ उन्हें हल करने का प्रयास कर रहा है।



लेकिन यह विश्वास (पुलकित बंगिया) को अच्छा नहीं लगता, जो मन्नू और गार्गी की बढ़ती दोस्ती को लेकर बेहद ईर्ष्या रखता है। उसकी असुरक्षा उसे गार्गी के लंबे समय से खोए हुए चचेरे भाई गजराज के बहाने मौर्य के घर में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करती है। सबसे स्नेही व्यक्ति होने के कारण मौर्य उसका खुले हाथों से स्वागत करते हैं।

### वागले की दुनिया के 300 एपिसोड



कुछ मौके जश्न मनाने लायक होते हैं, खासकर तब, जब भारतीय टेलीविजन का सबसे प्यारा परिवार, वागले की दुनिया 300 एपिसोड पूरे कर लेता है। इस पूरी यात्रा के दौरान, वागले की दुनिया विचारशील कहानियों को कैप्चर करने के लिए सुसंगत रही है, जो एक आम आदमी, उसके परिवार के रोजमर्रा जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है कि कैसे वे सबसे अनोखे ढंग से चुनौतियों का सामना करते हैं। आरके लक्ष्मण द्वारा बनाए गए 80 के दशक के सिटकॉम की आधुनिक प्रस्तुति के रूप में लॉन्च किया गया, यह शो दर्शकों के बीच अपनी जगह स्थापित करने में कामयाब रहा है।

### मजे करो, लेकिन सावधान रहो

सोनी सब के मैडम सर में हसीना मलिक की भूमिका निभा रही गुल्की जोशी कहती हैं, "होली रंगों का त्योहार है, और यह अपने साथ ढेर सारी मस्ती और उत्साह लेकर आता है। हर साल, मैं एक शानदार होली पार्टी करती हूं और अच्छा समय बिताती हूं। बचपन में, मैंने होली के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जैसे कि अजनबियों पर अंडे या रंगीन गुब्बारे फेंकना। खीर पूरी, आलू की सब्जी और अचार के बिना मेरी होली का खाना अधूरा है। हमें ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ये त्वचा पर कोमल होते हैं। मजे करो, लेकिन सावधान रहो।"



### दुर्भाग्य अंततः समाप्त



सोनी सब के शुभ लाभ - आपके घर में दर्शकों के सामने वैभव की मृत्यु हो गई और श्रेया (तनिषा मेहता) की ऋषभ (कृप सूरी) से शादी होने वाली है। लेकिन ये दोनों स्थितियां सविता (गीतांजलि टिकेकर) के विश्वास और मां लक्ष्मी के आशीर्वाद से बदल गयीं। अलक्ष्मी (छाववी पांडे) ने कितनी भी कोशिशें कीं, मगर सविता और श्रेया के विश्वास ने उनके परिवार को घटनाओं के इस अशुभ परिवर्तन से बचा लिया। श्रेया की जबरन शादी नहीं हो रही है, जिसने अलक्ष्मी को उसकी बुरी योजनाओं पर वापस ला दिया है, जिसका अर्थ यह भी है कि वह लक्ष्मी के खिलाफ हार रही है। तोशनीवाल के घर में लक्ष्मी नारायण पूजा के बाद, सविता और श्रेया एक छोटी लड़की से मिलते हैं जो उन्हें एक किताब देती है। जब वे इसे पढ़ते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि यह पद्म पुराण है जो अलक्ष्मी के लक्षणों का वर्णन करता है। श्रेया उनके सामने आने वाली हर दुर्घटना के बिंदुओं को जोड़ने लगती है।

### होली के अनोखे रंग और टीवी के संग



विदिशा श्रीवास्तव, जो एंड टीवी के भाभीजी घर पर हैं में अनीता भाभी के रूप में प्रवेश करेंगी, साझा करती हैं, "होली के अवसर पर, विभूति (आसिफशेख) और तिवारी (रोहिताश्व गौर) भाभीजी, अंगूरी (शुभंगी अत्रे) और अनीता के साथ होली खेलने का सपना देखते हैं। लेकिन अम्मा अंगूरी को बच्चा पाने के लिए छिछोरो वाली होली खेलने का सुझाव देती हैं। अंगूरी विभूति की मदद लेती है, लेकिन वह इसके असली कारण से अनजान है। दूसरी ओर, अनीता और तिवारी छिछोरो वाली होली खेलने के खिलाफ एक अभियान चलाते हैं। विभूति अनीता से कहता है कि वह लखीमपुर जा रहा है, और वह अंगूरी के साथ गंदी होली खेलने के लिए उत्साहित हो जाता है। वे आगे किसे निशाना बनाएंगे, और अंगूरी की गंदी होली खेलने की इच्छा पर विभूति की प्रतिक्रिया क्या होगी?" -एंड टीवी के बाल शिव से शिव्या पठानिया (देवी पार्वती) कहती हैं, "पार्वती महादेव से नाराज हैं, और इसलिए वह सब कुछ पीछे छोड़कर अमरनाथ गुफा में अंतर्ध्यान करने के लिए पहुंचती हैं। जब बाल शिव देखते हैं कि हमारी पार्वती परेशान है, तो वह उससे महादेव को खोजने में मदद करने का वादा करते हैं। नंदी उन्हें एक साथ देखकर खुश होते हैं और उन्हें होली मनाने के लिए काशी में आमंत्रित करते हैं। पार्वती का मानना है कि होली के बाद बाल शिव की याददाश्त ठीक हो जाएगी, लेकिन होता कुछ और है। अधिक जानने के लिए आपको इंतजार करना होगा और देखना होगा!" एंड टीवी के और भाई क्या चल रहा है के पवन सिंह (मिर्जा) बताते हैं, "संचालकों के रूप में अध्यक्ष का हिस्सा होने के नाते, मिश्रा (अम्बरीश बॉबी) और मिर्जा (पवन सिंह) को होली समारोह की योजना बनाने का काम सौंपा गया है।

# खिलाड़ियों ने पसीना बहाना शुरू किया

## ● दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी मैदान पर डटे



अभ्यास करते मुंबई के तिलक वर्मा

### ●मैचों के दौरान खिलाड़ियों की भूमिका पर बात कर रहे हैं : पंत

**भाषा।** मुंबई

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने सोमवार को कहा कि टीम प्रबंधन इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों के दौरान विभिन्न खिलाड़ियों की भूमिका पर बातचीत कर रहा है। आईपीएल 15 शनिवार से शुरू हो रहा है जिसमें पहला मैच गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम पर होगा। पंत दूसरी बार दिल्ली की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम का प्रत्एक सदस्य आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , फिलहाल हम नेट सत्र के दौरान नए खिलाड़ियों की जरूरतों को समझने की कोशिश कर रहे हैं। हम इस पर बात कर रहे हैं कि मैचों के दौरान सभी की भूमिका क्या होगी। किस तरह का टीम माहौल बनाया जाएगा। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की दिल्ली कैपिटल्स टीम ने कई नए खिलाड़ियों को चुना है। कप्तान पंत ने पहले अभ्यास सत्र में भाग लिया। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम करने के बारे में उन्होंने कहा , रिकी पोंटिंग से मिलना हमेशा खास होता है। जब भी मैं उनसे मिलता हूं तो लगता है कि परिवार के किसी सदस्य से मिल रहा हूं। वह हर खिलाड़ी में ऊर्जा भर देते हैं। हर कोई उनसे प्रेरणा लेता है और उन्हें सुनने को बेताब रहता है।

## एनसीए में रिहैब के दौरान कुछ नए शॉट पर काम किया : गिल

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल वैसे तो सारे क्लासिकल शॉट्स खेलने में माहिर हैं लेकिन चोट के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रहते हुए उन्होंने कुछ नए शॉट्स पर काम किया है और इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते समय वह इसकी बानगी पेश करने को बेताब हैं।

**प्रश्न : चार सत्र कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ खेलने के बाद गुजरात के लिए** खेलते हुए क्या बदलाव करने पड़े।

उत्तर : किसी टीम द्वारा रिटेन किया जाना खास है लेकिन मैने सामंजस्य को लेकर ज्यादा सोचा नहीं। अब मैं गुजरात टाइटंस टीम में हूं और यह नई टीम है। मेरे लिए यह बड़ी चुनौती होगी और आशु भाई (मुख्य कोच आशीष नेहरा) और गैरी कर्स्टन (मेंटोर) के साथ काम करने में मजा आएगा।



**प्रश्न : तीसरे सत्र में आपने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में खेला लेकिन जरूरत पड़ने पर क्या क्रम में बदलाव के लिए तैयार हैं।**

उत्तर : मैने आईपीएल कैरियर की शुरूआत केकेआर के लिए छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए की थी। पहले साल (2018) में मैने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की और 14 मैचों में शायद एक ही बार पारी की शुरूआत की। उस सत्र में एक बार चौथे नंबर पर उतरा था। दूसरे सत्र में मैने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की और तीसरे सत्र में पारी की शुरूआत की। मुझे

### ● आईपीएल में देखने को मिलेंगे : शुभमन

शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी पसंद है लेकिन टीम की जरूरत हुई तो किसी और क्रम पर भी खेलने को तैयार हूं।

**प्रश्न : क्या चोट के कारण मिले ब्रेक से बल्लेबाजी के किसी पहलू पर काम करने का मौका मिला।**

उत्तर : मैने एनसीए पर बल्लेबाजी पर काम किया। मुझे अपनी बल्लेबाजी पर काम करने का मौका मिला और मैने कुछ नए शॉट सीखे। मैने एनसीए के कोचों के साथ अपनी तकनीक पर काफी काम किया।

**प्रश्न : हम जिस शुभमन को जानते हैं , वह कॉपीबुक तकनीक पसंद करता है। क्या आईपीएल के इस सत्र में इसमें बदलाव देखने को मिलेगा या बल्लेबाजी की शास्त्रीय तकनीक पर ही अडिग रहने की कोई वजह है।**

उत्तर : कोई वजह नहीं है। मेरी ताकत गेंदबाज को सिर के ऊपर से मारने की है और मैं उसी पर अडिग रहना चाहता हूं। लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर मुझे हर शॉट खेलना आना चाहिए और कुछ खास विकेटों पर अपने शॉट खेलना मुश्किल होता है।

**प्रश्न : आपका कैरियर स्ट्राइक रेट 124 प्लस है जिसका आलोचकों ने जिक्र किया है। क्या इसमें बदलाव का अतिरिक्त दबाव है।**

उत्तर : मुझे लगता है कि आलोचना पर ध्यान नहीं देते हुए टीम की जरूरत पर फोकस करना चाहिए। मुझे हर परिस्थिति में खेलना आना चाहिए। अगर टीम को 160, 180 या 200 का स्ट्राइक रेट भी चाहिए होगा तो मुझे बनाना होगा। वहीं अगर 110 के स्ट्राइक रेट से खेलना है तो वह भी आना चाहिए।

## आंकड़े क्रिकेट यात्रा का हिस्सा, अंतिम लक्ष्य नहीं : अश्विन

**भाषा।** मुंबई



**भारत की तरफ** से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में हाल में दूसरे नंबर पर काबिज होने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह कभी आंकड़ों के पीछे नहीं भागते तथा निजी उपलब्धियों को यात्रा का हिस्सा मानते हैं, अंतिम लक्ष्य नहीं। अश्विन ने श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में 15.08 की औसत से 12 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने कपिल देव के 434 विकेट के आंकड़े को पीछे छोड़ा। उनके नाम पर अब 442 विकेट दर्ज हैं और विश्व में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अश्विन ने एक विज्ञप्ति में कहा, आंकड़े देखने में अच्छे लगते हैं और देखकर अच्छा लगता है कि आंकड़ों के मामले में मैंने क्या हासिल किया है। मैं जितना अधिक खेला, उतना मुझे लगा कि आंकड़े अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि आपकी यात्रा का हिस्सा हैं। पिछले दो तीन वर्षों में विशेषकर बहुत अच्छा लग रहा है। आस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीत, टी20 टीम में वापसी, यह वैसा ही अहसास था जब मैंने पहली बार टीम में जगह बनाई थी। यह 35 वर्षीय स्पिनर आगामी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलेगा जो इस लीग में उनकी पांचवीं फ्रेंचाइजी है। उन्होंने कहा कि इस टी20 टूर्नामेंट ने शुरू से उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद की। अश्विन ने कहा, आईपीएल एक मुश्किल टूर्नामेंट है। प्रत्एक सत्र में कई कारक होते हैं जिनका प्रभाव पड़ सकता है। आप इन्हें ओस, पिच, विरोधी टीम कुछ भी नाम दे सकते हैं जो अलग अलग तरह से प्रभाव डालते हैं। इससे इसके लिए तैयारी करना चुनौती होता है। आपको हर समय चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। व्यक्तिगत तौर पर हालांकि आईपीएल में खेलना मेरे लिए हमेशा रोमांचक रहा है। आईपीएल आपको प्रयोग करने का मौका देता है जिससे मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद मिलती है।

## रूसी रेसवॉकर डोपिंग के कारण प्रतिबंधित, ओलंपिक स्वर्ण छिना

**लंदन।** रूसी रेसवॉकर एलेना लाशमानोवा पर डोपिंग के आरोप में दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है और लंदन ओलंपिक में जीता स्वर्ण पदक भी उनसे छीन लिया गया है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को यह जानकारी दी। एलेना ने 2012 लंदन ओलंपिक में 20 किलोमीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले साल मॉस्को में विश्व चैम्पियनशिप में भी अव्वल रही थी। यह प्रतिबंध नौ मार्च 2021 को पिछली तारीख से लागू हुआ और 18 फरवरी 2012 से तीन जनवरी 2014 के बीच के उनके सारे नतीजे रद्द कर दिए गए है।

## रूषिल, श्रुति राष्ट्रीय जूनियर टेनिस टीमों की अगुवाई करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी रूषिल खोसला और श्रुति अहलावत डीएलटीए परिसर में होने वाले जूनियर डेविस कप और बिली जीन किंग कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। बिली जीन किंग कप चार अप्रैल से नौ अप्रैल तक चलेगा जबकि पांच दिवसीय डेविस कप 11 अप्रैल से शुरू होगा। श्रुति के साथ रिया सचदेवा और नियति कुकरेती टीम में है जबकि अर्चना वेंकटरमन कप्तान होंगी। एआईटीए की विज्ञप्ति के अनुसार , 28 मार्च से तीन अप्रैल तक आर के खन्ना टेनिस स्टेडियम पर अभ्यास शिविर लगाया जाएगा। रूषिल के साथ जूनियर डेविस कप टीम में देबाशीष साहू और वंश नंदन है जबकि साजिद लोदी कप्तान होंगे।

## सीजेआई ने सुप्रीमकोर्ट कर्मियों के खेल का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने सोमवार को यहां उच्चतम न्यायालय के कर्मचारियों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।एक अधिकारी ने बताया कि सीजेआई के अलावा महासचिव वी के बंसल, शीर्ष अदालत के कई रजिस्ट्रार और उच्चतम न्यायालय कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बी ए राव इस मौके पर मौजूद थे।

## आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के लिए मोदी ने मौरीसन को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड में चल रहे आईसीसी महिला विश्व कप में आस्ट्रेलियाई टीम के शानदार प्रदर्शन पर आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मौरीसन को बधाई दी। मोदी और मौरीसन ने वर्चुअल वार्ता में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर बात की जिसमें यूक्रेन पर रूस का हमला शामिल है। क्रिकेट विश्व कप में आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन पर आपको बहुत बधाई।

## सतनाम सिंह से भिड़ेंगे अमय नितिन

**नई दिल्ली।** अमय नितिन डब्ल्यूबीसी इंडिया फीदरवेट खिताब के लिए शुक्रवार को सतनाम सिंह से खेलेंगे तो रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनों मुक्केबाज प्रो सर्किट पर खुद को साबित कर चुके है। पुणे के अमय का 11 प्रो मुकाबलों में जीत हार का रिकॉर्ड 7. 4 का है। बैंक में सेल्स एक्सीक्यूटिव के तौर पर काम करने वाले अमय ने 2011 में अमैच्योर मुक्केबाजी से शुरूआत की थी।

## सिंधू, श्रीकांत करेंगे वापसी का प्रयास, सेन हटे

### ● स्विस ओपन आज से

**भाषा।** बासेल

**ऑल इंग्लैंड** चैंपियनशिप के उप विजेता लक्ष्य सेन की अनुपस्थिति में मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सभी की निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता किदांबी श्रीकांत पर टिकी रहेंगी। सेन ने लगातार दो सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम के बाद थकान के कारण स्विस ओपन से हटने का फैसला किया है।




सेन ने पिछले दो सप्ताह में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन शीर्ष खिलाड़ी सिंधु, श्रीकांत और साइना नेहवाल बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में भी नाकाम रहे। इस सप्ताह वे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेंगे। सिंधु और साइना जहां जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप दोनों में दूसरे दौर में हार गई थी, वहीं श्रीकांत जर्मन ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे थे। सिंधू को यहां दूसरी वरीयता दी गई है। वह पहले दौर में डेनमार्क की विश्व में 32वें नंबर की खिलाड़ी होजमार्क केजेर्सफेल्ट से भिड़ेंगी, जबकि साइना का सामना चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग झी ई होगा।

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद से अच्छी फॉर्म में दिख रहे श्रीकांत का सामना पुरुष एकल के पहले मैच में क्वालीफायर से होगा। तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत अपने शुरुआती मैच में हमवतन एचएस प्रणय से भिड़ेंगे, जबकि पारुपल्ली कश्यप क्वालीफायर के खिलाफ उतरेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप को पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली का सामना करना है।सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पुरुष युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गरगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। महिला युगल में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में थाईलैंड के जोंगकोलफान कितिथाराकुल और रविंदा प्राजोंगजाई की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेंगी। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का सामना स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और जेनजिरा स्टैडेलमैन से होगा। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो तथा वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन चुनौती पेश करेंगे।

### अब लक्ष्य पर रहेंगी सभी की नजरें, विविधता पर काम करना होगा : विमल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच और लक्ष्य सेन के मेंटोर विमल कुमार का मानना है कि आल इंग्लैड चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद अब इस युवा बैडमिंटन खिलाड़ी पर सभी की नजरें होंगी और उसे अपने खेल में विविधता पर काम करना होगा। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के छात्र रहे सेन पिछले छह महीने से शानदार फॉर्म में है। विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद उन्होंने जनवरी में इंडिया ओपन खिताब जीता और जर्मन ओपन तथा आल इंग्लैड चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे। विमल ने पीटीआई से कहा , मैं उसके तकनीकी कौशल से खुश हूं। उसमें काफी सुधार आया है।वह शांतचित्त होकर कठिन हालात में बेहतर खेलता है। उसके डिफेंस में भी सुधार है। खासकर विक्टर एक्सेलसेन और एंटोंसेन एंडर्स का उसने बखूबी सामना किया।

## सपाट पिच पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक और मैच ड्रा

**भाषा।** ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

**वेस्टइंडीज** और इंग्लैंड के बीच बारबाडोस में दूसरा टेस्ट क्रिकेट मैच भी ड्रा समाप्त हुआ जिससे अब श्रृंखला का फैसला ग्रेनाडा में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच पर निर्भर करेगा। इंग्लैंड ने रविवार को पांचवें और अंतिम दिन लंच तक खेलना जारी रखा और तभी अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 185 रन पर समाप्त घोषित करके वेस्टइंडीज के सामने 282 रन का लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज को 65 ओवर में यह लक्ष्य हासिल करना था। उसे लगभग चार रन प्रति ओवर बनाने थे लेकिन उसकी टीम ने दो रन प्रति ओवर की दर से ही रन बनाए और आखिर में पांच विकेट पर 135 रन बनाकर मैच ड्रा करवाया। पहली पारी में लगभग 12 घंटे तक बल्लेबाजी करके 160 रन बनाने वाले कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने दूसरी पारी में भी एक छोर संभाले रखा और वह 184 गेंदों पर 56 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 507 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 411 रन बनाए थे।

## बहरीन के खिलाफ मैत्री मैच के लिए भारतीय फुटबॉल टीम में सात नए चेहरे



**नई दिल्ली।** भारत ने इस महीने के आखिर में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैचों के लिए सोमवार को सात नए खिलाड़ियों को अपनी 25 सदस्ईय टीम में शामिल किया। भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच इगोर स्टिमक ने बहरीन में 23 और 26 मार्च को खेले जाने वाले दो मैचों के लिए प्रभशुखान गिल, होर्मिपम रुइवा, अनवर अली, रोशन सिंह, वीपी सुहैर, दानिश फारूक और अनिकेत यादव के रूप में नए चेहरों को टीम में शामिल किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बयान में स्टिमक ने कहा, हम बहरीन और बेलारूस से खेलेंगे जो हमसे बेहतर रैंकिंग वाली टीम हैं। लेकिन रैंकिंग जो भी हो, आपको मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना होता है। बहरीन में होने वाले इन मैचों से पता चलेगा कि हम किस स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, हम कुछ युवा खिलाडि़यों को मौका देंगे, जिन्होंने इस सत्र में आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे हमें यह पता चल सके कि हम जून में क्वालीफायर के लिए उनका कितना उपयोग कर सकते हैं।

## मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) की प्रतिद्वंद्वी टीम मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल ने रविवार को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां वे आमने सामने होंगी। सिटी ने क्वार्टर फाइनल में साउथम्पटन को 4-। से हराया तो लिवरपूल ने दूसरी श्रेणी की लीग में खेलने वाली टीम नॉटिंघम फॉरेस्ट को।-0 से पराजित किया। इसका मतलब होगा कि अगले महीने ए दोनों टीम एक सप्ताह के अंदर दो बार एक दूसरे से भिड़ेंगी। इन दोनों के बीच 10 अप्रैल को ईपीएल का मैच खेला जाएगा जबकि 16-17 अप्रैल के सप्ताहांत में एफए कप का सेमीफाइनल होगा। एफए कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेला जाएगा। क्रिस्टल पैलेस ने रविवार को एवर्टन को 4-0 से हराकर 2016 के बाद पहली बार अंतिम चार में जगह बनाई। चेल्सी ने शनिवार को मिडिलेसबोरोग को 2-0 से हराया था।

## मोनाको ने पीएसजी को 3-0 से हराया

**पेरिस।** चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रीयाल मैड्रिड से हार झेलने के बाद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में रविवार को मोनाको के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। मोनाको की तरफ से विसाम बेन एडेर ने दो गोल किए जबकि कई स्टार खिलाडि़यों से सजी पीएसजी की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। मोनाको की लीग। में पीएसजी के खिलाफ 1999 के बाद यह सबसे बड़ी जीत है। इस हार के बावजूद पीएसजी लीग। में अब भी 12 अंक की बढ़त से शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद मार्सेली का नंबर आता है जिसने एक अन्य मैच में नीस को 2-। से हराया। पीएसजी फ्रांसीसी लीग में सेंट एटिनी के 10 खिताब के रिकार्ड की बराबरी करने की कवायद में है।

## पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराकर हार का सिलसिला तोड़ा

**भाषा।** हैमिल्टन

**अनुभवी ऑफ** स्पिनर निदा दार की शानदार गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली की उपयोगी पारी से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को खराब मौसम से प्रभावित मैच में आठ विकेट से हराकर आईसीसी महिला विश्व कप में लगातार 18 हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। बारिश और आउटफील्ड गीली होने के कारण यह मैच 20-20 ओवर का कर दिया गया था। पाक ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसकी टीम सात विकेट पर 89 रन ही बना पाई। पाकिस्तान ने 18.5 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बनाकर अंकतालिका में अपना खाता खोला।

## भारतीय टीम को ढिलाई बरतने से बचना होगा

### ● बांग्लादेश से करो या मरो मैच आज

**भाषा।** हैमिल्टन

अब तक उतार चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। भारतीय टीम अभी तक निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसने पांच मैचों में दो मैच जीते हैं लेकिन उसे तीन मैचों में हार का सामना भी करना पड़ा। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दोनों मैचों में उसे हार झेलनी पड़ी थी। भारत की परेशानी यह है कि टीम इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। कभी बल्लेबाज चलते तो गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते और जब गेंदबाज उम्मीद जगाते हैं तब बल्लेबाज असफल हो जाते हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजों ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन गेंदबाज नहीं चले जिससे आस्ट्रेलियाई टीम ने 278 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल कर दिया था। उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम 134 रन पर आउट हो गई थी। भारत ने पिछले मैच में आलराउंडर दीप्ति शर्मा को बाहर करके शैफाली वर्मा को मौका दिया था लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ। बल्लेबाजी में शानदार लय हासिल करने वाली हरमनप्रीत कौर



का ऑफ स्पिनर के रूप में अभी तक उपयोग नहीं किया गया है। यह देखना होगा कि बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच के लिए शैफाली पर विश्वास बनाए रखा जाता है या यास्तिका भाटिया फिर स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करती हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच का सकारात्मक पहलू कप्तान मिताली राज का फिर से रन बनाना रहा। वह इससे पहले दो मैचों में नहीं चल पाई थी। मंधाना भी बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेगी। भारत अब ऐसी स्थिति में है कि वह बांग्लादेश को हल्के से लेने की गलती कतई नहीं कर सकता है और आलराउंडर स्नेह राणा भी ऐसा मानती हैं। स्नेह राणा ने कहा, माहौल सकारात्मक है। हार के बाद मनोबल टूट जाता है लेकिन हम कल के मैच से पहले अच्छी मानसिक स्थिति में हैं। हम जीत के लिए खेलेंगे, रन रेट उसके बाद आता है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश यहां तक अच्छे प्रदर्शन के दम पर पहुंचा है। वह लगातार सुधार कर रहा है। इस विश्व कप में कोई भी मैच आसान नहीं है।

## बार्सिलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का क्रम तोड़ने के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब की अपनी उम्मीदें भी जीवंत रखी। लियोनेल मेस्सी के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे बार्सिलोना को रीयाल मैड्रिड से लगातार पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यह 2019 के बाद रीयाल मैड्रिड के खिलाफ उसकी पहली जीत है। बार्सिलोना की जीत में पियरे एमरिक औबामेयांग ने दो जबकि रोनाल्ड आरुजो और फेरान टोरेस ने एक - एक गोल किया। इस जीत से बार्सिलोना लीग में शीर्ष पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से अब 12 अंक पीछे है। अभी नौ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना के चौथे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के बराबर अंक हैं। वह दूसरे स्थान की टीम सेविला से तीन अंक पीछे है जिसने रीयाल सोसिडाड के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रा खेला था।

## फ्रिट्ज ने नडाल का विजय रथ रोका

### ●जीता इंडियन वेल्स

**भाषा।** इंडियन वेल्स (अमेरिका)

टेलर फ्रिट्ज ने टखने की चोट के बावजूद राफेल नडाल का 20 मैच से चला आ रहा विजय अभियान रोककर रविवार को यहां इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। फ्रिट्ज पर चोट के कारण मैच से हटने का दबाव था।

उनके कोच ने उन्हें जोखिम नहीं लेने की सलाह दी थी लेकिन अमेरिका के इस खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और स्पेनिश दिग्गज नडाल को 6-3, 7-5 (6) से हराकर खिताब जीता। रिकार्ड 21



ग्रैंडस्लैम जीत चुके नडाल की यह इस साल में पहली हार है। वह इस बीच आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतकर नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर को पीछे छोड़कर सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बने थे। फ्रिट्ज सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। नडाल भी अस्वस्थ थे और उन्होंने फाइनल के दौरान दो बार मेडिकल टाइमआउट लिया था। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

## आस्ट्रेलिया के पांच विकेट पर 232 रन बने

### ● पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा टेस्ट

**भाषा।** लाहौर

**खराब क्षेत्ररक्षण से** उबरते हुए पाकिस्तान ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को पांच विकेट पर 232 रन पर रोक दिया और उस्मान ख्वाजा को लगातार दूसरा शतक भी नहीं जड़ने दिया। कराची में ड्रॉ रहे टेस्ट की टीम में एकमात्र बदलाव के रूप में शामिल किए गए तेज गेंदबाज नसीम शाह ने आखिरी सत्र में 36 रन देकर दो विकेट लिए। पहले दिन खराब रोशनी के कारण दो ओवर बाकी रहते खेल रोके जाने पर कैमरन ग्रीन 20 और एलेक्स कारी आठ रन बनाकर खेल रहे थे। कराची में 160 और 44 नाबाद और पहले टेस्टमें 97 रन बनाने वाले ख्वाजा 91 के स्कोर पर आउट हुए जब बाबर आजम ने स्लिप में एक हाथ से उनका शानदार कैच लपका। ख्वाजा ने करीब साढे पांच घंटे बल्लेबाजी करके 219 गेंदों का सामना किया। उनकी पारी का अंत स्पिनर साजिद खान ने किया। वहीं नसीम ने स्टीव स्मिथ (59) को पगबाधा आउट किया और ट्रेविस हेड (26) को भी पवेलियन भेजा।

## दिल्ली दीवास ने जीती 3बीएल महिला लीग

**चंडीगढ़।** पूर्व भारतीय कप्तान रसप्रीत सिद्धू की अगुवाई में दिल्ली दीवास ने सोमवार को यहां फाइनल में पिछले चैंपियन कोच्चि स्टार्स को 17-14 से हराकर 3बीएल महिला बास्केटबॉल लीग का खिताब जीता। दिल्ली और स्टीव रिक्सन की अगुवाई वाली कोच्चि के बीच फाइनल में कड़ा मुकाबला देखने को मिला और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था लेकिन आखिर में रसप्रीत का अनुभव उनकी प्रतिद्वंद्वी टीम पर भारी पड़ा। रसप्रीत को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली दीवास की टीम अब 16 और 17 अप्रैल को इंडोनेशिया के बाली में होने वाले पहले आसियान बास्केटबॉल लीग (एबीएल) 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।